36वीं वार्षिक रिपोर्ट

इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन

36वीं वार्षिक रिपोर्ट

इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन

आईटीपीओ का मुख्यालय, प्रगति भवन, नई दिल्ली

2012 13

विषय सूची

निदेशक मण्डल 6

मुख्य कार्यकारी 7

भारत में आई टी पी ओ के कार्यालय 11

अध्यक्ष का वक्तव्य 14

वार्षिक आम बैठक की सूचना 23

निदेशकों की रिपोर्ट 28

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियां 50

सचिवीय अनुपालन प्रमाण पत्र 61

लेखा 73

अनुषंगी कम्पनियां

(I) तमिलनाडु ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन 106

(II) कर्नाटक ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन 142

प्रगति मैदान, नई दिल्ली में चल रहे मेले का दृश्य

2012-13

36वीं वार्षिक रिपोर्ट

fun'kd e.My

Jherh jhrk euu
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

Jherh vfurk vfXugk=h
अपर सचिव और वित्तीय सलाहकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

Jh t-,l- nhid
अपर सचिव
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

Jh lh-d- feJk
संयुक्त सचिव
सूक्ष्म, लघु एवं
मझौले उद्यम मंत्रालय
(22.09.2013 तक)

Jh iHkkr dekj
संयुक्त सचिव
विदेश मंत्रालय

Jh ,l-,u- f=ikBh
संयुक्त सचिव
सूक्ष्म, लघु एवं
मझौले उद्यम मंत्रालय
(23.09.2013 से)

Jh vfHkthr ckl|
निदेशक

Jh ,l-,e- yk<k
निदेशक

Jh Mh-,l- jkor
निदेशक

Jh uhjt dekj xIrk
कार्यकारी निदेशक
(25.10.2012 तक)

श्री असित कुमार त्रिपाठी
कार्यकारी निदेशक
(23.01.2013 तक)

Jh ey; JhokLro
कार्यकारी निदेशक
(24.01.2013 से)

e[; dk;dkjh

श्री पी.सी. शर्मा
वरिष्ठ महाप्रबंधक

श्री बी.एल. मीणा
विशेष कार्याधिकारी

श्रीमती मीनाक्षी सिंह
विशेष कार्याधिकारी

श्री विक्रम सहगल
महाप्रबंधक

श्री दलेल सिंह
महाप्रबंधक

श्री एस. के. शर्मा
महाप्रबंधक

श्री अरुण चन्द्रा
महाप्रबंधक

श्री आर.के. सिंह
महाप्रबंधक

सुश्री वी. मीरा
महाप्रबंधक

श्री वाई.के. शर्मा
महाप्रबंधक

श्री एस.आर. साहू
कम्पनी सचिव

भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला 2012 में
महामहीम भारत के राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी का
स्वागत करते हुए, उनके बाईं ओर हैं– आईटीपीओ की
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्रीमती रीता मेनन

आईटीपीओ

2012 13

भारत में आईटीपीओ के कार्यालय

प्रगति मैदान में संचालित बहुव्यंजन फूड कोर्ट

भारत में आई टी पी ओ के कार्यालय

पंजीकृत एवं मुख्यालय

इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन
प्रगति भवन, प्रगति मैदान, नई दिल्ली-110001
फोन: 91.11.23371540 (ईपीएबीएक्स), फैक्स: 91-11-23371492/1493
ई-मेल: info@itpo.gov.in, वेबसाइट: www.indiatradefair.com
ट्रेड पोर्टल: www.tradeportalofindia.com

क्षेत्रीय कार्यालय

बंगलौर
24-ए, इम्पीरियल कोर्ट,
33/1, कनिंघम रोड,
बंगलौर-560052
फोन: 91-80-22268867, 22268969
फैक्स: 91-80-22258662
ई-मेल: itpoblr@vsnl.net.in

चेन्नई
राजा अन्नामलाई बिल्डिंग, द्वितीय तल,
72, रुक्मणी लक्ष्मीपति रोड,
एग्मोर,
चेन्नई-600008
फोन: 91-44-28554655/28587297/28415416/28524655
टेलीफैक्स: 91-44-28554740
ई-मेल: itpochn@md4.vsnl.net.in

कोलकाता
इन्टरनेशनल ट्रेड फेसिलिटेशन सेन्टर
पांचवां तल, 1/1, वुड स्ट्रीट,
कोलकाता-700016
फोन: 91-33-22825820, 22822904, 22828586
फैक्स: 91-33-22828269
ई-मेल: itpocal@cal3.vsnl.net.in

मुम्बई
7, कूपरेज रोड, तृतीय तल,
झांसी कैसल,
मुम्बई-400001
फोन: 91-22-22026629/22021788/22044918/22021730
फैक्स: 91-22-22044922
ई-मेल: itpomumbai@gmail.com/itpoby@rediffmail.com

प्रगति मैदान के एक थिएटर में संगीत सन्ध्या

आईटीपीओ

2012-13

अध्यक्ष का वक्तव्य

इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन

36वीं वार्षिक आम बैठक में अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक का वक्तव्य

देवियो और सज्जनो,

इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन की 36वीं वार्षिक आम बैठक में आपका स्वागत करते हुए मुझे आज बहुत खुशी हो रही है ।

वित्त वर्ष 2012-2013 के लिए निदेशकों का अपना प्रतिवेदन एवं परीक्षित लेखे तथा सांविधिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट और भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियां प्रस्तुत कर दी हैं । ये सभी आपको पहले ही परिचालित किये जा चुके हैं । आपकी अनुमति से मैं इन्हें पढ़ा हुआ मान लेती हूं।

आई टी पी ओ का वित्तीय कार्यनिष्पादन

मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि 31 मार्च 2013 को समाप्त वर्ष के लिए इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन के कार्य-निष्पादन के फलस्वरूप 152.29 करोड़ रुपये का अधिशेष प्राप्त हुआ जो वर्ष 2011-2012 में 183.03 करोड़ रुपये तथा 2010-11 में 70.87 करोड़ रुपये था । वर्ष 2012-13 के दौरान सकल आय 336.58 करोड़ रुपये हुई जबकि 2011-12 के दौरान यह 373.80 करोड़ रुपये तथा 2010-11 के दौरान 305.12 करोड़ रुपये थी क्योंकि चार प्रमुख मेलों एवं प्रदर्शनियों के आयोजन द्विवार्षिक/त्रिवार्षिक प्रकृति के थे जिनसे 2011-12 में 107.28 करोड़ रुपये के अधिशेष की प्राप्ति हुई तथा उनका आयोजन वर्ष 2012-13 में नहीं किया जाना था । यह कम्पनी, कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 25 के अन्तर्गत निगमित है, इसलिए कोई लाभांश देय नहीं है । व्यय से अधिक आय की 152.29 करोड़ रुपये की राशि कम्पनी के लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए आरक्षित निधि तथा अधिशेष खाते में डाल दी गयी है। इस वर्ष भी फिर से कम्पनी को भारत के नियंत्रक-महालेखा परीक्षक से शून्य टिप्पणियां प्राप्त हुई हैं जिससे इस बात की पुष्टि होती है कि कम्पनी श्रेष्ठ लेखा गणना तथा प्रकटन पद्धतियों के लिये प्रतिबद्ध है ।

विदेशों में आयोजित मेलो में भागीदारी

कम्पनी ने विश्व भर में भारत के व्यापार को बढ़ावा देने के अपने लक्ष्य को पूरा करने हेतु वर्ष 2012-13 के दौरान 22 विदेशी व्यापार मेलों में भारत की राष्ट्रीय भागीदारी आयोजित

की । इन 22 मेलों में से 8 मेले यूरोप में, छः अफ्रीका / पश्चिम एशिया एवं उत्तरी अफ्रीका में, चार उत्तर अमेरिकी मुक्त व्यापार संघ / लैटिन अमेरिकी देशों में तथा एक-एक मेला एशिया, सार्क, राष्ट्रकुल एवं स्वतंत्र राज्य संघ तथा आस्ट्रेलिया में आयोजित किए गए । इन कुल 22 मेलों में से 10 सामान्य मेले एवं 12 विशेषीकृत मेले थे । उपर्युक्त मेलों में शामिल कुछ मेले अफ्रीका के बिग सेवन, जोहांसबर्ग (दक्षिण अफ्रीका); समर फैन्सी फूड शो, वाशिंगटन (यूएसए); सियाल खाद्य पदार्थ मेला, पेरिस (फ्रांस); एशिया पैसीफिक चमड़ा मेला, (हांगकांग); एएफएल आरटीजियानो डी फिएरा-अन्तरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला, मिलान (इटली); राष्ट्रीय हार्डवेयर शो, लास वेगास; आपेक्स, लास वेगास; सऊदी एग्रो फूड, (रियाद); एसीएलई, शंघाई; सियाल, पेरिस; तथा मेडिका (जर्मनी) हैं । कम्पनी ने उपर्युक्त के अलावा ओसाका जापान में आयोजित किये जा रहे भारतीय परिधान मेला एवं भारतीय घरेलू फर्निशिंग मेला को क्रमश: 33 वीं एवं 23 वीं बार आयोजित किया । इन दोनों मेलों में 28.14 मिलियन अमेरिकी डालर मूल्य का व्यापार हुआ तथा इसे देखने के लिए 2057 व्यापारी दर्शक पधारे ।

भारत में आयोजित मेले

वित्त वर्ष के दौरान कम्पनी ने भारत में 10 राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय व्यापार मेले/प्रदर्शनियां आयोजित की । इन 10 मेलों में से 7 मेले दिल्ली में और 3 अन्य नगरों में आयोजित किए गये । वर्ष के दौरान प्रगति मैदान में आयोजित मेलों में दूसरा भारतीय अन्तरराष्ट्रीय चमड़ा मेला, 18वां दिल्ली पुस्तक मेला, 14वां स्टेशनरी मेला, 15वीं भारतीय अन्तरराष्ट्रीय सुरक्षा प्रदर्शनी, 32वां भारतीय अन्तरराष्ट्रीय व्यापार मेला, (आई आई टी एफ), नक्षत्र, 28वां आहार अन्तरराष्ट्रीय खाद्य पदार्थ एवं आतिथ्य मेला शामिल थे । अन्य नगरों में आयोजित शेष 3 मेले, 7वां आहार अन्तरराष्ट्रीय खाद्य पदार्थ मेला, चेन्नई, 28 वां भारतीय अन्तरराष्ट्रीय चमड़ा मेला, चेन्नई तथा अन्तरराष्ट्रीय चमड़ा सामान मेला, कोलकाता थे ।

प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित मेलों के मुख्य आकर्षण

दूसरे भारतीय अन्तरराष्ट्रीय चमड़ा मेले (आई आई एल एफ) दिल्ली में चीन, ताइवान, सिंगापुर एवं इटली जैसे देशों के 40 भागीदार आये । आई आई एल एफ दिल्ली, रिवा डेल गार्ड डेनमार्क, इटली द्वारा आयोजित दूसरे "एक्स्पो रिवा शूह इण्डिया" के साथ-साथ आयोजित किया गया जिसमें 92 विदेशी दर्शक 23 देशों से आये थे । ये विदेशी दर्शक आस्ट्रेलिया, बंगलादेश, बेल्जियम, चीन, फ्रांस, जर्मनी, हांगकांग, इटली, जापान, नेपाल, पोलैण्ड, ओमान, रूस, सऊदी अरब, सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, स्वीडन, ताईवान, नीदरलैण्ड, संयुक्त अरब अमीरात, यू.के. तथा यूएसए के थे ।

भारतीय प्रकाशक संघ के सहयोग से 18 वां दिल्ली पुस्तक मेला, 2012 तथा 14 वां स्टेशनरी मेला 2012 के साथ-साथ आयोजन किया गया जिसमें यू एस ए, यू.के, चीन एवं पाकिस्तान की कम्पनियों ने विदेशाी भागीदारी की । लगभग तीन लाख दर्शकों ने मेला देखा । प्रगति मैदान में गृह मंत्रालय के समर्थन से 15वीं भारतीय अन्तरराष्ट्रीय सुरक्षा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया । यह प्रदर्शनी बढ़ती धमकी की चुनौतियों तथा मंदी से अप्रभावित इस उद्योग में निरन्तर वृद्धि की संभावना के मद्देनजर सुरक्षा क्षेत्र में आधुनिकीकरण को प्रोत्साहित करने के सरकार के उद्देश्य के अनुरुप आयोजित की गयी थी ।

प्रगति मैदान में 14-27 नवम्बर 2012 तक 32वां भारतीय अन्तरराष्ट्रीय व्यापार मेला 2012 (आई आई टी एफ 2012) आयोजित किया गया । भारत के राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी ने मेले का उद्घाटन किया । माननीय वाणिज्य एवं उद्योग तथा कपड़ा मंत्री श्री आनन्द शर्मा मुख्य अतिथि थे । आई-आई टी एफ 2012 का थीम 'दक्षतापूर्ण भारत' था । उत्तराखण्ड 'साझेदार' राज्य तथा अण्डमान एवं निकोबार 'फोकस' राज्य थे । 26 देशों के 414 प्रदर्शकों सहित (392 ने अपने राष्ट्रीय मण्डपों तथा 22 ने स्वतंत्र रूप से भागीदारी की)

इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन

6 हजार से अधिक प्रदर्शकों ने इस मेले में अपने उत्पादों एवं सेवाओं का प्रदर्शन किया । मेले के साथ-साथ मेले के दौरान सामयिक रुचि के अनेक सेमिनार एवं सम्मेलन भी आयोजित किये गये। 45 देशों के 290 व्यापार प्रतिनिधि मंडलों सहित भारत एवं विदेश के 7181 व्यापारी दर्शकों के अलावा 15 लाख से अधिक आम दर्शक आई आई टी एफ 2012 देखने आये । दर्शकों में मीडिया कर्मियों के अलावा अग्रणी उद्योगपति, थोकविक्रेता, खुदरा विक्रेता, निर्यातक, आयातक, विदेशी व्यापार प्रतिनिधिमण्डल एवं क्रेता, विनिर्माता, आपूर्तिकर्त्ता, विपणन एवं डायरेक्ट सेलिंग कम्पनियां, सरकारी एजेंसियां, सेवा एंजेसियां, आम जनता, नौकरशाह एवं नीति-निर्माता शामिल थे । प्रदर्शकों एवं दर्शकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आधुनिक सुरक्षा पद्धति अपनायी गयी । लगभग 400 वाहनों के लिए पार्किंग क्षेत्र की विशाल क्षमता भी तैयार की गयी । इसके परिणामस्वरूप मथुरा रोड एवं भैरों मार्ग पर यातायात का प्रवाह सुगम रहा। किसी भी प्रकार की दुर्घटना का सामना करने के लिए सभी प्रदर्शनी हालों में आग बुझाने के आधुनिक उपकरण लगाए गये । बचाव संबंधी उपायों के रूप में मोबाइल कार्गो स्कैनर एवं फायर टैन्डर लगाये गये । एक स्वतंत्र एजेंसी द्वारा ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण कराया गया जिसमें यह बात सिद्ध हुई कि लगभग 90 प्रतिशत से अधिक प्रदर्शक आई आई टी एफ के अगले आयोजन में अपनी भागीदारी को दोहराना चाहते हैं ।

प्रगति मैदान में 8वां नक्षत्र मेला आयोजित किया गया । भारत के विभिन्न भागों से 84 प्रदर्शकों ने मेले में भागीदारी की तथा अनुमानतः 50 हजार दर्शक मेला देखने आये । मेले का थीम था 'तनाव मुक्त एवं खुशहाल जीवन कैसे हो' आई टी पी ओ ने प्रगति मैदान में आहार – खाद्य एवं आतिथ्य मेले की 28वीं कड़ी के अन्तर्गत ^QM bf.M;k* vkj ^gkfLiVfyVh bf.M;k* नामक दो प्रदर्शनियों का आयोजन साथ-साथ किया। यह आयोजन भी खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय और अन्य सहयोगियों के सहयोग से किया गया। इसमें 676 भागीदारों ने भाग लिया जिसमें से 50 भागीदार आस्ट्रिया, चीन, कनाड़ा, डेनमार्क, जर्मनी, इटली, इंडोनेशिया, कोरिया, रोमानिया, सिंगापुर, स्पेन, स्वीडन, तुर्की, थाइलैंड, मलेशिया, संयुक्त अरब अमीरात और यूएसए जैसे देशों से थे।

आई टी पी ओ ने पहली बार सारे देश की स्कूल विज्ञान परियोजनाओं की 'इंसपायर' नामक राष्ट्रीय प्रदर्शनी आयोजन करने के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के लिए आद्योपांत परियोजना का कार्यान्वयन किया। आई टी पी ओ ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से विभिन्न आयोजनों सहित इस प्रदर्शनी के लिए न केवल स्थान और सेवाओं की व्यवस्था की बल्कि इस प्रदर्शनी का सभी पहलुओं का पूरी तरह से प्रंबधन भी किया।

{k=h; Lrj ij vk;kftr eyk

आई टी पी ओ ने तमिलनाडु व्यापार संवर्धन संगठन और एम ओ एफ पी आई, एपेडा, एन एस आई सी सिहरा, आर्ची, आई एफ सी ए/एस आई सी ए और होट्रेमाई जैसे उद्योग संघों के सहयोग से चेन्नई व्यापार केन्द्र में सातवें आहार मेले– अन्तरराष्ट्रीय खाद्य मेला का आयोजन किया। 28 वां भारतीय अन्तरराष्ट्रीय चमड़ा मेला के चेन्नई व्यापार केन्द्र में सह-आयोजक केन्द्रीय चमड़ा अनुसंधान संस्थान, भारतीय जूता संघ, भारतीय संसाधित चमड़ा निर्माता एवं निर्यातक संघ, फुटवीयर डिजाइन ऐण्ड डेवलपमेन्ट इंस्टीट्यूट तथा इण्डियन फुटवीयर कम्पोनेन्ट्स मैन्यूफैक्चर्स एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित किया गया। इसमें 31 देशों के 2810 व्यापारी दर्शकों द्वारा भागीदारी की गयी । आईटीपीओ ने मिलन मेला परिसर, कोलकाता में चमड़ा निर्यात परिषद और भारतीय चमड़ा उत्पाद संघ के सहयोग से 18वें अन्तरराष्ट्रीय चमड़ा सामान मेले का आयोजन किया। इस मेले के आयोजन में पश्चिम बंगाल सरकार ने भी सहयोग दिया ।

आई टी पी ओ ने भारी उद्योग मंत्रालय एवं लोक उद्यमों के सहयोग से पहली बार आटो एन्सीलरी मेले का आयोजन

किया । इस मेले के आयोजन का उद्देश्य आटो कम्पोनेन्ट्स के उत्पादकों के लिए एक आदर्श मंच प्रदान करना एवं एसेम्बली प्रौद्योगिकी उन्नयन, टाईअप एवं उन विदेशी कम्पनियों के साथ संयुक्त उद्यम स्थापित करना था जो भारत में उत्पादन सुविधाएं स्थापित करने का इरादा रखती है ।

vU; 0;kikj lo/kZu dk;ZdykiZ ,oa FkMZ ikVhZ vk;kstu

प्रगति मैदान में विशेषीकृत एवं सामान्य व्यापार मेले–प्रदर्शनियां–सम्मेलनों और अन्य मेलों एवं गतिविधियों को आयोजित करने के लिए प्रदर्शनी हाल एवं सम्मेलन स्थल, सुविधाएं व्यापार एवं उद्योग–जगत के लिए उपलब्ध करायी गयी। उद्योग संघों, केन्द्रीय मंत्रालयों, निर्यात संवर्धन संगठनों और अन्य मेला आयोजकों द्वारा वर्ष 2012–13 के दौरान प्रगति मैदान में 74 थर्ड पार्टी मेले / प्रदर्शनियां आयोजित की गयी। इन बड़े प्रोफाइल मेलों में एसीटेक 2012, इण्डियन आसियान व्यापार मेला 2012, नई दिल्ली विशव पुस्तक मेला 2013, आई आई टी एफ 2012, विल्स लाइफ स्टाइल फैशन वीक ऐण्ड आटोमेकेनिका 2013 थे ।

Hkkoh nf"Vdks.k

वातानुकूलित हालों एवं गैर वातानुकूलित हालों का क्षमता उपयोग बढ़ाने के लक्ष्य के साथ ही एक प्रकार की डिसप्ले प्रोफाइल वाले दो आयोजनों के बीच में 15 दिन का अन्तर रखने की पहलें वाली नीति को समाप्त कर दिया गया है। अब इस प्रकार का कोई अनिवार्य अन्तर नहीं रखा जाता है। वर्ष 2013–14 के दौरान इस समय की स्थिति के अनुसार प्रगति मैदान में 60 मेलों/ प्रदर्शनियों के आयोजन का कार्यक्रम है। आई टी पी ओ व्यापार और वाणिज्य के क्षेत्रों में सदस्यता अथवा समझौता ज्ञापन जैसी सहयोगात्मक व्यवस्थाओं के जरिए अन्तरराष्ट्रीय संगठनों के साथ नेटवर्किंग कर रहा है । आई टी पी ओ एशियन व्यापार संवर्धन मंच (ए टी पी एफ) का संस्थापक सदस्य है तथा उसने 5–7 मार्च 2013 को आगरा में ए टी पी एफ में सदस्य व्यापार संवर्धन संगठनों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों की वार्षिक बैठक की मेजबानी की थी । इस 26 वीं वार्षिक बैठक में 22 देशों के सदस्य व्यापार संवर्धन संगठनों के 51 प्रतनिधिमंडलों ने भाग लिया था । इन पूर्ण सम्मेलनों में वैश्विक रूप से जुड़े बाजारों में व्यापार संवर्धन संगठनों की भूमिका के अन्तर्गत आने वाले मुद्दों पर भागीदारों के बीच सक्रिय विचार विमर्श हुआ । कम्पनी का प्रस्ताव है कि प्रगति मैदान को पुनर्विकसित करके चरणबद्ध ढंग से एक आधुनिकतम प्रदर्शनी एवं कन्वेंशन सेन्टर बना दिया जाये । कम्पनी के छवि निर्माण के अभ्यास के अंग के रूप में आई टी पी ओ द्वारा आयोजित मेले 2013–14 के दौरान ट्रेड मार्क रजिस्ट्रार के पास रजिस्टर्ड किये जायेंगे ।

सूचना प्रौद्योगिकी सम्बन्धी पहल

अर्जित अनुभव के आधार पर, वर्ष के दौरान कम्पनी की सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी क्षमताओं को और अधिक सुदढ़ किया गया जिसका उद्देश्य परिचालनात्मक उत्कृष्टता के लिये वेब एप्लीकेशन को उन्नत करना था । इसके अतिरिक्ति ई–गवर्नेंस कार्यकलाप कार्यान्वित किये गये जिसका उद्देश्य पारदर्शिता, परिशुद्धता और विश्वसनीयता बढ़ाना था । आई टी पी ओ द्वारा आयोजित आई आई टी एफ 2012, आहार अन्तरराष्ट्रीय मेला 2013, भारतीय अन्तरराष्ट्रीय चमड़ा मेला 2012 आदि प्रदर्शनियों के लिये संभावित प्रदर्शकों द्वारा स्थान की आन-लाइन बुकिंग जैसी बड़ी पहल की गयी । वर्ष के दौरान कम्पनी के सभी प्रमुख प्रदर्शनियों/ मेलों में व्यापारी दर्शकों के लिये इलैक्ट्रानिक सुविधाएं जैसे इंटरनैट, ई-मेलिंग, व्यापारी दर्शक रजिस्ट्रेशन प्रदान की गयी । विभिन्न मोबाइल प्लेटफार्मों और कम्पैटिबल मोबाइल वेबसाइटों - m.iitf.in इन पर भारतीय अन्तरराष्ट्रीय व्यापार मेला 2012 के विवरण दिखने के लिये एप्लीकेशन का सृजन किया गया । इस एप्लीकेशन में दर्शकों के लिये मेले, प्रदर्शकों, उत्पादों, फ्लोर प्लान, फैक्टशीट, सुविधाओं, आयोजनों से सम्बन्धित सूचना दी गई ।

इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन

कारपोरेट वेबसाइट को भी मूल्यवर्धित फीचर्स के जरिए अपग्रेड किया गया और उसे और अधिक प्रयोक्ता अनुकूल, नागरिक केन्द्रित और बेहतर एक्सेसेबिलिटी फीचर्स और परिवेश वाला बना दिया गया है । राष्ट्रीय सूचना केन्द्र (एन आई सी) द्वारा विकसित दस्तावेज प्रबन्धन सूचना प्रणाली को लागू कर दिया गया ताकि हमारे स्थानीय एरिया नेटवर्क पर फाइलों और नोट्स को ट्रैक किया जा सके । इसके अतिरिक्त रोबस्ट आन लाइन एकीकृत व्यापार साफ्टवेयर लागू करने की बड़ी पहलें भी की गयी हैं जिससे वाइड एरिया नैटवर्क पर सर्वोत्तम व्यापारिक कार्यप्रणालियों को एन्कैप्सुलेट कर दिया जायेगा ।

हिन्दी राजभाषा

आई टी पी ओ ने भारत सरकार की राजभाषा नीति का कार्यान्वयन जारी रखा । भारत सरकार के राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित विभिन्न क्षेत्रों के लक्ष्य प्राप्त करने के प्रयास किये गये । 22-24 सितम्बर 2012 को जोहान्सबर्ग (दक्षिण अफ्रीका) में हुए नौवें विश्व हिन्दी सम्मेलन में दो अधिकारियों ने आई टी पी ओ का प्रतिनिधित्व किया । आई टी पी ओ के दैनन्दिन फाइल के काम में हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन योजना भी लागू की गयी है।

अनुषंगी कम्पनी

चेन्नई और बंगलौर में आई टी पी ओ के दो क्षेत्रीय व्यापार केन्द्र हैं जो क्रमश: तमिलनाडु औद्योगिकी विकास निगम लि. तथा कर्नाटक औद्योगिक क्षेत्र विकास बोर्ड के संयुक्त उद्यम है । वर्ष 2012 -13 में चेन्नई व्यापार केन्द्र के प्रदर्शनी हालों में 100 प्रदर्शनियां लगायी गयी । इसके अतिरिक्त कन्वेंशन सेन्टर में 120 कार्यक्रम आयोजित किये गये ।

समझौता ज्ञापनों के अन्तर्गत कार्यानिष्पादन

वर्ष 2012-13 के लिए आई टी पी ओ तथा वाणिज्य विभाग के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के अन्तर्गत कार्यनिष्पादन के लेखा परीक्षित परिणामों के अनुसार आई टी पी ओ के कार्यनिष्पादन का 'उत्कृष्ट' ग्रेड प्राप्त हुआ है।

मानव संसाधन प्रबन्धन

मानव संसाधनों के विकास के लिये 50 कर्मचारियों को प्रलेखन और सिस्टम यूजिंग आई टी टूल्स के क्षेत्र में कौशल उन्नयन को बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया । दिल्ली अग्निशमन विभाग ने कम्पनी के सुरक्षा कर्मचारियों को अग्निशमन का उन्नत प्रशिक्षण दिया । केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने कम्पनी के सुरक्षा कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरणों और विस्फोटक डिटेक्टर आदि को हैंडल करने का विशेष प्रशिक्षण दिया ताकि उनके एक्सेस कन्ट्रोल में सुधार किया जा सके । इसके अतिरिक्त एक दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया ।

भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किये गये दिशा निर्देशों का अनुसूचित जातियों/ अनुसूचित जन जातियों/ अन्य पिछड़े वर्गों आदि के संबंध में नियुक्ति/ पदोन्नति में आरक्षण के लिये अनुपालन किया गया । वित्त वर्ष 2012-13 में कुल 14 नियुक्तियां की गई । 150 अधिकारियों को पदोन्नति दी गयी तथा प्रोत्साहन परक सुनिश्चित कैरियर प्रोग्रेशन योजना (आई ए सी पी एस) के अन्तर्गत 171 कर्मचारियों को व्यक्तिगत उन्नयन प्रदान किया गया ।

कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व

कम्पनी ने अपने कारपोरेट सामाजिक दायित्वों संबंधी कार्यकलापों के अन्तर्गत दिल्ली सरकार के समाज कल्याण विभाग की सहायता से विभिन्न रूप से विकलांग 745 व्यक्तियों को जिनको व्हीलचेयर या तिपहिया साइकिल और ब्रेलस्टिक और सलेट की आवश्यकता थी, प्रदान की गयी जो उन्होंने आर्टिफिशियल लिम्ब मैन्यूफैक्चरिंग कारपोरेशन आफ इण्डिया (एलिम्को) कानपुर से खरीदी थीं । इसके अलावा कम्पनी ने समाज कल्याण विभाग को चार एम्बुलेन्स उपलब्ध करायी । इस सम्बन्ध में कम्पनी सभी स्टेक धारियों के हित को ध्यान मे रखते हुए टिकाऊ विकास के लिये पहल कर रही है।

आई टी पी ओ कारपोरेट गवर्नेंस के मानकों के उच्चतम स्तर को प्राप्त करने का प्रयास करता है और इस समय लोक उद्यम विभाग के कारपोरेट गर्वनेंस संबंधी नवीनतम दिशा-निर्देशों का अनुपालन कर रहा है । इन दिशा-निर्देशों के अनुरूप लेखा परीक्षा समिति और पारिश्रमिक समिति का पुनर्गठन किया गया था । लोक उद्यम विभाग के दिशा निर्देशों और सिद्धातों के अनुसार बोर्ड समिति और लेखा परीक्षा समिति की बैठकें नियमित अंतराल पर की जा रही हैं । कारपोरेट गवर्नेंस के अनुपालन में कम्पनी अपने 'उत्कृष्ट' ग्रेड को बनाये हुए हैं।

आभार

मैं इस अवसर पर कम्पनी के सभी सदस्यों द्वारा उनके सतत और निर्बाध सहयोग और कम्पनी के प्रबन्धन में व्यक्त किये विश्वास के लिए उनका धन्यवाद करना चाहती हूं। मैं वाणिज्य विभाग का भी हार्दिक धन्यवाद करना चाहती हूं जिसने तहेदिल से और निरन्तर सहयोग प्रदान किया। मैं सहायता के लिए अन्य मंत्रालयों/दूतावासों और केन्द्र सरकार के अन्य कार्यालयों की भी आभारी हूं । आई टी पी ओ की ओर से, मैं सभी स्टेकधारियों से सहयोग और विगत की भांति और अधिक गुणवत्ता पूर्ण सेवाओं को जारी रखने के लिये आश्वासन की कामना करती हूं । मैं निदेशक मंडल के अपने सभी सहयोगियों, लेखापरीक्षकों तथा आई टी पी ओ के सभी कर्मचारियों का भी उनके अनुशासन, निष्ठा, प्रतिबद्धता और कर्मठता के लिये हार्दिक धन्यवाद करती हूं जिसके चलते कम्पनी अपने उत्कृष्ट कार्य निष्पादन को बनाये रख सकी । हमें विश्वास है कि इस सहयोग और विश्वास के साथ आई टी पी ओ भविष्य में आगे चल कर और अधिक कई उपलब्धियां तथा नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा ।

ह/-
रीता मेनन
अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक
इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 23 अक्तूबर 2013

गेट नं. – 1 पर नयाचार का दृश्य

आईटीपीओ

2012

13

वार्षिक आम बैठक की सूचना

आईआईटीएफ 2012 में थीम एरिया ''दक्षतापूर्ण भारत''

okf"'kd vke cBd dh lpuk

,rn}kjk lpuk nh tk jgh g fd bf.M;k VfM iek'ku vkxukbt'ku dh 36oh okf"'kd vke cBd fuEufyf[kr dk;okgh ijh dju d fy, bld itÑr dk;ky; & ixfr Hkou] ixfr enku] ubl fnYyh&110001 e cèkokj] 23 vDrcj 2013 dk nkigj 12-00 ct gkxh%&

lkekU; dk;okgh

1. 31 मार्च 2013 को समाप्त वर्ष के लिए लेखा परीक्षित तुलन–पत्र और कम्पनी का आय और व्यय विवरण तथा उस पर लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट तथा निदेशकों की रिपोर्ट एवं संलग्न सचिवीय अनुपालन रिपोर्ट प्राप्त करना, उस पर विचार करना और उनका अनुमोदन करना।

2. भारत के नियंत्रक एवं महा लेखा परीक्षक (सीऐण्डएजी) द्वारा नियुक्त कम्पनी के सांविधिक लेखा परीक्षक का पारिश्रमिक तय करना।

fun'kd e.My d vkn'k l
Ñr bf.M;k VfM iek'ku vkxukbt'ku

ह./–
,l-vkj- lkg
dEiuh lfpo

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक : 09.10.2013

इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन

fVIif.k;k

1- cBd e Hkkx yus vkj ernku djus d gdnkj dkbZ Hkh lnL; Lo;a d ctk; ernku d le; cBd e mifLFkr gkus vkj ernku djus d fy, fdlh nljs 0;fDr dks fu;Dr djus dk Hkh gdnkj g vkj ml 0;fDr dk dEiuh dk lnL; gkus dh t:jr ugh gA rFkkfi nljs 0;fDr ;k dks fu;Dr djus lcèkh foys[k cBd vkjEHk gkus l 48 ¼vM+rkyhl½ ?kV l igy dEiuh d i thÑr dk;ky; e tek djuk gkxkA

2. प्राक्सी फार्म इसके साथ संलग्न है।

fun'kd e.My d vkn'k l
bf.M;k VM iek'ku vkxukbt'ku

ह./–
, l-vkj- lkg
dEiuh lfpo

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 09.10.2013

bf.M;k VªM ieks'ku vkxukbts'ku
iath—r dk;kZy;%& ixfr Hkou] ixfr eSnku] ubZ fnYyh&110001

ikDlh QkeZ

मैं/हम .... जिले के .... उपर्युक्त कम्पनी का सदस्य होने के नाते एतदद्वारा .... जिले में .... को कम्पनी की .... को .... बजे पूर्वाह्न/अपराह्न कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में और उसके किसी भी स्थगन की स्थिति में मेरी/हमारी ओर से, हमारे स्थान पर मतदान देने के लिए नियुक्त करता हूं/करते हैं।

आज .... दिनांक .... 2013 को हस्ताक्षरित

यहां पर 15 पैंसे
का रसीदी टिकट
लगाएं

fVIi.kh% प्राक्सी फार्म को समुचित रूप से भरकर बैठक के समय से 48 घंटे से पूर्व प्रगति भवन, प्रगति मैदान, नई दिल्ली 110001 स्थित पंजीकृत कार्यालय में जमा कर दिया जाना चाहिए।

शाकुन्तलम् सम्मेलन केन्द्र

आईटीपीओ

2012-13

निदेशकों की रिपोर्ट

इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन

निदेशकों की रिपोर्ट

इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन (कम्पनी) का निदेशक मण्डल इस संगठन की 31 मार्च 2013 को समाप्त वित्तीय वर्ष की 36वीं वार्षिक रिपोर्ट एवं परीक्षित लेखा सहर्ष प्रस्तुत कर रहा है ।

1. वित्तीय विशेषताएं

वर्ष 2012-13 के दौरान इस आर्गनाइजेशन के कार्य-निष्पादन के फलस्वरूप 152.29 करोड़ रुपये का अधिशेष प्राप्त हुआ जो पिछले वर्ष 183.01 करोड़ रुपये था । सकल आय पिछले वर्ष के 373.80 करोड़ रुपये की तुलना में वर्तमान वर्ष के दौरान 336.58 करोड़ रुपये हुई क्योंकि चार प्रमुख मेलों एवं प्रदर्शनियों का आयोजन द्विवार्षिक/त्रिवार्षिक प्रकृति के थे जिनसे 107.28 करोड़ रुपये के अधिशेष की प्राप्ति हुई तथा उनका आयोजन वर्ष 2012-13 में नहीं किया गया था । वर्ष के दौरान, कम्पनी ने कुल व्यय 184.29 करोड़ रुपये किया जबकि गत वर्ष 190.77 करोड़ रुपये किया गया था ।

यह कम्पनी, कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 25 के अन्तर्गत पंजीकृत है, इसलिए कम्पनी पर लागू इस अनुच्छेद के अन्तर्गत उपयुक्त प्रावधानों के अनुसार कम्पनी कोई लाभांश घोषित नहीं करती है । अत: व्यय से अधिक आय अपने पास रखी गयी है और आरक्षित निधि तथा अधिशेष खाते में डाल दी गयी है।

2. निदेशक मण्डल

श्रीमती रीता मेनन को 3 जनवरी 2012 से आई टी पी ओ के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक नियुक्त किया गया था और इस समय भी इसी पद पर हैं । श्री नीरज कुमार गुप्ता 25 अक्तूबर 2012 को कम्पनी के कार्यकारी निदेशक के पद से मुक्त हो गए हैं । श्री असित कुमार त्रिपाठी ने 7 नवम्बर 2012 को कम्पनी के कार्यकारी निदेशक का पद संभाला और 23 जनवरी 2013 को कर्तव्य मुक्त हो गए । श्री मलय श्रीवास्तव ने 24 जनवरी 2013 को कम्पनी में कार्यकारी निदेशक का पद ग्रहण किया और अब भी पद पर हैं । कम्पनी बोर्ड के अन्य निदेशकों की अवधि इस प्रकार है :-

क्र. सं.	निदेशक का नाम	से	तक
1.	सुश्री अनीता अग्निहोत्री अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, नई दिल्ली	18.06.2012	जारी
2.	श्री जे. एस. दीपक अपर सचिव वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, नई दिल्ली	18.08.2010	जारी
3.	श्री सी. के. मिश्रा संयुक्त सचिव सूक्ष्म, लघु एवं मझौले उद्यम मंत्रालय नई दिल्ली	11.05.2012	जारी
4.	श्री प्रभात कुमार संयुक्त सचिव (ई एस ऐण्ड आई टी पी) विदेश मंत्रालय, नई दिल्ली	24.07.2012	जारी
5.	श्री एस.एम. लोढ़ा 72, पूमिमा, 63 ए, सर पोचखानवाला रोड, वर्ली, मुम्बई	12.01.2012	जारी
6.	श्री अभिजित बासु पूर्व रक्षा लेखाओं के भूतपूर्व अपर महानियंत्रक	12.01.2012	जारी
7.	श्री डी. एस. रावत महासचिव एसोचैम नई दिल्ली	12.01.2012	जारी

क्र. सं.	निदेशक का नाम	से	तक
8.	श्री अमरेन्द्र सिन्हा अपर सचिव, सूक्ष्म, लघु एवं मझौले उद्यम मंत्रालय, नई दिल्ली	30.11.2010	11.05.2012
9.	डा. राजन कटोच अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, नई दिल्ली	30.11.2010	18.06.2012
10.	सुश्री राधिका एल. लोकेश संयुक्त सचिव (आईटीपी) विदेश मंत्रालय, नई दिल्ली	07.07.2011	24.07.2012

3. समझौता ज्ञापन (एम ओ यू)

समझौता ज्ञापन 2013–14 पर हस्ताक्षर के अवसर पर आईटीपीओ की अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्रीमती रीता मेनन तथा वाणिज्य सचिव श्री एस.आर. राव

कम्पनी प्रत्येक वित्तीय वर्ष में अपने प्रशासनिक मंत्रालय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करती है । तदनुसार वर्ष 2013 –14 के लिए 20 मार्च 2013 को हस्ताक्षर किए गए ।

इस समझौता ज्ञापन का मुख्य आकर्षण वर्ष 2013–14 के दौरान 100.00 करोड़ रुपये का अधिशेष दिखाना है। समझौता ज्ञापन में अनुमोदन के लिए प्रगति मैदान में आधुनिक एवं स्टेट–आफ–दि–आर्ट समन्वित प्रदर्शनी एवं सम्मेलन केन्द्र के पुनर्विकास हेतु केन्द्रीय मन्त्री मण्डल को कम्पनी के निवेश प्रस्ताव प्रस्तुत करने की समय सीमा भी निर्धारित करना है।

समझौता ज्ञापन में शामिल अन्य उल्लेखनीय लक्ष्य वर्ष के दौरान कम्पनी के वरिष्ठ एवं अन्य कर्मचारियों को 850 मानव दिवस का प्रशिक्षण देना तथा बिजली एवं पानी की खपत क्रमश: 5 प्रतिशत एवं 10 प्रतिशत तक कम करने जैसे हैं ।

उपर्युक्त समझौता ज्ञापन के अलावा, कम्पनी ने अन्य संगठनों के साथ कई द्विपक्षीय समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। पहले समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर दोनों देशों के मध्य सम्बन्ध मजबूत करने और सम्बन्धित देशों के पारस्परिक हितों पर आधारित प्रदर्शनी आयोजित करने के क्षेत्र में सहयोग एवं सहयोग के उपाय विकसित करने के लिए 9 अप्रैल, 2012 को कतर के सामान्य पर्यटन प्राधिकरण के साथ समझौता किया गया ।

कम्पनी ने 26 जुलाई 2012 को मदुरै डिस्ट्रिक्स टिनी ऐण्ड स्माल स्केल इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन (मेडिटसिया) के साथ एक दूसरे समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जिसका लक्ष्य तमिलनाडु राज्य से निर्यात को बढ़ाना है। समझौता ज्ञापन में सेमिनारों, सम्मेलनों एवं कार्यशालाओं तथा व्यापार मेलों के आयोजन और अन्तरराष्ट्रीय प्रदर्शनियों में भागीदारी पर कम्पनी की सलाह पर बल दिया गया है । समझौता ज्ञापन में व्यापार मेलों के आयोजन में कम्पनी का सहयोग भी प्रदान किया गया है ।

इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन

कम्पनी ने प्रगति मैदान में भारतीय रत्न एवं आभूषण मेले के आयोजन में सहयोग करने के क्रम में रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद् (जी जे ई पी सी) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए । समझौता ज्ञापन के अन्तर्गत कम्पनी एवं जी जे ई पी अगले तीन वर्षों तक प्रदर्शनी आयोजित करने तथा इसे अन्तरराष्ट्रीय स्तर का मेला बनाने पर सहमत हुए ।

कम्पनी ने प्रगति मैदान में वार्षिक विश्व पुस्तक मेले के आयोजन में सहयोग करने के लिए 14 सितम्बर, 2012 को नेशनल बुक ट्रस्ट के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। विश्व पुस्तक मेला भारत में आयोजित होने वाले किताबों और प्रकाशनों के सबसे विशाल मेलों में से एक है ।

4. विदेशों में आयोजित मेले

कम्पनी ने वर्ष 2012-13 के दौरान 22 विदेशी व्यापार मेलों में भारत की राष्ट्रीय भागीदारी आयोजित की । इन 22 मेलों में से 8 मेले यूरोप में, छः अफ्रीका/पश्चिम एशिया एवं उत्तरी अफ्रीका में, चार उत्तर अमेरिकी मुक्त व्यापार संघ/लैटिन अमेरिकी देशों में और एक-एक मेला एशिया, सार्क एवं स्वतंत्र राज्य संघ तथा आस्ट्रेलिया में आयोजित किए गए । इन कुल 22 मेलों में से 10 सामान्य मेले एवं 12 विशेषीकृत मेले थे।

उपर्युक्त मेलों में शामिल कुछ मेले अफ्रीका बिग सेवन, जोहांसबर्ग (दक्षिण अफ्रीका); समर फेन्सी फूड शो, वाशिंगटन (यूएसए); सियाल खाद्य पदार्थ मेला, पेरिस (फ्रांस); एसिया पैसीफिक चमड़ा मेला, हॉंगकांग; एएफएल आरटी जियानो डी फिएरा-अन्तरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला मिलान (इटली); राष्ट्रीय हार्डवेयर शो, लास वेगास; एपेक्स, लास वेगास; सऊदी एग्रो फूड, रियाद; एसीएलई, शंघाई; सियाल पेरिस तथा मेडिका(जर्मनी) हैं ।

कम्पनी ने उपर्युक्त के अलावा लम्बे समय से ओसाका जापान में आयोजित किये जा रहे भारतीय परिधान मेला एवं भारतीय घरेलू फर्निशिंग मेलों को क्रमशः 33वीं एवं 23वीं बार आयोजित किया । इन दोनो मेलों में 28.14 मिलियन अमेरिकी डालर मूल्य का व्यापार हुआ तथा इसे देखने के लिए 2057 व्यापारी दर्शक पधारे ।

वर्ष 2013-14 के दौरान, कम्पनी 33 विदेशी व्यापार मेलों में भारत की राष्ट्र स्तरीय भागीदारी आयोजित करेगी। इन 33 मेलों में से 8 सामान्य मेले और 25 विशेषीकृत मेले हैं ।

5. विपणन विकास सहायता (एम डी ए) एवं बाजार अभिगमन प्रोत्साहन (एम ए आई) योजनाएं

चूंकि जो निर्यातक अन्य निर्यात संवर्धन परिषदों आदि के सदस्य हैं तथा वाणिज्य विभाग द्वारा अनुमोदित विदेशी मेलों में कम्पनी के माध्यम से भागीदारी कर रहे हैं, उन्हें एम डी ए योजना के अन्तर्गत अनुदान का निपटान हेतु वाणिज्य विभाग द्वारा कम्पनी के विपणन विकास सहायता (एम डी ए) गारंटी आर्गनाइजेशन नामित किया गया है। वर्ष 2012-13 के लिए वाणिज्य विभाग ने एम डी ए योजना के अन्तर्गत 5 विदेशी मेले अनुमोदित किये हैं तथा इसके लिए 30 लाख रुपये का अनुदान दिया है ।

वाणिज्य विभाग ने 9 विदेशी व्यापार मेलों के लिए 811.45 लाख रुपये मूल्य का अनुदान बाजार अधिगमन प्रोत्साहन (एम ए आई) के अन्तर्गत अनुमोदित किया है ।

6. भारत में आयोजित मेले

वर्ष 2012-13 के दौरान कम्पनी ने भारत में 10 राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय व्यापार मेले/प्रदर्शनियां आयोजित की । इन 10 मेलों में से 7 मेले दिल्ली में और 3 अन्य नगरों में आयोजित किए गये । वर्ष के दौरान प्रगति मैदान में आयोजित मेलों में दूसरा भारतीय चमड़ा अन्तरराष्ट्रीय मेला, 5-7 जुलाई 2012; 18वां दिल्ली पुस्तक मेला,

1-9 सितम्बर 2012; 14वां स्टेशनरी मेला, 1-9 सितम्बर 2012; 15वीं भारतीय अन्तरराष्ट्रीय सुरक्षा प्रदर्शनी, 13-16 सितम्बर 2012; 32वां भारतीय अन्तरराष्ट्रीय व्यापार मेला, 14-27 नवम्बर 2012; नक्षत्र, 2-10 फरवरी 2013; 28वां आहार अन्तरराष्ट्रीय खाद्य पदार्थ एवं आतिथ्य मेला, 14-18 मार्च 2013 शामिल थे । अन्य नगरों में आयोजित शेष 3 मेले 7वां आहार अन्तरराष्ट्रीय खाद्य पदार्थ मेला, 23-25 अगस्त, 2012 चेन्नई; 28 वां चमड़ा भारतीय अन्तरराष्ट्रीय मेला, 31जनवरी - 3 फरवरी 2013, चेन्नई तथा अन्तरराष्ट्रीय चमड़ा सामान मेला 15-17 मार्च 2013, कोलकाता थे ।

प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित मेले

दूसरे भारतीय अन्तरराष्ट्रीय चमड़ा मेले (आई आई एल एफ) दिल्ली, 5-7 जुलाई 2012 में चमड़ा उद्योग-परिष्कृत चमड़ा, सिंथेटिक सामग्री, जूते, संघटक, मशीनरी एवं उपकरण, रसायन, साफ्टवेयर एवं परामर्श सेवाएं, प्रकाशन आदि से संबंधित विविध कार्य उत्पादों और सेवाओं का बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किया गया । यह मेला कुल 3000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल पर लगाया गया था । इनमें चीन, ताइवान, सिंगापुर एवं इटली आदि देशों के 40 भागीदारों सहित 128 प्रदर्शकों ने भाग लिया । आई आई एल एफ दिल्ली का आयोजन रिवा डेल गार्डा डेनमार्क, इटली द्वारा आयोजित "एक्स्पो रिवा शूह इण्डिया" की दूसरी श्रृंखला के साथ-साथ आयोजित किया गया। इसमें लगभग 3489 व्यापारी दर्शक पधारे जिनमें से 92 विदेशी दर्शक 23 देशों से आये थे । विदेशी दर्शक आस्ट्रेलिया, बंगलादेश, बेल्जियम, चीन, फ्रांस, जर्मनी, हांगकांग, इटली, जापान, नेपाल, पोलैण्ड, ओमान, रूस, सऊदी अरब, सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, स्वीडन, ताईवान, नीदरलैण्ड, संयुक्त अरब अमीरात, यू.के. तथा यूएसए के थे । मेले में एस एस आई आर-केन्द्रीय चमड़ा अनुसंधान संस्थान (सी एल आर आई) एवं कम्पनी द्वारा संयुक्त रूप से "नई रंग बिरंगी दुनिया-प्रवृत्ति एवं प्रौद्योगिकी की झांकी" विषय पर थीम मण्डप स्थापित किया गया जिसमें उत्कृष्ट भारतीय उत्पाद तथा रंग, शैली एवं डिजाइन की भावी प्रवृत्तियों को दिखाया गया था। इस मेले के दौरान सी एल आर आई "न्यू ओरिएन्टेशन" नामक समाचार पत्र भी प्रकाशित किया गया ।

भारतीय अन्तरराष्ट्रीय चमड़ा मेला 2012

आई टी पी ओ ने 1-9 सितम्बर 2012 तक भारतीय प्रकाशक संघ के सहयोग से 18 वां दिल्ली पुस्तक मेला, 2012 तथा 14 वां स्टेशनरी मेला 2012 का साथ-साथ आयोजन किया गया जिसमें 5355 वर्ग मीटर क्षेत्र पर 230 प्रदर्शकों ने भाग लिया। दिल्ली के तत्कालीन माननीय राज्यपाल श्री तेजेन्द्र खन्ना ने पुस्तक मेले का उद्घाटन किया । इस मेले में

पुस्तक मेला 2012

इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन

स्टेशनरी मेला 2012

यू एस ए, यू.के, चीन एवं पाकिस्तान की कम्पनियों ने विदेशी भागीदारी की। लगभग 3 लाख दर्शकों ने मेला देखा। इस वर्ष मेले का थीम **"ई बुक्स"** था।

कम्पनी ने 13-16 सितम्बर 2012 तक प्रगति मैदान में 15वीं भारतीय अन्तरराष्ट्रीय सुरक्षा प्रदर्शनी का आयोजन किया। इसके आयोजन में गृह मंत्रालय ने सहयोग दिया। यह प्रर्दशनी बढ़ती धमकी की चुनौतियों तथा मंदी से अप्रभावित उद्योग निरन्तर वृद्धि की संभावना के मद्देनजर सुरक्षा क्षेत्र में बढ़ते आधुनिकीकरण के सरकार के उद्देश्य के अनुरुप आयोजित की गयी थी क्योंकि लोगों के जीवन एवं सम्पत्ति की सुरक्षा उनके स्वास्थ्य पर आश्रित है । इस प्रदर्शनी में वाटर डील के अन्तर्गत 2 एवं सहआयोजकों के 14 संघटकों सहित 67 कम्पनियों ने भाग लिया । प्रदर्शनी में आर एफ आई

भारतीय अन्तरराष्ट्रीय सुरक्षा प्रदर्शनी 2012

डी, होमलैण्ड सिक्यूरिटी, एक्सेस कंट्रोल सिस्टम, पैरीमीटर प्रोटेक्सन डिवाइस, निगरानी उपकरण, वर्गलर अलार्म सिस्टम, विमानन सुरक्षा, आपदा प्रवंधन एवं एन बी सी डब्ल्यू बचाव उपकरण, बैंक एवं अस्पताल सुरक्षा उपकरण, सूचना सुरक्षा उपकरण, फोरेन्सिक साइंस प्रयोगशाला उपकरण, फायर अलार्म एवं अग्निबचाव उपकरण, रेडियो संचार सिस्टम, ट्राफिक मानेटरिंग एवं प्रबंधन सिस्टम, काउन्टर टेरीरिजम उपकरण, विद्रोही एवं नक्सलवादी रोधी उपकरण, प्लास्टिक एवं ब्लास्ट प्रोटेक्शन गियर, बुलेटप्रूफ जैकेट आदि पर प्रकाश डाला गया था ।

प्रदर्शनी में भारत एवं विदेश के व्यापारी दर्शकों सहित 3920 से अधिक दर्शक पधारे । दर्शकों में केन्द्रीय एवं अर्ध सैनिक बलों के हाईप्रोफाइल क्रेता, राज्य पुलिस बल, व्यापार एवं उद्योग क्षेत्र के संस्थागत क्रेता तथा सरकार के नीति-निर्माता शामिल थे । बेलजियम, न्यूजीलैण्ड, यू के, दक्षिण अफ्रीका, नाइजीरिया, स्विटजरलैण्ड, कनाडा, रूस, सिंगापुर, यूएसए, नीदरलैण्ड, जर्मनी, पाकिस्तान और दुबई से विदेशी दर्शक पधारे । प्रदर्शनी के दौरान सामुहिक रुचि के अनेक सेमीनार भी आयोजित किये गये ।

प्रगति मैदान में 14-27 नवम्बर 2012 तक 32वां भारतीय अन्तरराष्ट्रीय व्यापार मेला 2012 (आई आई टी एफ 2012) आयोजित किया गया । भारत के राष्ट्रपति श्री प्रणव मुखर्जी ने मेले का उद्घाटन किया । माननीय वाणिज्य एवं उद्योग तथा कपड़ा मंत्री श्री आनन्द शर्मा मुख्य अतिथि थे। आई आई टी एफ 2012 का थीम **दक्षता पूर्ण भारत** था । उत्तराखण्ड **"साझेदार राज्य"** तथा अण्डमान एवं निकोबार **"फोकस राज्य"** थे ।

मेले को व्यापारोन्मुखी स्वरूप प्रदान करने के लिए मेले के पहले 5 दिन अर्थात 14-18 नवम्बर 2012 तक प्रवेश केवल व्यापारी दर्शकों के लिए आरक्षित किया गया था ।

26 देशों की 414 प्रदर्शकों सहित (392 ने अपने राष्ट्रीय मण्डपों तथा 22 ने स्वतंत्र रूप से भागीदारी की) 6 हजार से अधिक प्रदर्शकों ने इस मेले में अपने उत्पादों एवं सेवाओं का प्रदर्शन किया ।

मेले के साथ-साथ मेले के दौरान सामुहिक रुचि के अनेक सेमीनार एवं सम्मेलन भी आयोजित किये गये।

45 देशों के 290 व्यापार प्रतिनिधि मंडलों सहित भारत एवं विदेश के 7181 व्यापारी दर्शकों के अलावा 15 लाख से अधिक आम दर्शक आई आई टी एफ देखने आये । दर्शकों में मीडियाकर्मियों के अलावा अग्रणीय उद्योगपति, थोकविक्रेता, खुदरा विक्रेता, निर्यातक, आयातक, विदेशी व्यापार प्रतिनिधिमण्डल एवं क्रेता, विनिर्माता, आपूर्तिकर्त्ता, विपणन एवं डायरेक्ट सेलिंग कम्पनियां, सरकारी एजेंसियां, सेवा एंजेसियों, आम जनता, नौकरशाह एवं नीति-निर्माता शामिल थे ।

प्रदर्शकों एवं दर्शकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आधुनिक सुरक्षा पद्धति अपनायी गयी । दर्शक लाउंज गेट नं.1 के पास स्थानातंरित किया गया । लगभग 400 वाहनों के लिए पार्किंग क्षेत्र की विशाल क्षमता भी तैयार की गयी । इसके परिणामस्वरूप मथुरा रोड एवं भैरों मार्ग पर यातायात का प्रभाव सुगम रहा ।

किसी भी प्रकार की दुर्घटना का सामना करने के लिए सभी प्रदर्शनी हालों में आधुनिक आग बुझाने के उपकरण लगाए गये । बचाव संबंधी उपायों के रूप में मोबाइल कार्गो स्कैनर एवं फायर टेन्डर लगाये गये ।

एक स्वतंत्र एंजेंसी द्वारा ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण कराया गया जिसमें यह बात सिद्ध हुई थी कि लगभग 90 प्रतिशत से अधिक प्रदर्शक आई आई टी एफ के अगले आयोजन में अपनी भागीदारी को दोहराना चाहते हैं ।

प्रगति मैदान में 2-10 फरवरी 2013 तक 8वां नक्षत्र मेला आयोजित किया गया । भारत के 84 प्रदर्शकों ने मेले में भागीदारी की तथा अनुमानत: 50 हजार दर्शक मेला देखने आये । मेले का थीम **'तनाव मुक्त एवं खुशहाल जीवन कैसे हो'** रखा गया । थीम विषय से संबंधित अनेक सेमीनार भी आयोजित किये गये ।

आई टी पी ओ ने 14-18 मार्च 2013 के दौरान प्रगति मैदान में आहार- अन्तरराष्टीय खाद्य एवं आतिथ्य मेले की 28वीं कड़ी के अन्तर्गत **'फूड इण्डिया' और 'हास्पिटेलिटी इण्डिया'** नामक दो प्रदर्शनियों का आयोजन साथ-साथ किया। विगत वर्षों की भांति यह आयोजन भी खाद्य

नक्षत्र मेला 2012

प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय और अन्य सहयोगियों के सहयोग से किया गया। इस मेले का उद्घाटन कृषि एवं उद्योग खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री माननीय डॉ0 चरणदास महंत ने किया। प्रदर्शित उत्पादों में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ, खाद्य प्रसंस्करण मशीनरी और उपकरण, पैकिजिंग व मिलिंग उपकरण, मुर्गी पालन, डेयरी और कंफैक्शनरी उपकरण, वातानुकूलन, रेफ्रिजेशन, शीत भण्डारण सिस्टम तथा वायु व जल प्रदूषण नियंत्रण उपकरण, लॉण्ड्री, आन्तरिक और घर की देखभाल संबंधी उपकरण, होटल और रसोई उपकरण, स्वास्थ्य और फिटनेस उपकरण एवं परामर्शदायी सेवाएं शामिल थे। पाककला शो पर विशेष जोर दिया गया। मेले का उद्दिष्ट विषय था- 'टेंसेबिलिटी-एन इसेंस आफ फूड प्रोडक्टस'। इसमें 676 भागीदारों ने भाग लिया जिसमें से 50 भागीदार आस्ट्रिया, चीन, कनाड़ा, डेनमार्क, जर्मनी, इटली, इंडोनेशिया, कोरिया, रोमानिया, सिंगापुर, स्पेन, स्वीडन, तुर्की, थाइलैंड, मलेशिया, संयुक्त अरब अमीरात और यूएसए जैसे देशों से थे। यह मेला 41,666.84 वर्ग मी. से अधिक क्षेत्र में लगा।

इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन

आहार मेला 2012

आई टी पी ओ ने पहली बार सारे देश की स्कूल विज्ञान परियोजनाओं की 'इंसपायर' नामक राष्ट्रीय प्रदर्शनी आयोजन करने के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के लिए आद्योपांत परियोजना का कार्यान्वयन किया। आई टी पी ओ ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से विभिन्न आयोजनों सहित इस प्रदर्शनी के लिए न केवल स्थान और सेवाओं की व्यवस्थाओं की बल्कि इस प्रदर्शनी के सभी पहलुओं की पूरी तरह से प्रंबधन भी किया।

दिल्ली से बाहर क्षेत्रीय स्तर पर आयोजित मेले

आई टी पी ओ ने तमिलनाडु व्यापार संवर्धन संगठन और एम ओ एफ टी आई, एपेडा, एन एस आइ सी, सिहरा, आर्ची, आई एफ सी ए/ एस आई सी ए और होट्रेमाई जैसे उद्योग संघों के सहयोग से चेन्नई व्यापार केन्द्र में 23-25 अगस्त 2012 के दौरान सातवें आहार मेले- अन्तरराष्ट्रीय खाद्य मेला 2012 का आयोजन किया। इस मेले में 119 भागीदारों ने भाग लिया और 4479 व्यापारी दर्शकों ने मेला देखा।

28 वां भारतीय अन्तरराष्ट्रीय चमड़ा मेला 31 जनवरी से 3 फरवरी 2013 तक चेन्नई व्यापार केन्द्र में सह-आयोजक केन्द्रीय चमड़ा अनुसंधान संस्थान, भारतीय जूता संघ, भारतीय संसाधित चमड़ा उत्पादन एवं निर्यातक संघ, फुटवीयर डिजाइन ऐण्ड डेवलपमेन्ट इंस्टीट्यूट तथा इण्डियन फुटवीयर कम्पोनेन्ट्स मैन्यूफैक्चर्स एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित किया गया। इस मेले का उद्घाटन माननीया केन्द्रीय वाणिज्य राज्य मंत्री डा0 (श्रीमती) डी. पूरनदेश्वरी ने किया । माननीय केन्द्रीय वाणिज्य राज्य मंत्री, भारत सरकार मुख्य अतिथि थे । इस मेले का आयोजन 9698.5 वर्ग मीटर क्षेत्र में किया गया। इस मेले में 439 प्रदर्शकों ने भागीदारी की जिनमें 23 देशों के 159 भागीदार भी शामिल थे । ये 23 देश थे- बंगलादेश, ब्राजील, चीन, फिनलैण्ड, फ्रांस, जर्मनी, इण्डोनेशिया, इरान, इटली, कोरिया, पाकिस्तान, पुर्तगाल, सऊदी अरब, सिंगापुर, स्पेन, श्रीलंका, स्वीटजरलैण्ड, ताईवान (आरओसी) थाईलैण्ड, नीरदरलैण्ड, टर्की, संयुक्त अरब अमीरात और यूनाटेड किंगडम थे। इस मेले में चमड़ा उद्योग से सम्बन्धित सम्पूर्ण उत्पादों एवं सेवाओं का प्रदर्शन किया गया जिसमें संसाधित चमड़ा, चमड़ा वस्त्र, चमड़े का सामान, जूते, जूतों के संघटक, मशीनें एवं उपकरण, रसायन, फैशन असेसरीज एवं प्रकाशन इत्यादि शामिल थे। आई टी पी ओ सीएलई और सीएलआरआई ने भारतीय चमड़ा क्षेत्र के सहयोग से **"वास्तविकता की ओर"** नामक थीम "ट्रेंड मण्डप" का आयोजन किया। इस मेले में लगभग 22 हजार व्यापारी दर्शक पधारे जिनमें बड़ी संख्या में क्रेता शामिल थे। इन व्यापारी दर्शकों में 31 देशों के 2810 विदेशी व्यापारी दर्शक भी शामिल थे। इस मेले के दौरान **"आईआईएलएफ हेपनिंग्स"** नामक एक दैनिक समाचार पत्र का प्रकाशन भी किया गया जिसमें प्रतिदिन की मेले की विशेषताओं एवं महत्वपूर्ण कार्याकलापों को शामिल किया गया ।

आईटीपीओ ने मिलान मेला परिसर कोलकाता में चमड़ा निर्यात परिषद और भारतीय चमड़ा उत्पाद संघ के सहयोग से 18वें अन्तरराष्ट्रीय चमड़ा सामान मेले का आयोजन 15 – 17 मार्च 2013 तक किया। इस मेले के आयोजन

में पश्चिम बंगाल सरकार ने भी सहयोग दिया । यह मेला व्यापारोन्मुखी है जिसके आयोजन का उद्देश्य भारत से चमड़े के उत्पादों के निर्यात को बढ़ाना एवं विशाल स्तर पर चमड़ा उद्योग के सहायक क्षेत्रों जैसे चमड़ा संवर्धन, रसायन कम्पनियां, चमड़ा सामान उत्पादन कम्पनियां, संघटक एवं सहायक सामान उत्पादन कम्पनियां इत्यादि को भागीदारी के लिए आमंत्रित किया गया। मेले के प्रदर्शन में चमड़ा सामान की अनेक किस्में शामिल थी जैसे हैंड बैंग, पर्स, वेलेट, रूकसस, ब्रीफकेस, बेल्ट, खेल का सामान, जूते, ट्रेवल बैग, औद्योगिक चमड़ा सामान, दस्ताने, चमड़ा एवं लाइनिंग चमड़ा, संघटक एवं चमड़े के सामान की असेसरी, जूता संघटक, चमड़ा परिधान, चमड़ा प्रसंस्करण मशीनें, चमड़े का सामान एवं उत्पादक मशीनें तथा चमड़ा संवर्धन रसायन शामिल थे। इस मेले का आयोजन कुल 912 वर्ग मीटर में किया गया था । इसमें से 858 वर्ग मीटर एरिया प्रदर्शकों को बेचा गया । इस मेले में भारत के विभिन्न भागों की 56 अग्रणी कम्पनियों ने भागीदारी की । इस तीन दिवसीय व्यापारोन्मुखी मेले में 65 विदेशी विक्रेताओं ने भाग लिया जिनमें क्रेता एजेन्ट भी शामिल थे। इनमें से 21 क्रेताओं को भारत सरकार की मार्किट एसेट इनेसिएटिव (एम ए आई) स्कीम के अन्तर्गत आमंत्रित किया गया तथा शेष क्रेता बिना किसी आर्थिक सहायता से स्वयं मेले में पधारे थे । ये विक्रेता 21 देशों से आये थे जिनमें जापान, स्पेन, आस्ट्रेलिया, उज्बेकिस्तान, रूमानिया, इटली, संयुक्त राज्य अमेरिका, न्यूजीलैण्ड, कनाडा, बंगलादेश, इथोपिया, जिम्बाब्वे, आस्ट्रिया, रूस, यूनाइटिड किंगडम, अर्जेन्टाइना, हांगकांग, जर्मनी, नीदरलैण्ड और पोलैण्ड शामिल थे। कुल 56 भागीदारों में से 51 प्रदर्शकों ने अपनी रिपोर्ट में यह उल्लेख किया है कि वे इस मेले में अगले साल भी भागीदारी करेंगे ।

आई टी पी ओ ने भारी उद्योग मंत्रालय एवं लोक उद्यम विभाग के सहयोग से पहली बार आटो एन्सीलरी मेले का आयोजन 8-12 अक्तूबर 2012 तक पुणे में किया । इस मेले के आयोजन का उद्देश्य आटो कम्पोनेन्ट्स के उत्पादन एवं एसेम्बली प्रौद्योगिकी उन्नयन, सम्पर्क करना एवं उन विदेशी कम्पनियों के साथ संयुक्त उद्यम स्थापित करना था जो कि भारत में उत्पादन सुविधाएं स्थापित करने का इरादा रखती हैं ।

7. अन्य मेले

प्रगति मैदान में विशेषीकृत एवं सामान्य व्यापार मेले-प्रदर्शनियां-सम्मेलनों और अन्य मेलों एवं गतिविधियों को आयोजित करने के लिए प्रदर्शनी हाल एवं सम्मेलन स्थल, अन्य सुविधाएं व्यापार एवं उद्योग-जगत के लिए उपलब्ध करायी गयी। उद्योग संघों, केन्द्रीय मंत्रालयों, निर्यात संवर्धन संगठनों और अन्य मेला आयोजकों द्वारा वर्ष 2012-13 के दौरान प्रगति मैदान में 74 मेले आयोजित किये गए। इन मेलों में एसीटेक, 2012, इण्डियन आसियान व्यापार मेला, 2012, नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला 2013, आई ई टी एफ, 2013, विल्स लाइफ स्टाइल फैशन वीक और आटोमैकेनिका 2013 प्रमुख थे।

वर्ष 2012-13 के दौरान वातानुकूलित हालों और गैर वातानुकूलित हालों की क्षमता की उपयोग दर क्रमश: 46.60 प्रतिशत और 27.65 प्रतिशत थी। क्षमता उपयोग को और बढ़ाने के लक्ष्य को देखते हुए एक ही प्रकार की डिस्प्ले प्रोफाइल वाले दो आयोजनों के बीच में 15 दिन का अन्तर रखने की पहले वाली नीति को समाप्त कर दिया गया है। अब इस प्रकार का कोई अनिवार्य अन्तर नहीं रखा जाता।

वर्ष 2013-14 के दौरान, इस समय की स्थिति के अनुसार प्रगति मैदान में 60 मेलों/प्रदर्शनियों के आयोजन का कार्यक्रम हैं।

इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन

8. व्यापार प्रतिनिधिमण्डल

आई टी पी ओ ने व्यापार संवर्धन के लिए आस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, कोलम्बिया, जापान, पाकिस्तान, सऊदी अरब, थाइलैंड, यू.के., उरुग्वे, यमन, जिम्बाब्वे आदि के 35 प्रतिनिधिमण्डलों की मेजबानी की और उनकी यात्राओं के दौरान व्यापार मेलों एवं आन-साइट बैठकों में विविध किस्म के उत्पादों एवं सेवाओं से संबद्ध संभावित भारतीय कम्पनियों के साथ उनकी बैठकें आयोजित की।

9. विचार गोष्ठियां

व्यापार और उद्योग क्षेत्र के लाभ के लिए आई आई टी एफ तथा अन्य मेलों के दौरान साझेदार/ फोकस राज्य/ राज्य सरकारों/ संगठनों के सहयोग से 34 विचार गोष्ठियां आयोजित की गईं।

10. अन्य व्यापार संवर्धन संगठनों के साथ सहयोग

आई टी पी ओ ने एशिया व्यापार संवर्धन फोरम (ए टी पी एफ) का संस्थापक सदस्य होने की हैसियत से 5-7 मार्च 2013 के दौरान आगरा में ए टी पी एफ के सदस्य व्यापार संवर्धन संगठनों (टी पी ओ) के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों की बैठक की मेजबानी की। इस 26वीं वार्षिक बैठक में 22 देशों के सदस्य व्यापार संवर्धन संगठनों से 51 प्रतिनिधिमण्डलों ने भाग लिया। इस सम्मेलन में वैश्विक रूप से जुड़े बाजारों में निर्यात संवर्धन संगठनों की भूमिका विषय के अन्तर्गत आने वाले मुद्दों पर भागीदारों के बीच सक्रिय विचार-विमर्श हुआ।

आई टी पी ओ इण्डियन कन्वेंशन प्रमोशन ब्यूरो (आई सी पी बी) के कार्यकलापों को प्रकाशित करने के लिए तथा प्रगति मैदान मेला ग्राउण्ड के संवर्धन के लिए इस ब्यूरो का एक सदस्य भी बन गया।

11. व्यापार सूचना संबंधी कार्यकलाप

आई टी पी ओ व्यापार एवं उद्योग क्षेत्र के लाभ के लिए नियमित रूप से 'इण्डियन एक्सपोर्ट बुलेटिन' (आई.ई. बी.) नामक एक साप्ताहिक प्रकाशन भी प्रकाशित कर रहा है जिसमें विदेशों की बाजार संबंधी जानकारी, व्यापारिक अवसर, बाजार सर्वेक्षण रिपोर्ट, व्यापार मेले और प्रदर्शनी, राष्ट्रीय तथा विदेशी टेण्डर सूचनायें और आई टी पी ओ के क्रियाकलाप शामिल होते हैं।

आई टी पी ओ एक ट्रेड पोर्टल www.tradeportalofindia.org का रख-रखाव एवं संचालन कर रहा है। इस पोर्टल की स्थापना भारत सरकार द्वारा भारत एवं यूरोपीय संघ के मध्य व्यापार संवर्धन हेतु यूरोपीय संघ-भारतीय व्यापार निवेश एवं विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत की गयी थी। यह पोर्टल भारत-यूरोपीय संघ के देशों को सूचना उपलब्ध कराने के अलावा अन्य देशों तथा क्षेत्रों को भी सूचना प्रदान करता है । इस समय इस पोर्टल में यूरोपीय संघ के 27 देशों सहित 100 से भी अधिक देशों के विषय में सूचनाएँ उपलब्ध हैं।

इस केन्द्र की कोम्पास डाटाबेस में 66 देशों के निर्यातकों/ आयातकों/निर्माताओं/ एजेंटों/ विभागीय भंडारों/ वितरकों/ थोक विक्रेताओं/ व्यापारियों के बारे में ऑनलाइन पहुंच है। कोम्पास एक ऐसा बी2बी डाटाबेस है जिसमें 30 लाख से अधिक अन्तरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय कम्पनियां रजिस्टर्ड हैं और यह डाटाबेस विश्वव्यापी स्तर पर क्रेताओं और विक्रेताओं को जोड़ता है।

12. सांस्कृतिक कार्यकलाप

प्रगति मैदान में 5 ओपन एअर थियेटर और एक वातानुकूलित थियेटर हैं। वार्षिक बड़े मेले अर्थात् भारतीय अन्तरराष्ट्रीय व्यापार मेला (आई आई टी एफ) के दौरान इन ओपन थियेटरों में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यकलाप आयोजित किये जाते हैं।

प्रगति मैदान में विभिन्न थियेटरों में प्रख्यात कलाकारों /समूहों द्वारा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम किये जाते हैं और उनकी मेजबानी की जाती है।

इन कार्यक्रमों में शमिल हैं- शाकुन्तलम् थियेटर में वाद्य एवं गायन संगीत प्रस्तुतियाँ और शास्त्रीय नृत्य, फलकनुमा थियेटर में आयोजित कव्वाली, गीत और गजल कार्यक्रम। ऐतिहासिक चौक पर नुक्कड़ नाटक और फूड कोर्ट में स्थित विशेष ओपन एअर थियेटर में विभिन्न सामाजिक विषयों पर अनेक कठपुतली शो आयोजित किये जाते हैं।

हंसध्वनि थियेटर कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों और राज्य दिवस कार्यक्रमों की मेजबानी करता है। राज्य दिवस समारोहों में राज्यों की भागीदारी होती है और ये समारोह भी लाल चौक थियेटर में आयोजित किये जाते हैं।

भारतीय अन्तरराष्ट्रीय व्यापार मेले को छोड़कर, अन्य मेलों के दौरान शाकुन्तलम् थियेटर में कभी-कभी प्रसिद्ध हिंदी फिल्में दिखाई जाती हैं।

विभिन्न थियेटर मेला आयोजकों को किराये पर दिये जाते हैं जहां वे व्यापार संवर्धन कार्यक्रमों के लिए प्रगति मैदान में प्रदर्शनियों का आयोजन करते हैं।

1.4.2012 से शाकुन्तलम् थियेटर में फिल्मों को नियमित रूप से दिखाया जाना बंद कर दिया है और इस थियेटर को संगोष्ठियां और सम्मेलनों के आयोजकों के लिए शाकुन्तलम् कन्वेंशन सेन्टर में परिवर्तित कर दिया गया है।

आई आई टी एफ 2012- लोक नृत्य का प्रदर्शन करते हुए

13. कारपोरेट संचार सेवाएं

वर्ष 2012-13 के दौरान मीडिया के साथ सार्थक इंटरफेस के जरिए आई टी पी ओ के कार्यकलापों के विभिन्न पक्षों को सामने लाया गया। आई टी पी ओ ने प्रिंट मीडिया (राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्रों और व्यापार संबंधी विशेषीकृत पत्रिकाओं), इलेक्ट्रानिक मीडिया (दूरदर्शन, टी वी चैनलों, ऑल इण्डिया रेडियो और एफ एम चैनलों)। आडटडोर पब्लिसिटी और वेबसाइटों आदि के जरिये डिजिटल प्रमोशन द्वारा व्यापार प्रचार अभियान चलाया गया ताकि भारत और विदेशों में इसके विभिन्न आयोजनों तथा अन्य कार्यकलापों में भागीदारी जुटाई जा सके और उन्हें बढ़ावा दिया जा सके।

इन प्रचार अभियानों को चलाने के लिए ब्रोसर, इन्वीटेशन लेटर, पोस्टर, मेले के कैटेलॉग आदि प्रकाशित किये गये। आई टी पी ओ के कार्यकलापों और उसकी कारपोरेट छवि को मजबूत बनाने के लिए व्यापार संवर्धन में आई टी पी ओ की भूमिका के संबंध में भारत और विदेशों में चुनिंदा प्रचार माध्यमों में राइटअप/लेख तथा कारपोरेट विज्ञापन भी प्रकाशित किये गये।

हिंदी व अंग्रेजी में क्रमश: 'दर्पण' एवं 'लॉग आन' नाम से प्रकाशित तिमाही न्यूज लेटरों में भारत और विदेशों में आई टी पी ओ के कार्यकलापों के बारे में व्यापार और उद्योग जगत को जानकारी दी जाती है जिसमें केन्द्रीय मंत्रालय और विभाग, राज्य सरकारें, निर्यात संवर्धन परिषदें, वस्तु बोर्ड शामिल हैं।

14. कम्प्यूटरीकरण एवं प्रौद्योगिकी उन्नयन

वर्ष के दौरान अनुभव को ध्यान में रखते हुए कम्पनी की सूचना प्रौद्योगिकी क्षमता का उन्नयन किया गया जिसका उद्देश्य संचालन में वेब के उपयोग को बढ़ाना था । पारदर्शिता, शुद्धता एवं वास्तविकता को बढ़ाने हेतु ई-गवर्नेन्स कार्यकलाप लागू किये गए । आई टी पी ओ ने आई आई टी एफ 2012, आहार अन्तरराष्ट्रीय प्रदर्शनी 2013 एवं भारतीय अन्तरराष्ट्रीय चमड़ा मेला 2012 में सम्भावित

इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन

प्रदर्शकों द्वारा स्थान की आनलाइन बुकिंग की प्रक्रिया को मुख्य रूप से अपनाया गया । वर्ष के दौरान कम्पनी के सभी प्रमुख मेलों में इलेक्ट्रानिक सुविधाएं जैसे इंटरनेट, ई-मेल, व्यापारी दर्शक रजिस्ट्रेशन उपलब्ध कराई गई । भारतीय अन्तरराष्ट्रीय व्यापार मेला 2012 का विवरण किसी भी व्यक्ति द्वारा देखा जा सके, इसके लिए विभिन्न मोबाइल प्लेटफार्मों एवं कम्पिटेबल मोबाइल वेबसाइट- m.iitf.in का सृजन किया गया । इसकी मुख्य विशेषताओं में मेला प्रदर्शक, उत्पाद फ्लोर प्लान, तथ्य पत्र, सुविधाएं एवं मेलों तथा प्रदर्शनियों से सम्बन्धित जानकारी दर्शकों को प्रदान करना है ।

उपयोग करने में सरल, नागरिक केन्द्रित, उत्तम पहुंच एवं परिवेश, अधिक संचार एवं आसानी से खोजबीन युक्त माड्यूलर इत्यादि के द्वारा कारपोरेट वेबसाइट का उन्नयन किया गया । हमारी कारपोरेट ज्ञान प्रबन्ध प्रणाली पर आधारित है जो कम्पनी के कार्य प्रक्रिया, अनुदेश, कार्यालय आदेश, परिपत्र, नोटिस, ड्रिल जो कि विभिन्न अनुभागों/विभागों से सम्बन्धित हैं उनको नियमित रूप से अद्यतन किया जाता है । डाक्यूमेन्ट प्रबन्ध सूचना प्रणाली को नेशनल इन्फोरमेटिक सेन्टर (एन आई सी) द्वारा विकसित किया गया है, जिसका उपयोग हमारे स्थानीय क्षेत्र नेटवर्क के द्वारा फाइलों एवं नोटों (टिप्पणी) को भेजने के लिए किया जाता है ।

इसके अलावा कुछ प्रमुख कदम उठाए गए हैं जिनमें (i) रोबस्ट आन-लाइन इंटिग्रेटेड बिजनेस साफ्टवेयर का कार्यान्वयन जो कि विस्तृत क्षेत्र नेटवर्क पर उत्पाद कार्य अभ्यास का सुदृढीकरण करता है। (ii) कम्पनी द्वारा आयोजित प्रदर्शनी एवं मेलों के प्रदर्शकों/ आयोजकों एवं दर्शकों का केन्द्रीयकृत डाटाबेस तैयार करता है जो कि व्यापार अभियान, ग्राहकों में वृद्धि एवं व्यापार सूचना का प्रसार करता है (iii) अद्यतन उपलब्ध प्लेटफार्म का प्रौद्योगिकी के उन्नयन द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी, सुरक्षा प्रणाली का विस्तार करना ।

15. प्रशासन और मानव संसाधन विकास

वर्ष 2012-13 के दौरान 150 कर्मचारियों को पदोन्नत किया गया तथा 171 कर्मचारियों को गहन सुनिश्चित आजीविका प्रगति योजना (आई ए सी पी एस) के अन्तर्गत व्यक्तिगत ग्रेड उन्नयन किया गया ।

प्रत्येक विभागीय पदोन्नति समिति/चयन की बैठकों में इन वर्गों के उम्मीदवारों के हितों पर ध्यान देने के लिये अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यक वर्ग के उचित स्तर के अधिकारी को शामिल किया जाता है। विकलांग व्यक्तियों के लिए (सामान अवसर एवं अधिकारों की रक्षा और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम 1995 में अन्तर्विष्ट अशक्त व्यक्तियों को पदों/ सेवाओं में आरक्षण देने संबंधी उपबन्धों का अनुपालन किया गया ।

मानव संसाधन विकास हेतु डाक्यूमेन्टेशन एवं आई टी टूल्स उपयोग करने में दक्षता उन्नयन हेतु 50 कर्मचारियों को इन-हाउस प्रशिक्षण दिया गया । कैन्टीन कर्मचारियों को भी तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया । दिल्ली अग्निशमन सेवा द्वारा कम्पनी के सुरक्षा कर्मचारियों को अग्निशमन का उन्नत प्रशिक्षण दिया गया । केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल द्वारा एसेस नियंत्रण में सुधार करने हेतु कम्पनी के सुरक्षा कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरणों एवं विस्फोटक तलाश करने इत्यादि का संचालन करने हेतु विशेष प्रशिक्षण दिया गया । इनके अतिरिक्त 25 कर्मचारियों को एक दिन का प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया गया ।

भारत सरकार की आरक्षण नीति

अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग से सम्बन्धित नियुक्ति/ पदोन्नति में भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों का पालन किया गया। वित्तीय वर्ष 2012-13 के दौरान कुल 14 नियुक्तियां की गईं जिनका विवरण निम्न प्रकार है:-

	अ.जा.	अ.ज.जा.	अ.पि.व.	अनारक्षित	कुल
श्रेणी 'क'	01	01	02	06	10
श्रेणी 'ख'	–	–	02	02	04

वर्ष के दौरान, 150 कर्मचारियों की पदोन्नति की गई। इनमें 23 अनुसूचित जाति के और 4 अनुसूचित जनजाति के शामिल थे। ऐसे मामलों में जिनमें आरक्षित श्रेणी के पात्र कर्मचारी उपलब्ध नहीं हैं उन पदों को आगे ले जाया जाता है।

14 अप्रैल 2012 को डॉ. भीमराव अम्बेडकर का जन्मदिन मनाया गया तथा पुष्पांजलि अर्पित की गई।

16. स्थापत्य सेवाएं

कम्पनी द्वारा दिल्ली एवं अन्य क्षेत्रीय केन्द्रों में अपनी प्रदर्शनियों के लिए स्थापत्य ले-आउट प्लान स्वयं तैयार किये गए।

कम्पनी ने विभिन्न राज्य सरकारों एवं केन्द्रीय मंत्रालयों की अपेक्षाओं के अनुसार दृष्टिकोण डिजाइन एवं ड्राईंग तैयार किए तथा मण्डपों के डिजाइन बनाने से सम्बधित परामर्श सेवाएं प्रदान करना जारी रखा।

17. प्रगति मैदान, नई दिल्ली स्थित प्रदर्शनी केन्द्र

भारत की राजधानी, नई दिल्ली के मध्य में 123.50 एकड़ क्षेत्रफल में फैले प्रगति मैदान के 16 हालों में लगभग 65000 वर्ग मीटर आच्छादित प्रदर्शनी क्षेत्र सुलभ है और इसके अलावा 12000 वर्ग मीटर खुला प्रदर्शनी क्षेत्र भी है। 42000 वर्ग मीटर आच्छादित क्षेत्र में वातानुकूलित हाल नं. 7,8,9,10,11,12,12ए,14,15 एवं 18 हैं जिनमें हाल नं.7 में लाउन्ज सुविधा है और हाल नं.8 में लाउन्ज सुविधा के साथ ही 200 व्यक्तियों की बैठने की क्षमता वाला कान्फ्रेंस हाल सुविधाएं हैं, गेट नं.1 पर वातानुकूलित व्यापार विकास सुविधाएं (क्रमश: 450 और 650 व्यक्तियों के बैठने की क्षमता वाली) और 25000 वर्ग मीटर क्षेत्र में गैर-वातानुकूलित हाल हैं जिनमें हाल सं. 1,2,3,4,5,6 एवं 16 शामिल हैं।

इंजीनियरिंग विंग प्रगति मैदान में तथा दिल्ली से बाहर प्रदर्शनियों/मेलों/ सम्मेलनों तथा अन्य मेलों के आयोजन के लिये अपेक्षित सुविधाएं/ सपोर्ट सिस्टम उपलब्ध कराता है।

प्रगति मैदान में वर्ष 2012-13 में निम्नलिखित ढांचागत विकास कार्य पूरे किए गए:-

(1) फुलवारी की बिल्डिंग का कन्वेंशन सेंटर के रूप में नवीकरण/अपग्रेडेशन।

(2) हाल नं.7 में प्रथम तल पर कान्फ्रेंस हाल फेस-1 का नवीकरण (ढाँचागत कार्य प्रगति पर है)।

(3) गेट नं.10 पर टिकट बूथ और शौचालय ब्लाक का विनिर्माण।

(4) प्रशासन भवन में कैफेटेरिया का सुधार तथा शौचालय ब्लाक का नवीकरण।

(5) विद्युत सब-स्टेशन नं.8 के नवीकरण का कार्य तथा उसके आस पास के क्षेत्रों की मरम्मत।

(6) हाल नं.18 (बेसमेंट) स्थित शौचालय ब्लाक का नवीकरण और मियानी तल पर अतिरिक्त शौचालय का निर्माण।

(7) गेट नं.1 पर अतिरिक्त व्यापार विकास सुविधा प्रदान करना।

आगामी वर्ष 2013-14 में निम्नलिखित विकास कार्य किए जाने का प्रस्ताव है:-

(1) हाल नं.18 के गुम्बद के ऊपर वाटर प्रूफिंग ट्रीटमेन्ट।

(2) हाल नं.7 के फोयर बी के क्षतिग्रस्त कोटा पत्थर के फर्श को बदलना।

(3) हाल नं.7 के प्रथम तल पर स्थित सम्मेलन कक्ष फेस-द्वितीय का जीर्णोद्धार (आन्तरिक कार्य)।

18. क्षेत्रीय व्यापार संवर्धन केन्द्र (आर टी पी सी)

चेन्नई व्यापार केन्द्र

चेन्नई में एक महत्त्वपूर्ण स्थल नन्दनबक्कम में 25.48 एकड़ क्षेत्रफल में स्थित इस केन्द्र को बनाया गया है। इस केन्द्र में तीन वातानुकूलित हाल हैं। इन हालों का क्षेत्रफल क्रमश: 4400 वर्गमीटर, 1760 वर्गमीटर और 4400 वर्गमीटर है। इन हालों में खम्भों और कॉलम का उपयोग नहीं किया गया है। जनवरी 2001 में एक सम्मेलन केन्द्र का भी शुभारम्भ किया गया। इस कन्वेंशन सेन्टर में 1500 भागीदारों की बैठने की क्षमता है तथा इस हाल को दो बराबर भागों में विभाजित करने का भी प्रावधान है। चेन्नई व्यापार केन्द्र का संचालन तमिलनाडु ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन द्वारा किया जाता है जो कि आई टी पी ओ और तमिलनाडु औद्योगिक विकास निगम का संयुक्त उद्यम है।

वर्ष 2012-13 के दौरान चेन्नई व्यापार केन्द्र के प्रदर्शनी हालों में 100 प्रदर्शनियों का आयोजन किया गया। इनके अलावा सम्मेलन केन्द्र में 120 कार्यक्रम आयोजित किए गए ।

बंगलौर व्यापार केन्द्र

व्हाइटफील्ड, बंगलौर में प्रमुख स्थान पर स्थित यह व्यापार केन्द्र 50 एकड़ क्षेत्रफल में फैला हुआ है और इसमें 5371 वर्ग मीटर क्षेत्रफल का एक वातानुकूलित हाल है और 11 खुले क्षेत्र वाले स्थल हैं जिनमें प्रत्येक में 38 वर्गमीटर जगह है। इस प्रदर्शनी हाल को चारों ओर से भारी उपकरण, मशीनों का प्रदर्शन एवं फूड कोर्ट, व्यापार केन्द्र स्थापित करने हेतु बनाया गया।

वर्ष 2012-13 के दौरान बंगलौर व्यापार केन्द्र में 35 कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिनमें 25.46 प्रतिशत भूतल क्षेत्र का उपयोग किया गया।

19. राजभाषा हिन्दी का प्रगामी प्रयोग

पुनरीक्षाधीन वर्ष के दौरान आईटीपीओ ने भारत सरकार की राजभाषा नीति का कार्यान्वयन जारी रखा। भारत सरकार के राजभाषा विभाग द्वारा विभिन्न मामलों में निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने के प्रयास किए गए।

दैनंदिन सरकारी कार्य में राजभाषा के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिये हिन्दी नोटिंग-ड्राफ्टिंग, हिन्दी अनुवाद, हिन्दी लेखन और श्रुतलेख, हिन्दी निबंध और हिन्दी टाइपिंग प्रतियोगितायें अगस्त, 2012 में आयोजित की गयी जिनमें प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार दिये गये। इसके अतिरिक्त प्रत्येक प्रतिभागी को प्रोत्साहन के रूप में वृंदावन लाल वर्मा द्वारा रचित 'वीर का बलिदान' उपन्यास दिया गया।

हिन्दी मासिक उद्योग व्यापार पत्रिका के नियमित प्रकाशन के अलावा, व्यापारी दर्शक संदर्शिका, आई आई टी एफ 2012 की सामान्य जानकारी, प्रगति मैदान में आयोजित विभिन्न प्रदर्शनियों के मोबिलाइजेशन फोल्डर, वार्षिक रिपोर्ट 2011-12, आई टी पी ओ और वाणिज्य विभाग के मध्य हुए समझौता ज्ञापन को हिन्दी एवं अंग्रेजी में प्रकाशित किया गया। तिमाही कारपोरेट पत्रिका 'दर्पण' (लाग आन का हिन्दी संस्करण) को प्रकाशित करना जारी रहा।

आई टी पी ओ के दिन-प्रतिदिन के फाइलों के कार्य में हिन्दी को प्रोत्साहित करने के लिए प्रोत्साहन योजना पहले से ही लागू है। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान हिन्दी में शत-प्रतिशत कार्य करने के लिए 3 कर्मचारियों को 5000-5000 रुपये के नकद पुरस्कार, एक कर्मचारी को 600 रुपये का तथा दो कर्मचारियों को 400-400 रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया।

आई टी पी ओ के 2 कर्मचारियों ने विश्व हिन्दी सम्मेलन जोहान्सबर्ग (दक्षिण अफ्रीका) में (22-24 सितम्बर 2012) आई टी पी ओ का प्रतिनिधित्व किया।

20. सुरक्षा

सुरक्षा से सम्बन्धित उपलब्धियां एवं सुधारों का विवरण निम्न प्रकार है:-

(1) केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की सेवाएं प्रगति मैदान में लेने के लिए प्रयास अन्तिम चरण में हैं।

(2) दिल्ली अग्नि शमन सेवा द्वारा आई टी पी ओ के सुरक्षा कर्मचारियों को अग्नि शमन का विशेष प्रशिक्षण दिया गया।

(3) केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल द्वारा आई टी पी ओ के सुरक्षा कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण, खोजी उपकरण को चलाने का विशेष प्रशिक्षण दिया गया जिससे विस्फोटक वस्तु को खोजने में सुधार हो।

21. सतर्कता

कम्पनी में सतर्कता सम्बन्धी कार्य किये गए जिनमें शिकायतों का निवारण, विभागीय/अनुशासनात्मक जांच करना, मसौदा विधि उत्तर/ एफिडेविट/ रीजोएन्डर, औचक निरीक्षण, खुफिया जानकारी, विजिलेन्स क्लियरेन्स प्रदान करना, कर्मचारियों की वार्षिक सम्पत्ति के ब्यौरे की जांच, केन्द्रीय सतर्कता आयोग को सम्पदा विवरण भेजना, क्षेत्रीय कार्यालयों का निरीक्षण और केन्द्रीय जांच ब्यूरो के साथ समन्वय करना शामिल हैं।

22. अनुषंगी कम्पनियां

आईटीपीओ की अपनी दो सहायक कम्पनियां- तमिलनाडु ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन और कर्नाटक ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन में 51-51 प्रतिशत इक्विटी है । कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 212 के अन्तर्गत इन सहायक कम्पनियों का अपेक्षित विवरण अनुबंध-I में दिया गया है तथा वह इस रिपोर्ट का भाग है ।

23. सावधि जमा

वर्ष के दौरान कम्पनी ने कम्पनी अधिनियम 1956 के खण्ड 58 ए और उसके अधीन बने नियमों के अन्तर्गत जनता से कोई जमा राशियां स्वीकार नहीं की हैं ।

24. लेखा परीक्षक

भारत सरकार के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक ने मैसर्स किशोर ऐण्ड किशोर चार्टरित लेखाकार, नई दिल्ली को वित्त वर्ष 2012-13 के लिए आई टी पी ओ का सांविधिक लेखा परीक्षक नियुक्त किया है ।

25. सांविधिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट

लेखा परीक्षक की रिपोर्ट में उठाये गये बिन्दुओं में से प्रत्येक बिन्दु के बारे में बोर्ड के उत्तर संलग्न अनुबन्ध-II में दिये गये हैं जो इस रिपोर्ट का अंग है ।

31 मार्च, 2013 को समाप्त हुए वर्ष के लिए आपकी कम्पनी के वार्षिक लेखे के बारे में नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियां अनुबन्ध-III में दी गई हैं जो इस रिपोर्ट का भाग है ।

26. कर्मचारियों का विवरण

वर्ष 2012-13 के दौरान आई टी पी ओ का कोई भी कर्मचारी प्रतिमाह धारा 217 (2क) के अन्तर्गत निर्धारित सीमा से अधिक पारिश्रमिक नहीं प्राप्त कर रहा है। निदेशकों की रिपोर्ट में धारा 217 (2क) के अन्तर्गत घोषणा के संबंध में सूचना को शून्य समझा जाए ।

27. कापोरेट गवर्नेंस

बोर्ड की आडिट कमेटी और बोर्ड की पारिश्रमिक कमेटी का पुनर्गठन हो गया है । आई टी पी ओ ने यह कार्य कारपोरेट गवर्नेंस के बारे में सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में किया है । सार्वजनिक उद्यम विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार निर्धारित अन्तराल पर नियमित रूप

से बोर्ड और आडिट कमेटी की बैठकें की गयी । पारिश्रमिक कमिटी की पहली बैठक 25 मार्च 2013 को हुई ।

वर्ष 2012-13 के दौरान उपर्युक्त दिशा - निर्देशों का आई टी पी ओ द्वारा अनुपालन किये जाने के बारे में चार तिमाही रिपोर्ट वाणिज्य विभाग को भेजी गई हैं । निर्धारित समय में रिपोर्ट भेजी गयी जिससे 'उत्कृष्ट' ग्रेड पाने के लिए 88.80 प्रतिशत वार्षिक औसत अंक प्राप्त किये जा सकें । कारपोरेट गवर्नेंस के बारे में एक विस्तृत रिपोर्ट अनुबन्ध - IV में दी गई है जो वार्षिक रिपोर्ट का भाग है। कारपोरेट गवर्नेंस से सम्बधित प्रमाण-पत्र अनुबन्ध - V में दिया गया है ।

28. कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व

कम्पनी ने ऐसे सम्भावित लाभार्थियों की पहचान करने के लिए जिनको दिनचर्या में उपकरणों की आवश्यकता है। दिल्ली सरकार के समाज कल्याण विभाग से सहायता प्राप्त करने के लिए अनुरोध किया । इस विभाग ने 745 ऐसे व्यक्तियों की पहचान की जिनको व्हीलचेयर या तिपहिया साइकिल और ब्रेल स्टिक और स्लेट की आवश्यकता थी। इनकी सम्पूर्ण मांग को पूरा करने के लिए आर्टिफिशियल लिम्ब मैन्यूफैक्चरिंग कारपोरेशन आफ इण्डिया, कानपुर से उपकरणों एवं सहायक उपकरणों की खरीद की ।

इनके अलावा कम्पनी ने समाज कल्याण विभाग को चार एम्बुलेन्स उपलब्ध करायी । दिल्ली सरकार की समाज कल्याण मंत्री प्रो. किरण वालिया ने सभी सहायक सामग्री उपकरणों तथा चार एम्बुलेन्सों को लाभार्थियों को प्रदान किया ।

29. प्रबन्धन चर्चा एवं विश्लेषण रिपोर्ट

प्रबन्धन चर्चा एवं विश्लेषण रिपोर्ट अलग से निदेशक मण्डल की रिपोर्ट के साथ संलग्न की गई है क्योंकि यह कारपोरेट गवर्नेंस का हिस्सा है (अनुबन्ध-VI) ।

सचिवीय अनुपालन प्रमाण पत्र

मै. चन्द्रशेखर एसोसिएट्स कम्पनी सचिव, नई दिल्ली द्वारा जारी किया गया सचिवीय अनुपालन प्रमाण पत्र इस रिपोर्ट के अनुबन्ध-VII के साथ संलग्न है जो इस रिपोर्ट का भाग है ।

30. ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी अपनाना, विदेशी मुद्रार्जन एवं निर्गम

कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 217 (1)(ई) के अनुसार तथा नियम 1988 के साथ पढ़ा जाए (निदेशक मण्डल की रिपोर्ट में विवरण संलग्न है) । आपके निदेशकों ने निम्न सूचना दी हैं :-

ऊर्जा संरक्षण	कम्पनी के कार्यकलापों के लिए ऊर्जा की निरन्तर खपत नहीं होती, तथापि लाइटों, पंखों, एयर कंडीशनरों और लिफ्टों आदि के सीमित प्रयोग जैसे ऊर्जा संरक्षण के लिये आवश्यक उपायों को लागू किया जा चुका है ।
प्रौद्योगिकी अपनाना	आई टी पी ओ ने अपने घरेलू मेलों के लिए आनलाइन स्थान की बुकिंग और भुगतान प्रणाली को अपनाया है तथा यह अब से स्थायी प्रक्रिया के रूप में सभी भावी देशी मेलों के लिए अपनायी जायेगी । आई टी पी ओ ने इंटिग्रेटेड साफ्टवेयर माड्यूल के विकास का कार्य शुरू कर दिया है जिससे एक पैकेज बिजनेस साफ्टवेयर सिस्टम का विकास आई टी पी ओ के कार्यकलापों के आटोमेशन एवं इंटिग्रेशन के द्वारा किया जा सके तथा ऐसा वातावरण तैयार करना जिसमें मुख्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालयों में सामान्य डाटा का उपयोग किया जा सके । पहली बार भारतीय अन्तरराष्ट्रीय व्यापार मेला 2012 के दौरान एक मोबाइल एप्लिकेशन का विकास एवं क्रियान्वयन किया गया जिससे स्मार्ट फोन/ टेबलेट पर आई आई टी एफ 2012 के विषय में सूचनाओं को देखा जा सके ।

निर्यात सम्बन्धी कार्यकलापों को बढ़ाने के लिए की गई कोशिशें, उत्पादों तथा सेवाओं के लिए नए निर्यात बाजारों का विकास तथा निर्यात योजना	भारत सरकार की विदेश व्यापार नीति के आधार पर विदेशी मेलों में भागीदारी करने का कार्यक्रम बनाया जाता है । इन कार्यक्रमों को बनाते समय वाणिज्य विभाग द्वारा पहचान किये गए नए बाजार, भारत के अन्य देशों के साथ किए गए द्विपक्षीय एवं बहुउद्देश्यीय व्यापार समझौतों, भारतीय मिशनों के विचारों तथा घरेलू अनुसंधान को ध्यान में रखा जाता है ।	
विदेशी मुद्रा अर्जन एवं व्यय	**चालू वर्ष (2012-13) रुपये**	**गत वर्ष (2011-12) रुपये**
आय	14,22,36,534	10,19,49,828
व्यय	16,20,96,157	17,40,27,498

31. निदेशकों का उत्तरदायित्व विवरण

निदेशक कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 217 (2 क क)में यथा अनुबंधित निदेशकों के उत्तरदायित्व विवरण का समर्थन करते हैं तथा निम्नलिखित मामलों की पुष्टि करते हैं :-

(i) वार्षिक लेखे तैयार करने में वास्तविक सारभूत परिवर्तनों से संबंधित उपयुक्त स्पष्टीकरण सहित लागू गणना मानकों को अपनाया गया है ।

(ii) निदेशकों ने गणना की ऐसी नीतियां चुनी हैं और उन्हें सुसंगत ढंग से लागू किया है तथा ऐसे आकलन किये हैं जो तर्कसंगत और विवेकपूर्ण हैं और इस कम्पनी के बारे में वित्त वर्ष और उसी अवधि में कम्पनी के व्यय से अधिक आय की सही तथा उचित तस्वीर पेश करते हैं ।

(iii) निदेशकों ने कम्पनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा करने, गबन एवं अन्य अनियमितताओं को रोकने एवं इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार एवं पर्याप्त गणना रिकार्ड रखे हैं ।

(iv) निदेशकों ने प्रचलित आधार पर वार्षिक लेखे तैयार किये हैं ।

32. आभार

हम निरंतर मार्गदर्शन और सहायता के लिए केन्द्र सरकार के मंत्रालयों तथा विभागों, विशेषत: वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, शहरी विकास मंत्रालय, विदेश मंत्रालय तथा विदेश स्थित भारतीय दूतावासों के आभारी हैं । निदेशक मण्डल दिल्ली विकास प्राधिकरण, राज्य सरकारों, सार्वजनिक उद्यमों, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, दिल्ली नगर निगम, दिल्ली पुलिस, महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड और अन्य एजेंसियों तथा व्यक्तियों के प्रति भी आई टी पी ओ को दिये गये उनके तत्पर सहयोग के लिए उनका आभार प्रकट करते हैं । निदेशक मण्डल भारत के नियंत्रक तथा महालेखा परीक्षक, लोक उद्यम विभाग और कारपोरेट मामलों के मंत्रालय के भी आभारी हैं जिनका बहुमूल्य सहयोग हमें प्राप्त हुआ।

कते एवं निदेशक मण्डल की ओर से

ह./-
(रीता मेनन)
अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक
डी आई एन नं. 00543058

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक : 24 सितम्बर 2013

इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन

अनुषंगी कम्पनियों के बारे में कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 212 के अनुसार ब्यौरा

अनुबन्ध-I

अनुषंगी कम्पनी का नाम	**तमिलनाडु ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन**	**कर्नाटक ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन**
1. अनुषंगी कम्पनी का समाप्त वित्त वर्ष	31 मार्च, 2013	31 मार्च,2013
2.(क) अनुषंगी कम्पनी को जारी, अभिदत्त और चुकता पूंजी (ख) अनुषंगी कम्पनी की पूंजी में आईटीपीओ का हिस्सा	1000 रुपये की दर से 100 इक्विटी शेयर 1000 रुपये की दर से 51 इक्विटी शेयर (51 प्रतिशत)	1000 रुपये की दर से 5000 इक्विटी शेयर 1000 रुपये की दर से 2550 इक्विटी शेयर (51 प्रतिशत)
3. अनुषंगी कम्पनी के लाभ / घाटे की निवल कुल राशि जहां तक यह आईटीपीओ के सदस्यों से संबंधित है तथा आईटीपीओ के खाते में नहीं दिखाई गयी है (क) 31 मार्च 2013 को समाप्त वित्त वर्ष में (ख) अनुषंगी कम्पनी के 31.3.2012 को समाप्त पिछले वित्त वर्ष में संचयी राशि जब से यह आईटीपीओ की अनुषंगी बनी	 1105.15 लाख रुपये 3465.52 लाख रुपये धारा 25 में पंजीकृत कम्पनी होने के कारण इसके लिए कोई भी लाभांश घोषित करना मना है ।	 292.55 लाख रुपये 451.02 लाख रुपये धारा 25 में पंजीकृत कम्पनी होने के कारण इसके लिए कोई भी लाभांश घोषित करना मना है ।
4. अनुषंगी कम्पनी के लाभ-घाटे की निवल कुल राशि जहां तक इस घाटे के आईटीपीओ के खातों में प्रावधान किये गये हों (क) 31 मार्च 2013 को समाप्त वित्त वर्ष में (ख) अनुषंगी कम्पनी के 31.3.2012 को समाप्त पिछले वित्त वर्ष में संचयी राशि जब से यह आईटीपीओ की अनुषंगी बनी	 शून्य शून्य	 शून्य शून्य

ह./-
(पी.सी. शर्मा)
वरिष्ठ महाप्रबन्धक
एवं कम्पनी सचिव

ह./-
(मलय श्रीवास्तव)
कार्यकारी निदेशक

ह./-
(रीता मेनन)
अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक

अनुबन्ध-II

स्वतंत्र लेखा परीक्षक	बोर्ड के उत्तर

इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन, नई दिल्ली के सदस्यों को

वित्तीय विवरण पर रिपोर्ट

हमने इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन कम्पनी के वित्तीय विवरण का परीक्षण किया है जिसमें 31 मार्च 2013 समाप्त वित्तीय वर्ष का तुलन-पत्र तथा आय और व्यय का विवरण और कैश-फ्लो विवरण एवं विशिष्ट गणना नीति के सारांश और वित्तीय विवरण का नोट शामिल हैं ।

वित्तीय विवरण से सम्बन्धित प्रबन्धन का उत्तरादायित्व

प्रबन्धन वित्तीय विवरण को तैयार करता है जो कि वित्तीय स्थिति, वित्तीय निष्पादन एवं कैश-फ्लो का उचित दृश्य प्रस्तुत करने के लिए उत्तरादायी है और यह कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 211 की उप धारा (3ग) के अन्तर्गत गणना मानक के अनुसार है। इस उत्तरादायित्व में वित्तीय विवरण तैयार करने संबंधी डिजाइन, कार्यान्वयन और आन्तरिक नियंत्रण प्रबन्ध प्रस्तुतीकरण शामिल हैं जो कि सत्य एवं उचित दृश्य प्रस्तुत करे जो असत्य एवं धोखाधड़ी असुविधाओं से मुक्त हों।

लेखा परीक्षकों का उत्तरदायित्व

हमारा उत्तरदायित्व हमारे द्वारा किये गए लेखा परीक्षण के आधार पर वित्तीय विवरण के विषय में अपना विचार प्रकट करना है । हमने भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेन्ट द्वारा जारी मानक के अनुसार लेखा-परीक्षण किया है जो मानक की अपेक्षाएं हैं, हमने उनका अनुपालन किया है तथा वित्तीय विवरण के विषय में उचित आश्वासन प्राप्त करके लेखा परीक्षण किया है जो असत्य न हो ।

इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन

लेखा परीक्षण में धनराशि एवं वित्तीय विवरण से सम्बन्धित घोषणा के विषय में लेखा साक्ष्य प्राप्त करने की प्रक्रिया शामिल है । प्रक्रिया चुनने और वित्तीय विवरण के विषय में जोखिम का आकलन एवं असत्य का पता लगाने का निर्णय लेखा परीक्षक के निर्णय पर निर्भर है जो कि धोखाधड़ी और गलती से मुक्त हो । जोखिम का आकलन करने में लेखा परीक्षक कम्पनी के वित्तीय विवरण को तैयार करने एवं उसको उचित रूप से प्रस्तुत करने में आन्तरिक नियंत्रण पर विचार करता है जो कि परिस्थितियों में लेखा परीक्षण प्रक्रिया उचित हो । लेखा परीक्षण में लेखा गणना नीति का उचित मूल्यांकन एवं प्रबन्धन द्वारा किये लेखा अनुमान का उचित सम्पूर्ण प्रस्तुतिकरण हो ।

हमें विश्वास है कि हमारे द्वारा प्राप्त किये गए लेखा साक्ष्य पर्याप्त हैं और हमारे द्वारा स्पष्ट लेखा विचार प्रस्तुत करने के लिए उचित आधार है ।

वित्तीय विचार के आधार

वित्तीय विवरण के नोट के अनुसार:-

क) कार्य निष्पादन सम्बन्धी वेतन (पी आर पी) हेतु वर्ष के दौरान 4 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया (संचित आधार पर 31.3.2013 के लिए 23.90 करोड़ रुपये) और 31.3.2013 तक 10.27 करोड़ रुपये कम्पनी ने स्कीम को बिना अनुमोदित कराये जारी किये- नोट 9

ख) स्थायी सम्पत्तियों के वास्तविक सत्यापन में पायी गई कमियों के लिए धनराशि निश्चित नहीं की गई और न ही उनकी पहचान की गई और न उनको समायोजित किया ।

वास्तविक विवरण । कृपया वित्तीय विवरण नोट 9 का अवलोकन करें ।

वास्तविक विवरण । कृपया वित्तीय विवरण नोट 10.2 का अवलोकन करें ।

ग) आकलन वर्ष 2009-10 और 2010-11 के लिए क्रमश: 86.06 करोड़ रुपये और 36.76 करोड़ रुपये आयकर की प्रमाणिक देयता का प्रावधान नहीं किया गया और इसके पश्चात आकलन वर्ष 2011-2012, 2012-13 और 2013-14 की गैर प्रमाणिक देयता का प्रावधान ही नहीं किया गया । 33.53 करोड़ रुपये टी डी एस वापसी का रुका हुआ 6 करोड़ रुपये दिखाया गया है तथा वर्ष के दौरान (कुल 39.53 करोड़ रुपये) जमा दिखाया गया है जिसको 31.3.2013 को 'आयकर की वसूली' शीर्षक के अन्तर्गत दिखाया गया है जब आयकर विभाग ने अपने आकलन वर्ष 2009-10 की मांग के प्रति समायोजित किया है । - नोट 31 और

घ) पिछले वर्ष ब्याज तथा सर्विस टेक्स की 10.88 करोड़ रुपये की मांग हेतु प्रावधान नहीं किया गया है, न ही वर्ष 2006-07 से 2009-10 हेतु दण्ड का प्रावधान नहीं किया गया है। यदि कोई हो तो, इस वर्ष 2011-12 हेतु 0.43 करोड़ रुपये का प्रावधान नहीं किया गया है जिसमें ब्याज एवं दण्ड शामिल नहीं है - धनराशि अनिश्चित-नोट 32

इसके परिणामस्वरूप वर्ष के लिए आय का 130.13 करोड़ रुपये का अधिकथन हुआ जो 31.3.2013 की स्थिति के अनुसार चालू देयताओं के अल्पकथन के बराबर और प्रावधानों के बराबर था। इसके अतिरिक्त उपर्युक्त पैरा ख, ग और घ के परिणामस्वरूप अनिश्चित प्रभाव पड़ा और परिसम्पत्तियां 39.53 करोड़ रुपये अधिक दर्शायी गयी (पैरा- ग)।

अहर्ता विचार

हमारे विचार और हमारी सर्वोत्तम जानकारी एवं हमको दिए गये स्पष्टीकरण, उपर्युक्त अहर्ता विचार अनुच्छेद हेतु दिये गये विवरण के प्रभाव को छोड़कर, इस मामले में अधिनियम की अपेक्षाओं के अनुसार वित्तीय विवरण दिया गया है जो सत्य एवं उचित दृश्य प्रस्तुत करता है जो भारत में सामान्य रूप से स्वीकृत लेखा सिद्धान्तों से मेल खाता है।

वास्तविक विवरण 1 कृपया वित्तीय विवरण का नोट सं. 31 देखें ।

वास्तविक विवरण । कृपया वित्तीय विवरण का नोट 32 देखें ।

क) तुलन पत्र के मामले में 31 मार्च 2013 को कम्पनी के कार्यकलापों का विवरण

ख) आय एवं व्यय लेखा के मामले में, वर्ष की समाप्ति की तिथि को आय, और

ग) कैश-फ्लो विवरण के मामले में वर्ष की अन्तिम तिथि को कैश-फ्लो

रिपोर्ट से सम्बन्धित अन्य कानून एवं नियमितताओं की अपेक्षा

1. कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 227 (4 क) के अनुसार कम्पनी विधि बोर्ड द्वारा जारी कम्पनी (लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट) आदेश 2003 के द्वारा अपेक्षित जिन मामलों पर हमारी टिप्पणियां मांगी गई हैं, वे नहीं दी गई हैं क्योंकि कम्पनी में यह निश्चित प्रावधान है कि जिन कम्पनियों को कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 25 के तहत कार्य करने का लाइसेंस प्राप्त है, उन पर यह लागू नहीं होगा ।

2. अधिनियम की धारा 227 (3)की अपेक्षाओं के अनुसार हम रिपोर्ट करते हैं कि:-

क) हमने सभी सूचनाएं एवं स्पष्टीकरण प्राप्त किये हैं जो कि हमारे सर्वोत्तम ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार हमारे लेखा परीक्षण के उद्देश्य से आवश्यक थे ।

ख) हमारे मत में कम्पनी एवं इसके क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा कानून के अन्तर्गत अपेक्षित उपयुक्त लेखा बहियों को रखा गया है जबकि उनसे प्राप्त लेखा बहियों की जांच से यही स्पष्ट होता है और इन्हें हमारी लेखा परीक्षा के लिए पर्याप्त माना गया है ।

ग) तुलन पत्र, आय एवं व्यय का विवरण एवं कैश-फ्लो विवरण इस रिपोर्ट का भाग है जो लेखा पुस्तकों में दिखाया गया है ।

घ) प्रमाणिक मद अनुच्छेद हेतु प्रमाण के विवरण को छोड़कर, हमारे मत में तुलन-पत्र, आय एवं व्यय का विवरण तथा कैश-फ्लो विवरण अधिनियम की धारा 211 (उप धारा 3 ग) से लेखा मानक मेल खाता है ।

ड.) विधि, न्याय एवं कम्पनी मामले मंत्रालय के कम्पनी कार्य विभाग द्वारा परिपत्र संख्या 2/5/2001- सी एल वी- सामान्य परिपत्र सं. 8/2002 दिनांक 22.3.2002 को जारी किया गया तथा कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 274 (1)(जी) निवेशकों की अयोग्यता से संबन्धित है जो इस कम्पनी पर लागू नहीं होता है क्योंकि यह सरकारी कम्पनी है ।

कृते किशोर ऐण्ड किशोर
चार्टरित लेखापाल
एफ आर एन 000291 एन

ह. /-
(अंशु गुप्ता)
भागीदार
एम सं. 077 891

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 23 अगस्त 2013

अनुबन्ध-III

भारत के नियन्त्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियां

31 मार्च 2013 को समाप्त वर्ष के लिए इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन के लेखाओं पर कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 619 (4) के अधीन भारत के नियन्त्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियां

कम्पनी अधिनियम 1956 के अन्तर्गत निर्धारित वित्तीय रिपोर्टिंग फ्रेमवर्क के अनुसार 31 मार्च 2013 को समाप्त हुए वर्ष के लिए इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन के वित्तीय विवरण तैयार करने की जिम्मेदारी कम्पनी के प्रबन्धन की है । कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 619 (2) के अन्तर्गत भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा नियुक्त सांविधिक लेखा परीक्षकों की जिम्मेदारी भारत के चार्टरित लेखापालों के संस्थान के व्यावसायिक निकाय द्वारा निर्धारित लेखा परीक्षा एवं आश्वासन - मानकों के अनुरूप स्वतन्त्र लेखा परीक्षा पर आधारित कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 227 के अन्तर्गत इन वित्तीय विवरणों पर मत व्यक्त करना है । ऐसा 23 अगस्त 2013 को उनकी लेखा परीक्षा रिपोर्ट द्वारा कर लिया बताया गया है ।

भारत के नियन्त्रक एवं महालेखा परीक्षक की ओर से, मैंने कम्पनी अधिनियम की धारा 619 (3) (ख) के अन्तर्गत 31 मार्च 2013 को समाप्त वर्ष के लिए इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन के वित्तीय विवरणों की अनुपूरक लेखा परीक्षा की है । यह अनुपूरक लेखापरीक्षा सांविधिक लेखापरीक्षकों के परिकलन दस्तावेज के बिना स्वतन्त्र रूप से की गई है और यह सांविधिक लेखा परीक्षकों एवं कम्पनी के कर्मचारियों से प्रारम्भिक पूछताछ और कुछ लेखा रिकार्डों की चुनिंदा जांच तक सीमित है । मेरे द्वारा की गई लेखापरीक्षा के आधार पर ऐसी कोई महत्वपूर्ण बात मेरी जानकारी में नहीं आई है जिसकी वजह से कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 619 (4) के अन्तर्गत सांविधिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर कोई टिप्पणी करने अथवा उस पर अनुपूरक रिपोर्ट देने की आवश्यकता पड़ी हो ।

कते एवं भारत के नियन्त्रक तथा महालेखा परीक्षक की ओर से

ह. /-
(विमलेन्द्र पटवर्धन)
वाणिज्यिक लेखा परीक्षा के प्रधान निदेशक
एवं लेखारीक्षक बोर्ड-I के भूतपूर्व पदेन सदस्य
नई दिल्ली

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 3 अक्तूबर 2013

अनुबन्ध – IV

कार्पोरेट गवर्नेंस पर रिपोर्ट

निदेशकगण कम्पनी की कार्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट प्रस्तुत कर रहे हैं ।

1. कम्पनी की गवर्नेंस फिलासफी

भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की प्रमुख व्यापार संवर्धन एजेंसी — इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन (आई टी पी ओ) विभिन्न क्षेत्रों, विशेष रूप से व्यापार, वाणिज्य एवं गवर्नेंस में अर्जित उत्कृष्टता की झांकी प्रस्तुत करता है ।

कार्पोरेट प्रशासन कम्पनी में इसके विभिन्न स्टाकहोल्डरों के हित के बारे में कार्पोरेट, पारदर्शिता और जिम्मेवारी को बढ़ावा देने के बारे में है । यह ऐसा सिस्टम है जिससे व्यापारिक निगमों को निर्देश दिये जाते हैं तथा उन पर नियंत्रण रखा जाता है ।

आई टी पी ओ को विश्वास है कि अच्छे गवर्नेंस का सरकार की नीतियों के प्रति प्रोएक्टिव रहते हुए प्रबन्धन की न्यासधारिता, सशक्तिकरण और जवाबदेही प्रतिष्ठित करनी चाहिए । आई टी पी ओ की गवर्नेंस प्रक्रिया, इसके उददेश्य — उद्योग एवं व्यापार जगत को व्यापक स्तर पर सुविधाएं प्रदान करना तथा भारत का व्यापार बढ़ाने में उत्प्रेरक के रूप में कार्य करने पर केन्द्रित है। आई टी पी ओ भारत में अन्तरराष्ट्रीय व्यापार मेलों के आयोजन को अनुमोदित करता है और भारत में विभिन्न प्रदर्शनियों के आयोजन को नियंत्रित करता है जिसमें मुख्य रूप से एक ही प्रकार की प्रदर्शनियों के दुहराव से बचा जा सके और उचित समय का चयन सुनिश्चित किया जा सके । यह संगठन भारत में विश्व स्तर के एकमात्र प्रदर्शनी मैदान का प्रबन्ध कर रहा है जिसे उत्कृष्ट स्तर पर तैयार रखने के लिए उसका निरन्तर उन्नयन किया जाता है।

आई टी पी ओ के मुख्य कार्यकलाप और सेवाएं हैं:-

- भारत में आयोजित किए जाने वाले अन्तरराष्ट्रीय व्यापार मेलों एवं प्रदर्शनियों का भारत एवं विदेशों में प्रचार करना तथा उनमें भाग लेने हेतु विदेशी भागीदारों को मोबिलाइज करना ।
- भारत तथा विदेशों में ऐसे मेले एवं प्रदर्शनियों का आयोजन करना जो व्यापार वस्तुओं से सम्बन्धित हों
- निर्यात बढ़ाने एवं परम्परागत वस्तुओं के निर्यात को बढ़ाने हेतु नये बाजारों की खोज और नये उत्पादों के निर्यात का विकास, विविधता को बनाए रखना एवं निर्यात व्यापार का विस्तार करना।
- छोटे एवं मझौले उद्यमों को भारत एवं विदेशों के बाजार में पांव जमाने के लिए सहायता करना ।
- भारत में व्यापार एवं उद्योग जगत के बीच व्यापार सम्बन्धी डाटाबेस तैयार करना तथा उसे अद्यतन करना तथा उसका प्रचार-प्रसार करना ।

- व्यापार संबंधी विषयों पर सेमिनार, सम्मेलन और कार्यशालाएं आयोजित करना।

- अपने प्रदर्शनी हाल एवं सुविधाएं, व्यापार संबंधी कार्यक्रमों के आयोजन के लिए अन्य आयोजकों को किराए पर देना ।

कार्पोरेट गवर्नेंस की शर्तों का कम्पनी द्वारा अनुपालन तथा उस बारे में कम्पनी अधिनियम 1956 के अन्तर्गत अपेक्षाओं का खुलासा इस प्रकार है :-

2. **निदेशक मण्डल**

2.1 **निदेशक मण्डल का आकार**

आईटीपीओ कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 25 के अनुसार चैरिटेबल संगठन है तथा इस समय इसकी कुल चुकता शेयर पूंजी का 99.98 प्रतिशत भाग भारत के राष्ट्रपति के पास है। इसके अन्तर्नियमों के अनुसार इसके निदेशक नियुक्त करने का अधिकार भारत के राष्ट्रपति के पास है ।

कम्पनी के अन्तर्नियमों के अनुसार निदेशकों की संख्या चार से कम तथा बारह से अधिक नहीं होगी ।

2.2 **निदेशक मण्डल की संरचना**

31 मार्च 2013 की स्थिति के अनुसार निदेशक मण्डल में कुल 9 निदेशक हैं जिनमें से अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक सहित 2 निदेशक प्रकार्यात्मक तथा 4 निदेशक भारत सरकार के नामित तथा 3 स्वतंत्र निदेशक हैं ।

श्रीमती रीता मेनन ने 3 जनवरी 2012 को आईटीपीओ के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक का कार्य भार ग्रहण किया है तथा इस पद पर विद्यमान हैं ।

2.3 **निदेशक मण्डल की बैठक और उसमें उपस्थिति**

निदेशक मण्डल की बैठकें प्राय: कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में आयोजित की जाती हैं । इन बैठकों का समय सामान्यत: पर्याप्त समय पहले तय हो जाता है तथा इसकी सूचना, विस्तृत बोर्ड एजेण्डा, मैनेजमेंट रिपोर्ट तथा अन्य स्पष्टीकरण बोर्ड नोट से निदेशकों में परिचालित किए जाते हैं । निदेशक मण्डल के सदस्यों को कम्पनी के बारे में संपूर्ण जानकारी मिलती है । निदेशक मण्डल द्वारा बैठकों में जिन मुद्दों पर चर्चा की जाती है उनके बारे में अपेक्षित अतिरिक्त जानकारी देने हेतु इन बैठकों में प्रबन्धन के वरिष्ठ अधिकारियों को भी आमन्त्रित किया जाता है ।

31 मार्च 2013 को समाप्त वित्त वर्ष में बोर्ड की 5 बैठकें क्रमश: 8 जून 2012, 27 अगस्त 2012, 21 नवम्बर 2012, 10 दिसम्बर 2012 और 27 फरवरी 2013 को हुई ।

वित्त वर्ष 2012-13 के दौरान निदेशकों की उपस्थिति वाली निदेशक मण्डल की बैठकों की संख्या, पिछली आम वार्षिक बैठक में (एजीएम) उपस्थिति, आईटीपीओ से अन्य निदेशकों (पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों/समिति के सदस्यों अर्थात् लेखा परीक्षा समिति, पारिश्रमिक समिति के सदस्यों) की संख्या का विवरण नीचे सारिणी में दिया गया है :-

क्रमांक	निदेशक का नाम	बोर्ड की बैठकें		9 नवम्बर 2011 को हुई आम वार्षिक बैठक में उपस्थिति	31 मार्च 2013 को		
		कार्यकाल में हुई बैठकें	उपस्थिति		अन्य निदेशकों की संख्या	अन्य समितियों के सदस्यों की संख्या	
						अध्यक्ष के रूप में	सदस्य के रूप में
1	श्रीमती रीता मेनन	5	5	हां	2		
2	श्री नीरज कुमार गुप्ता (25.10.2013 तक)	2	2	नहीं	2		
3	श्री असित कुमार त्रिपाठी (23.01.2013तक)	2	2	नहीं	2		
4	श्री मलय श्रीवास्तव (24.01.2013 से)	1	1	नहीं	–		
5	श्रीमती अनिता अग्निहोत्री	3	2	नहीं	5		
6	श्री जे. एस.दीपक	5	3	नहीं	0		
7	श्री सी. के. मिश्रा	5	2	नहीं	1		
8	श्री प्रभात कुमार	4	3	नहीं	2		
9	डा. राजन कटोच (18.06.2012 तक)	1	0	नहीं	2		
10	सुश्री राधिका एल. लोकेश (23.07.2012 तक)	1	0	नहीं	0		
11	श्री अभिजीत बासु	5	5	लागू नहीं	–		
12	श्री एस.एम .लोढ़ा	5	5	लागू नहीं	5		
13	श्री डी.एस. रावत	5	1	लागू नहीं	1		

नोट : भारतीय कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 25 के अन्तर्गत प्राइवेट कम्पनियां, विदेशी कम्पनियां और कम्पनियों में निदेशक होने पर विचार किया गया है ।

2.4 वित्तीय वर्ष 31 मार्च 2013 के दौरान नियुक्त/पुनर्नियुक्त निदेशकों का ब्यौरा

क्रमांक	निदेशक का नाम	जन्म तिथि	नियुक्ति/ प्रतिनियुक्ति की तिथि	अन्य कम्पनियों में धारित पद	कम्पनी में धारित शेयरों की संख्या
1	श्री सी.के. मिश्रा	16.05.1960	11.05.2012	आईआईएफटी	

2	सुश्री अनिता अग्निहोत्री	10.10.1956	18.06.2012	1. एमएमटीसी 2. एसटीसी लि. 3. एनटीसी 4. जूट कारपोरेशन आफ इण्डिया 5. बी.आई.सी. लि.	
3	श्री प्रभात कुमार	06.05.1967	24.07.2012	1. एनएसआईसी लि. 2.डीएसआईआईडीसी	
4.	श्री ए.के. त्रिपाठी	23.12.1960	07.11.2012	1. अपेडा	
5.	श्री मलय श्रीवास्तव	23.11.1964	24.01.2013	1. केटीपीओ 2. टीएनटीपीओ	

2.5 **निदेशक मण्डल को निम्नलिखित जानकारी भी दी जाती है :-**

निदेशक मण्डल को कम्पनी के बारे में सभी जानकारियां दी जाती हैं । उन्हें ये जानकारियां नियमित रूप से दी जाती हैं:-

1. वार्षिक परिचालन योजनाएं और बजट तथा कोई भी अद्यतन जानकारी ।
2. वार्षिक लेखे, निदेशकों की रिपोर्ट आदि ।
3. आडिट कमेटी तथा निदेशक मण्डल की अन्य कमेटियों की बैठकों के कार्यवृत्त ।
4. प्रमुख निवेश, अनुषंगी कम्पनियों, संयुक्त उद्यमों और स्टेटेजिक अलायंसों आदि की जानकारी ।
5. बड़े ठेके देना ।
6. निदेशकों का किन्हीं अन्य कम्पनियों में निदेशक बनने तथा कमेटियों में उनकी हैसियत-इनमें उनके हित का खुलासा ।
7. विभिन्न चालू परियोजनाओं/स्कीमों तथा उनमें बजट के उपयोग की स्टेटस रिपोर्ट ।
8. वेतन समझौते पर हस्ताक्षर करना आदि जैसे मानव संसाधन/औद्योगिक संबंधी विषयक कोई भी महत्वपूर्ण घटनाक्रम ।
9. किसी भी नियामक, विधायी एवं शेयरधारकों संबंधी सेवा का अनुपालन नहीं होना ।
10. अधिशेष फण्डों का अल्पकालिक निवेश ।
11. भौतिक रूप से महत्वपूर्ण अन्य जानकारी ।

3. **निदेशक मण्डल की कमेटियां**

निदेशक मण्डल ने निम्नलिखित कमेटियां गठित की हैं :-
(।) आडिट कमेटी
(।।) पारिश्रमिक कमेटी

3.1 **आडिट कमेटी की संरचना**

इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन ने मई 2010 में कारपोरेट गवर्नेन्स के बारे में लोक उद्यम विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन किया है । इसके परिणामस्वरूप निदेशक मण्डल में तीन स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति की गयी है । इस आडिट कमेटी का पुनर्गठन लोक उद्यम विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार किया गया है ।

क्रमांक	**समिति के सदस्य का नाम**	**पदनाम**	**समिति में पद**
1.	अभिजीत बासु	स्वतंत्र निदेशक	अध्यक्ष
2.	अनिता अग्निहोत्री	अंशकालिक सरकारी निदेशक	सदस्य
3.	नीरज कुमार गुप्ता	फंक्शनल निदेशक	सदस्य (25.10.2012 तक)
4.	मलय श्रीवास्तव	फंक्शनल निदेशक	सदस्य
5.	एस.एम. लोढ़ा	स्वतंत्र निदेशक	सदस्य
6.	डी.एस. रावत	स्वतंत्र निदेशक	सदस्य

3.2 वर्ष 2012-13 के दौरान आडिट कमेटी की बैठकें और उनमें उपस्थिति

वर्ष 2012-13 के दौरान आडिट कमेटी की चार बैठकें क्रमश: 12 जुलाई 2012, 27 अगस्त 2012, 30 अक्तूबर 2012 और 27 फरवरी 2013 को हुई ।

निदेशक का नाम	समिति में पद	बैठकें	
		कार्यकाल के दौरान हुई बैठकें	भाग लिया
अभिजीत बासु	अध्यक्ष	4	4
एस.एम. लोढ़ा	सदस्य	4	4
डी.एस. रावत	सदस्य	4	1
अनिता अग्निहोत्री*	सदस्य	4	1
नीरज कुमार गुप्ता**	सदस्य	2	2
ए.के त्रिपाठी***	सदस्य	-	-
मलय श्रीवास्तव****	सदस्य	1	1

* निदेशक के रूप में 18.06.2012 को नियुक्त ।

** 25.10.2012 को कार्यकारी निदेशक का पद छोड़ दिया ।

*** 07.11.2012 को कार्यकारी निदेशक के पद का प्रभार लिया और 23.01.2013 को छोड़ दिया ।

**** 24.01.2013 को कार्यकारी निदेशक के पद का प्रभार सम्भाला ।

3.3 पारिश्रमिक समिति की संरचना

इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन ने लोक उद्यम विभाग द्वारा मई 2010 में कारपोरेट गवर्नेंस के संबंध में जारी-दिशा निर्देशों का अनुपालन किया है। लोक उद्यम विभाग के निर्देशानुसार बोर्ड में तीन स्वतन्त्र निदेशकों की नियुक्ति के बाद पारिश्रमिक समिति का गठन किया गया।

क्रम सं.	पारिश्रमिक समिति के सदस्यों के नाम	पद नाम	पारिश्रमिक समिति में पद
1.	श्री अभिजीत बासु	स्वतन्त्र निदेशक	अध्यक्ष
2.	श्री एस.एम. लोढ़ा	स्वतंत्र निदेशक	सदस्य
3.	सुश्री अनिता अग्निहोत्री	आधिकारिक निदेशक	सदस्य
4.	श्री जे.एस. दीपक	आधिकारिक निदेशक	सदस्य
5.	श्री सी.के. मिश्रा	आधिकारिक निदेशक	सदस्य

3.4 वर्ष 2012-13 के दौरान पारिश्रमिक समिति की बैठकें और उनमें उपस्थिति

25 मार्च, 2013 को पारिश्रमिक समिति की एक बैठक हुई।

निदेशक का नाम	पारिश्रमिक समिति में पद	बैठकें	
		कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकें	उपस्थिति
श्री अभिजीत बासु	अध्यक्ष	1	1
श्री एस.एम. लोढ़ा	सदस्य	1	1
सुश्री अनिता अग्निहोत्री*	सदस्य	1	1
श्री जे.एस. दीपक	सदस्य	1	1
श्री सी.के. मिश्रा**	सदस्य	1	0

*18.06.2012 को निदेशक नियुक्त
**11.05.2012 को निदेशक नियुक्त

4. निदेशकों का पारिश्रमिक

अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक तथा कर्मचारी निदेशक को दिये गये पारिश्रमिक के अतिरिक्त यह कम्पनी निदेशक मण्डल की अथवा निदेशक मण्डल की उप-समिति की बैठकों में भाग लेने वाले प्रत्येक अंशकालिक स्वतन्त्र निदेशक को 10,000 रुपये प्रति बैठक सीटिंग फीस देती है। परन्तु कम्पनी अंशकालिक सरकारी नामितियों को कोई फीस नहीं देती है।

इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन

5. आम सभा की बैठक

पिछली तीन वार्षिक आम बैठकों के आयोजन की तिथि, समय और स्थान का ब्यौरा इस प्रकार है:-

वर्ष	तिथि	समय	स्थान	विशेष संकल्प
2009-10	30.11.2010	दोपहर पूर्व 11.30 बजे	प्रगति भवन, प्रगति मैदान, नई दिल्ली 110001	शून्य
2010-11	9-11-2011	दोपहर पूर्व 11.30 बजे	प्रगति भवन, प्रगति मैदान, नई दिल्ली 110001	शून्य
2011-12	21-11-2012	सायं 4.00 बजे	प्रगति भवन, प्रगति मैदान, नई दिल्ली 110001	हां- एक

6. प्रकटीकरण (डिस्क्लोजर)

(i) सम्बन्धित पार्टियों के साथ किये गये लेन-देन में ये शामिल हैं:- (i) संयुक्त उद्यम समझौते के अन्तर्गत तथा कार्यों/ सेवाओं की संविदाओं के कारण कम्पनियों को किया गया भुगतान (ii) महत्वपूर्ण प्रबन्धन कार्मिकों को दिया गया पारिश्रमिक और (iii) अनुषंगी कम्पनियों को इक्विटी अंशदान जो बड़े स्तर पर कम्पनी हित के संभावित विवाद के रूप में नहीं हैं। संबंधित पार्टी लेन-देन संबंधी विस्तृत ब्यौरे, इन्स्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउण्टेन्ट्स ऑफ इंडिया द्वारा जारी तथा केन्द्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय लेखा गणना मानक सलाहकार समिति के परामर्श से अधिसूचित लेखा गणना मानक-18 के अनुसार लेखा संबंधी टिप्पणियों में शामिल किए गए हैं।

(ii) आईटीपीओ लागू होने योग्य एकाउंटिंग स्टैण्डर्डो का अनुपालन कर रहा है। केवल सांविधिक लेखापरीक्षकों तथा नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा वित्तीय ब्यौरों की जांच के बाद बोर्ड पारित करता है। वित्त वर्ष 2012-13 का तुलन-पत्र, लाभ एवं हानि लेखा तथा कैश फ्लो विवरण कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 211 की उपधारा (3सी) में उल्लिखित एकाउंटिंग स्टैण्डर्डों के अनुसार तैयार किये गये हैं।

(iii) पिछले तीन वर्ष के दौरान कम्पनी पर सरकार द्वारा जारी किये गये दिशा निर्देशों से संबंधित किसी मामले के बारे में सांविधिक प्राधिकरण द्वारा कोई दण्ड अवक्षेप नहीं दिया गया है।

(iv) व्हीसिल ब्लोअर नीति के संबंध में कम्पनी ने नीति का मसौदा तैयार कर लिया है जिसका सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित करना है।

(v) आई टी पी ओ के वरिष्ठ प्रबन्धन ने घोषणा की है कि उनका अपना कोई व्यक्तिगत हित नहीं है जिसका डी पी ई के कारपोरेट गवर्नेंस संबंधी दिशा-निर्देशों के खंड 7.5.2 दृष्टि से कम्पनी के हितों के साथ कोई सम्भावित टकराव हो।

(vi) एकाउंटिंग स्टैण्डर्डों-21,23 और 27 के अनुसार समेकित वित्तीय विवरणों को तैयार करना आई टी पी ओ पर लागू नहीं होता हैं, क्योंकि आई टी पी ओ सूचीबद्ध कम्पनी नहीं है।

(vii) एकाउटिंग स्टैण्डर्डों 17 के प्रावधानानुसार 'सेगमेन्ट रिपार्टिंग' के मामले में आई टी पी ओ लोक उद्यम विभाग के दिशा-निर्देशों का अनुपालन कर रहा है।

(viii) लोक उद्यम विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार तैयार एक व्यापक रिस्क मैनेजमेंट पालिसी का निदेशक मंडल ने 26.3.2013 को अनुमोदन कर दिया है।

(ix) लेखा पुस्तकों में व्यय की ऐसी कोई मद दर्ज नहीं की गयी जो संगठन के प्रयोजन के लिए नहीं थी।

(x) निदेशक मण्डल के सदस्यों के लिए निजी किस्म का कोई व्यय कम्पनी की निधि से नहीं किया गया।

(xi) कर्मचारियों के लाभ संबंधी व्यय और कुल व्यय स्थिति इस प्रकार है:-

क्रमांक	विवरण	2012-13	2011-12
1	कर्मचारी लाभ व्यय	98.86 करोड़ रुपये	100.54 करोड़ रुपये
2	कुल व्यय	184.29 करोड़ रुपये	190.76 करोड़ रुपये

7. संचार साधन

यह कम्पनी एक गैर सरकारी कम्पनी है, इसलिए यह तिमाही/ छ:माही आधार पर कम्पनी के परिणामों के संबंध में कोई सूचना प्रेषित नहीं कर रही है।

8. लेखा परीक्षा योग्यता

लेखा परीक्षा वित्त वर्ष 2012-13 के लिए लेखा परीक्षा निष्कर्ष/ टिप्पणियां तथा प्रबन्धन के उत्तर निदेशकों की रिपोर्ट में शामिल किये गये हैं।

9. बोर्ड के निदेशकों का प्रशिक्षण

2012-13 के दौरान आई टी पी ओ के निदेशक मण्डल के सदस्यों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन नहीं किया गया। तथापि निदेशक संस्थान की संकाय ने 25 जून 2013 को पहले प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया था। इसके बाद 23 अगस्त 2013 को दूसरे सत्र का आयोजन किया गया जिसमें हाल ही में पारित कम्पनी बिल 2012 का बोर्ड रूम पर पड़ने वाले प्रभावों पर फोकस गया है।

10. व्हीसिल ब्लोअर पालिसी

आई टी पी ओ ने अपनी व्हीसिल ब्लोअर नीति बनायी है जिसको अभी सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित किया जाना है।

11. कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व

कम्पनी ने ऐसे सम्भावित लाभार्थियों की पहचान करने के लिए जिनको दिनचर्या में उपकरणों की आवश्यकता पड़ती है उनकी पहचान करने के लिए दिल्ली सरकार के समाज कल्याण विभाग से सहायता प्राप्त करने के लिए अनुरोध किया। इस विभाग ने 745 ऐसे व्यक्तियों की पहचान की जिनको व्हीलचेयर या तिपहिया साइकिल और ब्रेलस्टिक और स्लेट की आवश्यकता थी। इनकी सम्पूर्ण मांग को पूरा करने के लिए आर्टिफिसीयल लिम्ब्स मैन्यूफैक्चरिंग कारपोरेशन आफ इण्डिया, कानपुर से उपकरणों एवं सहायक उपकरणों की खरीद की।

इनके अलावा कम्पनी ने समाज कल्याण विभाग को चार अम्बुलेंस उपलब्ध करायी। दिल्ली सरकार की समाज कल्याण मंत्री प्रो. किरण वालिया ने सभी सहायक सामग्री तथा उपकरणों तथा चार अम्बुलेंसों को लाभार्थियों को प्रदान किया।

ह./-
(रीता मेनन)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन नं. 00543058

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 24 सितम्बर 2013

अनुबंध-V

कार्पोरेट गवर्नेंस सम्बन्धी प्रमाण-पत्र

सेवा में,

सदस्यगण,
इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन,
नई दिल्ली

हमने, सरकारी उद्यम विभाग, भारी उद्योग और सरकारी उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार (डीपीई) द्वारा जारी किए गए केन्द्रीय सरकारी उद्यम 2010 के कार्पोरेट गवर्नेंस सम्बन्धी मार्गदर्शी सिद्धान्तों तथा उनके अन्तर्गत उल्लिखित अनुबंध में यथाविहित रूप में, 31 मार्च 2013 को समाप्त वर्ष के लिए इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन के कार्पोरेट गवर्नेंस की सभी शर्तों के अनुपालन में जांच कर ली है।

कार्पोरेट गवर्नेंस की शर्तों के अनुपालन की जिम्मेदारी प्रबंधन की है। हमारी जांच कम्पनी द्वारा कार्पोरेट गवर्नेंस की शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उपर्युक्त मार्गदर्शी सिद्धान्तों में यथाविहित रूप में कम्पनी द्वारा अपनाई गयी प्रक्रिया और उनके कार्यान्वयन तक सीमित थी। यह न तो कम्पनी के वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा है और न ही उनके बारे में राय की अभिव्यक्ति है।

हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी और हमारे द्वारा की गई जांच के अनुसार हम यह प्रमाणित करते हैं कि कम्पनी ने डीपीई के मार्गदर्शी सिद्धान्तों में यथाविहित रूप में कार्पोरेट गवर्नेंस की शर्तों का अनुपालन किया।

हमारा यह भी कथन है कि इस तरह का अनुपालन न तो कम्पनी की भावी जीवन क्षमता और न ही उसकी कार्यकुशलता और उस प्रभावकारिता का आश्वासन है जिससे प्रबन्ध ने कम्पनी के कार्यों का संचालन किया है।

कृते चन्द्रशेखरन एसोसिएट्स
कम्पनी सचिव

ह./-
(डा. एस. चन्द्रशेखरन)
वरिष्ठ साझीदार
(सदस्यता संख्या एफ सी एस 1644, सीपी 715)

स्थान: दिल्ली
दिनांक: 08.10.2013

अनुबंध-VI

प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट

आई टी पी ओ की समृद्धि- एक दृष्टि

31 मार्च 2013 को समाप्त वर्ष के लिए कम्पनी के परिचालनों से, मौद्रिक वर्ष 2011-12 के 183.03 करोड़ रुपये के मुकाबले और वर्ष 2010-11 वित्तीय मौद्रिक वर्ष के 70.87 करोड़ रुपये के मुकाबले 152.29 करोड़ रुपये का अधिशेष प्राप्त हुआ। ये आंकड़े पिछले 2 मौद्रिक वर्षों अर्थात् 2011-12 और 2010-11 की तुलना में क्रमश: 16.79 प्रतिशत की गिरावट और 114.89 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाते हैं। वर्ष 2012-13 के दौरान सृजित आय के कुल आंकड़े 2011-12 के 373.80 करोड़ रु. और वर्ष 2010-11 के 305.12 करोड़ रु. के मुकाबले 336.58 करोड़ रु. है।

कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 25 के अन्तर्गत गठित इस कम्पनी के ज्ञापन और संस्था की नियमावली के अनुसार कोई लाभांश देय नहीं है । अत: व्यय के मुकाबले आय की इस अधिक राशि 152.29 करोड़ रुपये को कम्पनी के लक्ष्यों को आगे बढ़ाने हेतु उपयोग करने के लिए आरक्षित और अधिशेष लेखा में अग्रेषित किया गया है।

भावी संभावनाएं

कम्पनी की योजना वर्ष 2013-14 के दौरान 100 करोड़ रुपये का निवल अधिशेष अर्जित करने की है। यह इस आशा पर आधारित है कि सकल बिक्री बढ़कर 225.00 करोड़ रुपये हो जायेगी और 104.00 करोड़ रुपये का सकल लाभ होगा।

कम्पनी का प्रस्ताव है कि प्रगति मैदान को चरणबद्ध ढंग से एक आधुनिक तरीके से एकीकृत प्रदर्शनी एवं कन्वेंशन सेन्टर के रूप में पुनर्विकसित किया जाये। इस परियोजना का पहला चरण, 2014 के आरम्भ से मध्य तक की अवधि के दौरान आरंभ किए जाने की योजना है।

यह भी कम्पनी के छवि निर्माण अभियान की ही मांग है कि कम्पनी द्वारा आयोजित सभी मेलों का पंजीकरण 2013-14 के दौरान ट्रेडमार्क पंजीयक के पास कराये जाने की आशा है।

अन्य व्यापार संवर्धन संगठनों के साथ सहयोग

आईटीपीओ सदस्यता अथवा समझौता ज्ञापन जैसी सहयोगकारी व्यवस्था के जरिये व्यापार और वाणिज्य क्षेत्रों में अन्तरराष्ट्रीय संगठनों के साथ नैटवर्किंग कर रहा है। आईटीपीओ ने कतार के जनरल टूरिज्म एजेंसी के साथ करार पर हस्ताक्षर किये हैं। जिसके अन्तर्गत प्रकाशनों और अपने-अपने देश में दोनों पक्षों द्वारा आयोजित किये जाने वाले मेलों के कैलेण्डर के आदान-प्रदान सहित एक दूसरे के कार्यकलापों के क्षेत्र से संबंधित सूचनाओं को आदान-प्रदान किया जायेगा। राष्ट्रीय संगठनों में आईटीपीओ ने व्यापार संवर्धन के क्षेत्र में सहयोग के लिए मदुरै जिला अति लघु एवं लघु उद्योग एसोसिएशन (मेडीटीसिया) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये।

इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन

आईटीपीओ एशिया व्यापार संवर्धन मंच (केटीपीएफ) का संस्थापक सदस्य भी है और इसने मार्च 5-7 मार्च 2013 के दौरान आगरा में एटीपीफ के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों की वार्षिक बैठक की मेजबानी की। इस बैठक में आईटीपीओ सहित 22 देशों के सदस्य व्यापार संवर्धन के 51 प्रतिनिधि मण्डलों ने भाग लिया और वैश्विक रूप से जुड़े बाजारों में व्यापार संवर्धन संगठनों की भूमिका विषय को 26वीं बैठक के लिए स्वीकृत विषय से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय विचार-विमर्श किया गया।

आईटीपीओ अपने कार्यकलापों के प्रकाशन के लिए और प्रगति मैदान के मेला स्तर को प्रमोट करने के लिए इंडिया कन्वेंशन प्रमोशन ब्यूरो (आईसीपीबी) का सदस्य भी बन गया।

कम्पनी के कार्य निष्पादन का विवरण देने वाली इस प्रबंधन विश्लेषण और चर्चा रिपोर्ट में दिये गये विवरण लागू होने वाले कानूनों और विनियमों की दृष्टि से भविष्यलक्षी हो सकते हैं। विभिन्न सरकारी नीतियों और विद्यमान आर्थिक स्थितियों के आधार पर ये परिणाम यहां अभिव्यक्त अथवा लक्षित परिणामों से भिन्न हो सकते हैं।

अनुबंध-VII

सचिवीय अनुपालन प्रमाण-पत्र

कम्पनी की अभिज्ञान संख्या : यू 74899 डी एल 1976 एन पी एल 008453
अंकित पूंजी: 50,00,000/- रु.

सेवा में,
सदस्यगण
मैसर्स इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन
प्रगति भवन, प्रगति मैदान
नई दिल्ली-110001

हमने कम्पनी अधिनियम 1956 के अधीन मैसर्स इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन (धारा 25 के अधीन गठित कम्पनी) जिसका पंजीकृत कार्यालय प्रगति भवन, प्रगति मैदान, नई दिल्ली-110001 में है, के 31 मार्च 2013 (वित्त वर्ष) को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए उन रजिस्टरों, अभिलेखों, बहियों तथा कागजातों की जांच कर ली है जो कम्पनी अधिनियम 1956 (अधिनियम) और तदन्तर्गत निर्मित नियमों और कम्पनी के ज्ञापन तथा अन्तर्नियमावली में अन्तर्विष्ट प्रावधानों के अनुसार रखने अपेक्षित हैं। हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी तथा हमारे द्वारा की गई जांच के अनुसार एवं कम्पनी, इसके अधिकारियों और एजेन्टों द्वारा हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के आधार पर हम उपर्युक्त वित्त वर्ष के बारे में यह प्रमाणित करते हैं कि :-

1. कम्पनी ने इस अधिनियम के प्रावधानों तथा उनके अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुरूप सभी रजिस्टर बनाये हैं जो इस प्रमाण पत्र के **'अनुबंध-क'** में वर्णित हैं और उनमें सभी प्रविष्टियां यथोचित रूप से अंकित हैं।

2. कम्पनी ने अधिनियम एवं इसके लिए बने नियमों के अन्तर्गत यदि विलम्बित है तो अतिरिक्त शुल्क सहित निर्धारित समय के अन्दर कम्पनी रजिस्ट्रार के पास इस प्रमाण पत्र के **'अनुबंध-ख'** में विहित फार्म एवं विवरणियां जमा कर दी हैं।

3. धारा 25 के अंतर्गत पंजीकृत होने के कारण कम्पनी के पास निर्धारित न्यूनतम प्रदत्त शेयर पूंजी जरूरी नहीं है और उक्त वित्त वर्ष के दौरान इसके सदस्यों की संख्या तीन थी जिसमें इसके वर्तमान और पूर्व कर्मचारी शामिल नहीं हैं और समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कम्पनी ने -

   (i) अपने शेयर अथवा डिबेन्चर खरीदने के लिए आम जनता को आमंत्रित नहीं किया है।

   (ii) अपने सदस्यों, निदेशकों या उनके रिश्तेदारों के अलावा अन्य किसी व्यक्ति से कोई जमा राशि न तो आमंत्रित की है और न ही स्वीकार की है।

4. वर्ष के दौरान निदेशक मंडल की 5 (पांच) बैठकें क्रमश: 8 जून 2012, 27 अगस्त 2012, 21 नवम्बर 2012, 10 दिसम्बर 2012 और 27.2.2013 को हुई थी जिनके संबंध में बैठकों के समुचित नोटिस दिये गये थे और जिनकी कार्यवाही इस प्रयोजन से बनायी गयी कार्यवृत्त पुस्तिका में उचित रूप से अभिलिखित है और हस्ताक्षरित की गई थी।

5. समीक्षाधीन वित्त वर्ष के दौरान कम्पनी द्वारा अपने सदस्यों तथा डिबेंचर होल्डरों का रजिस्टर बंद करना अपेक्षित नहीं था।

6. कम्पनी के सदस्यों को नोटिस देकर, 31.3.2012 को समाप्त वित्त वर्ष की 35वीं वार्षिक आम बैठक 21 नवम्बर 2012 को आयोजित हुई थी और उसमें पारित प्रस्तावों को इस प्रयोजन के लिए रखी गयी कार्यवृत्त पुस्तिका में यथोचित रूप से रिकार्ड किया गया था। वार्षिक आम बैठक की तिथि बढ़ाने के लिये आवश्यक स्वीकृति अधिनियम के संगत उपबन्धों के अन्तर्गत कम्पनी रजिस्ट्रार से उसके पत्र दिनांक 17.09.2012 द्वारा प्राप्त कर ली गयी थी।

7. समीक्षाधीन वित्त वर्ष के दौरान कोई असाधारण आम बैठक आयोजित नहीं की गयी।

8. प्राइवेट कम्पनी होने के कारण इस पर अधिनियम की धारा 295 लागू नहीं होती।

9. वित्त वर्ष 2012-13 के दौरान कम्पनी ने कोई ऐसी संविदा नहीं की है जो इस अधिनियम की धारा 297 के अधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत आती हो।

10. कम्पनी ने अधिनियम की धारा 301 के अधीन रखे गये रजिस्टर में आवश्यक प्रविष्टियां कर ली हैं।

11. चूंकि ऐसे कोई मामले नहीं थे जो कम्पनी अधिनियम की धारा 314 के अधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत आते हों, अत: कम्पनी ने वर्ष के दौरान अपने निदेशक मण्डल से, उसके सदस्यों अथवा केन्द्र सरकार से कोई अनुमोदन प्राप्त नहीं किया है।

12. इस वित्त वर्ष के दौरान कम्पनी ने शेयर प्रमाण पत्रों की कोई दूसरी प्रतिलिपि जारी नहीं की है।

13. कम्पनी ने :

(i) समीक्षाधीन अवधि के दौरान अधिनियम के उपबन्धों के अनुसार शेयरों के अन्तरण के लिये अवस्थिति संबंधी सभी प्रमाण पत्रों की सुपुर्दगी कर दी है। वित्त वर्ष के दौरान प्रतिभूतियों का आबंटन नहीं किया है।

(ii) चूंकि यह कम्पनी, कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 25 के अन्तर्गत निगमित है, अत: इसे अपने सदस्यों को कोई लाभांश देना मना है और इस प्रकार इसको अलग बैंक खाते में कोई राशि जमा कराने की आवश्यकता नहीं थी।

(iii) चूंकि यह कम्पनी, कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 25 के अन्तर्गत निगमित है और इस प्रकार इसे अपने सदस्यों को किसी लाभांश का भुगतान करना मना है, अत: कम्पनी को अपने किसी भी सदस्य को वारन्ट पोस्ट करना आवश्यक नहीं है।

(iv) अदत्त लाभांश खाते, वापसी देय एप्लिकेशन मनी, परिपक्व जमा, परिपक्व डिबेंचर तथा उस पर उद्भूत ब्याज जिसका सात वर्ष से दावा न किया गया हो अथवा भुगतान न किया गया हो, की राशि का अन्तरण निवेशक शिक्षा एवं बचाव फण्ड में कर दिया है।

लागू नहीं होता

(v) कम्पनी अधिनियम की धारा 217 की अपेक्षाओं का अनुपालन किया गया है।

14. कम्पनी के निदेशक मण्डल का विधिवत् गठन किया गया है और निदेशकों की नियुक्ति कम्पनी की नियमावली के अनुसार भारत के राष्ट्रपति द्वारा की गयी है।

15. प्राइवेट कम्पनी होने के कारण, इस कम्पनी पर प्रबंध निदेशक/पूर्णकालिक निदेशक/प्रबंधक की नियुक्ति के संबंध में अधिनियम की धारा 269 के प्रावधान लागू नहीं होते हैं।

16. कम्पनी ने वित्त वर्ष के दौरान कोई भी थोक विक्रेता एजेंट नियुक्त नहीं किये हैं। सरकारी कम्पनी होने के करण कम्पनी पर अधिनियम 1956 की धारा 294 एवं 294 क क के उपबंध लागू नहीं होते।

17. कम्पनी ने अधिनियम के विभिन्न उपबंधों के अन्तर्गत विहित रूप में दिनांक 17.9.2012 के अपने पत्र द्वारा 31 मार्च 2012 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए वार्षिक आम बैठक आयोजित करने के लिए समय बढ़ाने हेतु कम्पनी रजिस्ट्रार की स्वीकृति प्राप्त कर ली थी।

ऊपर उल्लिखित मामलों के अलावा, कम्पनी को अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के अनुसार केन्द्र सरकार, कम्पनी विधि परिषद्, क्षेत्रीय निदेशक, रजिस्ट्रार और/या ऐसी अन्य अथारिटी से स्वीकृति लेना अपेक्षित नहीं था।

18. अधिनियम के उपबंधों और उनके अन्तर्गत बने नियमों के अनुसार निदेशकों ने निदेशक मण्डल को अन्य फर्मों / कम्पनियों में अपना हित स्पष्ट कर दिया है।

19. कम्पनी ने वित्त वर्ष के दौरान कोई शेयर, डिबेंचर या अन्य प्रतिभूतियां जारी नहीं की हैं।

20. कम्पनी ने इस वित्त वर्ष के दौरान कोई शेयर वापस नहीं खरीदा है।

21. चूंकि कम्पनी ने कोई अधिमान शेयर या डिबेन्चर जारी नहीं किया है। अतः इस वित्त वर्ष के दौरान किसी अधिमान शेयर/डिबेंचर का मोचन नहीं किया गया है।

22. ऐसे कोई लेन-देन नहीं हुए जिससे कम्पनी को शेयरों के अन्तरण का रजिस्ट्रेशन होने तक, लाभांश के अधिकारों, राइट शेयरों, बोनस शेयरों को प्रास्थगित करने की आवश्यकता पड़ी हो।

23. कम्पनी ने वित्त वर्ष के दौरान अधिनियम की धारा 58 क और उसके अंतर्गत बनाये गये नियमों के अधिकार क्षेत्रों के अन्तर्गत आने वाले अनारक्षित ऋण सहित किसी भी जमा को आमन्त्रित/स्वीकार नहीं किया है।

24. प्राइवेट कम्पनी होने के कारण, कम्पनी पर वित्त वर्ष के दौरान लिए गए ऋण पर अधिनियम की धारा 293(1)(घ) के उपबंध लागू नहीं होते।

25. प्राइवेट कम्पनी होने के कारण इस पर अधिनियम की धारा 372 क के उपबंध लागू नहीं होते।

26. कम्पनी ने समीक्षाधीन वर्ष के दौरान अपने पंजीकृत कार्यालय को एक राज्य से दूसरे राज्य में अवस्थित करने के लिए ज्ञापन के उपबंधों में कोई परिवर्तन नहीं किया है।

27. कम्पनी ने समीक्षाधीन वर्ष के दौरान अपने उद्देश्यों के संबंध में ज्ञापन के उपबंधों में अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार परिवर्तन किये हैं।

28. कम्पनी ने समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कम्पनी के नाम के संबंध में ज्ञापन के उपबंधों में कोई परिवर्तन नहीं किया है।

कम्पनी ने कम्पनी अधिनियम 1956 को धारा 25 की उपधारा (1) के खण्ड-क के अन्तर्गत अपने आप को सीमित देयता के साथ पंजीकृत कराया। उक्त अधिनियम की धारा 25 की उपधारा 1 के खण्ड ख के अनुसार इसके लाभ की राशि यदि कोई हो, अथवा अन्य आय को इसके उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए प्रयुक्त की जाएगी और इस लाभ की राशि में से इसके सदस्यों को किसी भी प्रकार के लाभांश की अदायगी करना मना है।

यदि कम्पनी बंद करने या उसे विघटित करने के समय उसके सभी ऋणों और देनदारियों का भुगतान करने के बाद और सरकार की कुल पूंजी लौटाने के बाद यदि कोई राशि या सम्पत्ति जो भी हो, बचती है तो उसे कम्पनी के सदस्यों में वितरित नहीं किया जायेगा बल्कि उसे इसके जैसे उद्देश्यों वाली किसी अन्य कम्पनी को दे दिया जायेगा या अन्तरित किया जायेगा जिसका निर्णय कम्पनी के सदस्यों द्वारा किया जायेगा।

(ग) धारक / अंतिमधारक कम्पनी और / या उनकी अनुषंगी कम्पनियों / एसोसिएटों द्वारा धारित शेयर

	31 मार्च 2013 (रुपये में)	31 मार्च 2012 (रुपये में)
इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन धारक कम्पनी प्रत्येक 1000 रुपये मूल्य के पूर्णतया प्रदत्त 2550 इक्विटी शेयर [31.3.2012 को प्रत्येक 1000 रुपये मूल्य के पूर्णतया प्रदत्त 2550 इक्विटी शेयर]	25,50,000.00	25,50,000.00

(घ) कम्पनी में 5 प्रतिशत से अधिक शेयर वाले शेयर धारियों का ब्यौरा

	31 मार्च 2013 (रुपये में)		31 मार्च 2012 (रुपये में)	
	संख्या	धारिता प्रतिशत	संख्या	धारिता प्रतिशत
प्रत्येक 1000 रुपये के पूर्णतया प्रदत्त इक्विटी शेयर				
इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन, धारक - कम्पनी	2550	51%	2550	51%
कर्नाटक इण्डस्ट्रियल एरिया डैवलपमेंट बोर्ड - सहप्रवर्तक	2450	49%	2450	49%

(ङ) संयुक्त उद्यम के भागीदारों को आबंटन के लिये आरक्षित शेयर (कृपया देखें टिप्पणी सं. 5)

4. आरक्षित और अधिशेष

	31 मार्च 2013 (रुपये में)	31 मार्च 2012 (रुपये में)
आय-व्यय लेखा में अधिशेष		
पिछले वित्तीय विवरणों के अनुसार बकाया	8,84,35,279.48	6,00,22,852.79
वर्ष के लिए व्यय से अधिक आय	5,73,62,602.36	2,84,12,426.69
	14,57,97,881.84	**8,84,35,279.48**
कुल आरक्षित और अधिशेष	**14,57,97,881.84**	**8,84,35,279.48**

5. आबंटन होने तक लंबित शेयर आवेदन राशि

31 मार्च 2013 (राशि रु. में)	31 मार्च 2012 (राशि रु. में)
9,94,50,000.00	**9,94,50,000.00**

कर्नाटक ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन

संयुक्त उद्यम भागीदारों द्वारा पूंजी अंशदान : के टी पी ओ, आई टी पी ओ और के आई ए डी बी के माध्यम से कर्नाटक सरकार का संयुक्त उद्यम है जिसकी शेयरधारिता क्रमश: 51 व 49 प्रतिशत है। सह प्रवर्तकों द्वारा दिनांक 16.2.1999 को हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के अनुसार आईटीपीओ को एक प्रदर्शनी हाल का अंशदान करना था और सहप्रवर्तक कर्नाटक सरकार से अपेक्षा की गयी थी कि वह 50 एकड़ विकसित भूमि और अवसंरचना का अंशदान करेगी। वर्ष 2005-2006 के दौरान सहप्रर्वतकों के बीच में यह सहमति हुई कि वे अपनी अधिकृत पूंजी वृद्धि को 2 हजार लाख तक सीमित रखेंगे। मई 2009 में यह संकल्प किया गया था कि अधिकृत पूंजी को 20 करोड़ रु. से बढ़ाकर 35 करोड़ कर दिया जाय और अधीनस्थ ऋण की 7.73 रु. की राशि को इक्विटि में परिवर्तित कर दिया जाय परन्तु ऐसा नहीं किया जा सका क्योंकि इस विषय में आई टी पी ओ के निदेशक मण्डल के निर्णय के बारे में आई टी पी ओ से पुष्टि प्राप्त नहीं हो सकी।

31.3.2013 को आई टी पी ओ और के आई ए डी बी के संयुक्त उद्यम करार के अनुसार क्रमश: 2550 और 2450 शेयर हैं जिससे पता चलता है कि उनके पूंजी अंशदान का अनुपात क्रमश: 51 और 49 प्रतिशत है।

इसके अलावा आई टी पी ओ ने वचनबद्ध शेयरपूंजी अंशदान के बकाया के रूप में 9,94,50,000 रुपये का अंशदान किया था परन्तु इस संबंध में अवधि की कोई शर्त नहीं है जिसके पूर्व यह शेयर आवंटित किये जायें। चूंकि के आई ए डी बी द्वारा भूमि और अतिरिक्त अवसंरचना के रूप में के आई ए डी बी द्वारा तदनुरूप पूंजी अंशदान के बारे में अभी अन्तिम निर्णय किया जाना है इसलिए आबंटन लम्बित रखा गया है। परन्तु शेयर आवेदन राशि के रूप में प्राप्त 9,94,50,000 रुपये के संबंध में आई टी पी ओ को शेयर जारी करने के लिए पर्याप्त प्राधिकृत शेयर पूंजी है। आवंटित किए जाने वाले शेयर बिना प्रीमियम के सममूल्य पर हैं। चूंकि शेयर आवेदन राशि पर कोई ब्याज देय नहीं है इसलिए यह कोई भी राशि संयुक्त उद्यम करार के अनुसार वापसी योग्य नहीं है।

6. दीर्घावधि ऋण (अनारक्षित)

	31 मार्च 2013 (रुपयों में)	31 मार्च 2012 (रुपयों में)
धारक कम्पनी इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन से ब्याज रहित ऋण	**7,73,76,949.97**	**7,73,76,949.97**

दिनांक 16.02.1999 के संयुक्त उद्यम करार के अनुसार आईटीपीओ को प्रदर्शनी परिसर उपलब्ध कराना था। आईटीपीओ द्वारा केटीपीओ को 2005-06 के दौरान सौंपे गये प्रदर्शनी परिसर की मूल लागत 17,66,85,085.97 रुपये थी जो 2011-12 के दौरान संशोधित होकर 17,93,76,947.97 रुपये हो गयी थी।

बोर्ड की क्रमश: 20.09.2002 और 19.06.2003 को हुई छठीं और सातवीं बैठकों में बोर्ड द्वारा किये गये निर्णय के अनुसार संबंधित पूंजी अंशदान (20 करोड़ रुपये का 59 एवं 41 प्रतिशत) से अधिक राशि को ब्याज मुक्त अधीनस्थ ऋण माना जाना है। कम्पनी ने कोई सिक्योरिटी नहीं दी है तद्नुसार 7,73,76,949.97 रुपये को अधीनस्थ ऋण के रूप में दिखाया गया है।

7 अन्य चालू देयताएं

	31 मार्च 2013 (राशि रु. में)	31 मार्च 2012 (राशि रु. में)
अन्य देयताएं		
ग्राहकों से अग्रिम	13,70,269.25	11,68,977.15
देय निगम कर (कृपया देखें टिप्पणी सं. 25)	1,47,39,722.00	1,23,67,535.00
देय लग्जरी टेक्स	2,64,204.00	---
व्यय के लिए ऋण दाता	41,59,144.00	36,71,583.00
देय टी डी एस	16,255.00	11,305.00
देय वेतन कटौतियां	11,180.00	17,940.00
ग्राहकों और ठेकेदारों से सिक्युरिटी जमा	10,36,400.00	6,36,400.00
धारक कम्पनी की ओर बकाया (व्यय के संबंध में)	61,27,731.72	58,60,233.72
	2,77,24,905.97	**2,37,33,973.87**

8 अल्पावधि प्रावधान

	31 मार्च 2013 (राशि रु. में)	31 मार्च 2012 (राशि रु. में)
कर्मचारी लाभ के लिए प्रावधान	3,54,863.00	1,40,312.00

9. मूर्त परिसम्पत्तियां (कम्पनी के स्वामित्व वाली परिसम्पत्तियां)

	प्रदर्शनी परिसर	संयंत्र एवं मशीनरी	फर्नीचर और फिक्सचर	वाहन	कार्यालय उपकरण	कुल
लागत अथवा मूल्यांकन						
1 अप्रैल 2011 को	17,86,00,425.97	82,09,258.16	1,83,399.00	5,32,618.00	2,51,966.75	18,77,77,667.88
वृद्धि	26,91,862.00	1,82,982.00	1,66,171.00		1,08,125.00	31,49,140.00
31 मार्च 2012 को	18,12,92,287.97	83,92,240.16	3,49,570.00	5,32,618.00	3,60,091.75	19,09,26,807.88
वृद्धि		5,058.00		-	36,685.00	41,743.00
31 मार्च 2013 को	18,12,92,287.97	83,97,298.16	3,49,570.00	5,32,618.00	3,96,776.75	19,09,68,550.88
मूल्यह्रास						
1 अप्रैल 2012 को	8,32,64,397.89	13,67,289.22	56,210.00	3,57,843.78	92,337.75	8,51,38,078.64
वर्ष के लिए प्रभार	98,70,086.00	9,98,233.00	42,941.00	45,249.00	30,489.00	1,09,86,998.00
31 मार्च 2012 को	9,31,34,483.89	23,65,522.22	99,151.00	4,03,092.78	1,22,826.75	9,61,25,076.64
वर्ष के लिए प्रभार	88,74,665.00	8,69,698.00	45,325.00	33,534.00	34,708.00	98,57,930.00
31 मार्च 2013 को	10,20,09,148.89	32,35,220.22	1,44,476.00	4,36,626.78	1,57,534.75	10,59,83,006.64
निवल ब्लाक						
31 मार्च 2012 को	**8,81,57,804.08**	**60,26,717.94**	**2,50,419.00**	**1,29,525.22**	**2,37,265.00**	**9,48,01,731.24**
31 मार्च 2013 को	**7,92,83,139.08**	**51,62,077.94**	**2,05,094.00**	**95,991.22**	**2,39,242.00**	**8,49,85,544.24**

10 नकदी और बैंक बैलेंस

	31 मार्च 2013 (रुपये में)	31 मार्च 2012 (रुपये में)
i) नकदी और नकदी समतुल्य		
बैंक में बैलेंस		
बचत/चालू खातों लेखों में	(1,64,766.49)	(3,37,577.64)
अपने पास नकदी	7,578.75	13,192.00
उप कुल	**(1,57,187.74)**	**(3,24,385.64)**
ii) अन्य बैंक बैलेंस		
3 महीने से अधिक परन्तु 12 महीने से कम की मूल परिपक्वता वाली जमा (गैर चालू भाग - शून्य)	23,61,94,000.00	17,93,38,404.00
उप कुल	**23,61,94,000.00**	**17,93,38,404.00**
कुल नकदी और बैंक बैलेंस	**23,60,36,812.26**	**17,90,14,018.36**

11 अल्पावधि ऋण एवं अग्रिम

	31 मार्च 2013 (रुपये में)	31 मार्च 2012 (रुपये में)
i) नकदी और वस्तु के रूप में वसूली योग्य अग्रिम (अनारक्षित और ठीक समझे गये)		
क) बैसकाम (बिजली प्रभार)	5,66,766.00	5,47,801.00
ख) ए जी आफिस (छुट्टी नकदीकरण)	1,17,934.00	1,06,136.00
ग) सी पी डब्ल्यू डी (अनुरक्षण कार्य)	42,81,125.00	---
घ) पूर्व प्रदत्त व्यय	5,217.00	---
ङ) टेलिफोन जमा	1,500.00	---
उप कुल	**49,72,542.00**	**6,53,937.00**
ii) अन्य अग्रिम (अनारक्षित किन्तु अच्छे समझे गये)		
क) सेवाकर - इनपुट कर	1,08,973.56	90,250.00
ख) अग्रिम कर (टीडीएस)	1,76,29,182.95	1,05,29,982.95
ग) सेवाकर (जमा) (कृपया देखें टिप्पणी संख्या 24)	11,77,008.00	---
उप कुल	**1,89,15,164.51**	**1,06,20,232.95**
कुल अल्पावधि ऋण एवं अग्रिम (i+ii)	**2,38,87,706.51**	**1,12,74,169.95**

12 अन्य चालू परिसम्पत्तियां

	31 मार्च 2013 (रुपये में)	31 मार्च 2012 (रुपये में)
स्थाई जमा पर प्रोद्भूत ब्याज	1,07,94,537.77	90,46,595.77
	1,07,94,537.77	**90,46,595.77**

13 परिचालनों से राजस्व

	31 मार्च 2013 को समाप्त वर्ष के लिए (रुपये में)	31 मार्च 2012 को समाप्त वर्ष के लिए (रुपये में)
सेवाओं की बिक्री	6,56,98,652.00	5,58,50,360.00
अन्य परिचालन राजस्व	11,71,186.00	5,40,000.00
	6,68,69,838.00	**5,63,90,360.00**

सेवा प्रदाता का विवरण

	31 मार्च 2013 को समाप्त वर्ष के लिए (रुपये में)	31 मार्च 2012 को समाप्त वर्ष के लिए (रुपये में)
प्रदर्शनी हाल से लाइसेंस फीस, गेट फीस कलैक्शन और यूटिलिटीज के लिए वसूली	**6,56,98,652.00**	**5,58,50,360.00**

14 अन्य आय

	31 मार्च 2013 को (रुपये में)	31 मार्च 2012 को (रुपये में)
ब्याज से आय	1,99,25,940.93	1,42,83,668.84
अन्य गैर-परिचालन आय	91,109.00	42,014.00
	2,00,17,049.93	**1,43,25,682.84**

15 कर्मचारी लाभ व्यय

	31 मार्च 2013 को (रुपये में)	31 मार्च 2012 को (रुपये में)
वेतन	17,53,984.00	12,29,289.00
पेंशन के लिए अंशदान और छुट्टी वेतन	3,02,024.00	1,38,556.00
कर्मचारी कल्याण	2,91,082.00	1,03,898.00
	23,47,090.00	**14,71,743.00**

16 वित्त लागत

	31 मार्च 2013 को (रुपये में)	31 मार्च 2012 को (रुपये में)
बैंक शुल्क	**14,861.00**	**9,714.00**

17 अन्य व्यय

	31 मार्च 2013 को (रुपये में)	31 मार्च 2012 को (रुपये में)
पावर और ईंधन	56,76,231.00	48,81,529.00
भवनों की मरम्मत व रख-रखाव	2,41,663.25	10,12,904.00
संयंत्र और मशीनरी की मरम्मत और रख-रखाव	17,35,772.00	19,57,645.00
एच टी पावर लाइन और टावरों का सिफ्टिंग प्रभार	---	1,21,23,000.00
मरम्मत और रख-रखाव - अन्य	11,88,115.00	12,07,464.00
हाउस कीपिंग और सिक्योरिटी प्रभार	31,54,636.00	30,71,695.00
निगम कर	23,72,187.00	23,72,187.00
जल प्रभार	38,410.00	2,470.00
संचार प्रभार	83,998.44	1,16,483.00
बैण्ड विड्थ प्रभार	4,35,617.00	5,03,797.00
मुद्रण और स्टेशनरी	64,156.00	1,03,281.00
पोस्टेज और कुरियर प्रभार	19,792.00	19,495.00
विज्ञापन और बिक्री संवर्धन	60,000.00	1,23,649.00
कानूनी और व्यावसायिक प्रभार	8,15,206.00	7,00,949.00
यात्रा एवं वाहन	10,65,818.88	7,27,901.00
बीमा	51,268.00	53,033.00
कार्यालय व्यय	2,36,124.00	1,65,342.00
लेखापरीक्षा फीस	35,000.00	25,000.00
बट्टे खाते में डाली गयी गैर वसूली योग्य टी डी एस	---	1,69,833.15
विविध व्यय	1,860.00	5,950.00
पूर्व अवधि की मदें	28,550.00	4,91,554.00
	1,73,04,404.57	**2,98,35,161.15**

लेखापरीक्षक को भुगतान	31 मार्च 2013 को (रुपये में)	31 मार्च 2012 को (रुपये में)
लेखापरीक्षक के रूप में		
लेखापरीक्षक शुल्क	35,000.00	20,000.00
अन्य हैसियत से		
प्रमाणन शूल्क	---	5,000.00
	35,000.00	**25,000.00**
पूर्व अवधि की मदें (टिप्पणी संख्या 17)		
पूर्ववर्ती वर्षों में गलती से आय के रूप में दिखाई गई राशि जो अब प्रत्यावर्तित कर दी गयी है।	---	5,00,000.00
गलती से प्राप्त इनपुट सेवा - कर और बाद में प्रदत्त	---	246
टी डी एस की कम अदायगी	---	30
पूर्ववर्ती वर्षों में गलत दिखायी गयी टी डी एस राशि जो अब ठीक कर दी गयी है	---	2,818.00
पूर्व वर्षो में दिखाया गया अधिक व्यय को ठीक कर लिया गया है	---	(210.00)
2010-11 में गलत टीडीएस को अब ठीक कर दिया गया है	---	(11,330.00)
वित्त वर्ष 2008-09 में वसूल नहीं की गयी टीडीएस के बारे में आयकर विभाग को दी गयी राशि	3,010.00	---
वर्ष 2010-11 के लिये लेखा परीक्षा के संबंध में जेब खर्च की मद में मैसर्स सुधाकर पै एसोसिऐट्स को प्रदत्त राशि जिसके लिये उस वर्ष में प्रावधान नहीं किया गया	10,000.00	---
वर्ष 2011-12 के दौरान वसूल नहीं की गयी टीडीएस राशि की मद में आयकर विभाग के पास जमा की गयी राशि	540.00	---
वर्ष 2011-12 के लिए लेखा परीक्षा फीस के रूप में वाईसीआरजे ऐण्ड एसोसिएट्स को प्रदत्त राशि (कम प्रावधान किया गया)	15,000.00	---
	28,550.00	**4,91,554.00**

18. (i) आय-व्यय लेखा विवरण तैयार करने संबंधी सामान्य अनुदेशों के पैरा 5 (ii), क,ख,घ,ङ और 5 (iii), 5 (viii) क (i और ii) और ग के उपबंधों के अनुसार अतिरिक्त जानकारी नहीं दी गयी है क्योंकि यह कम्पनी निर्माता कम्पनी या व्यापारी कम्पनी नहीं है।

(ii) आय-व्यय लेखा विवरण तैयार करने संबंधी सामान्य अनुदेशों के पैरा 5 (vii) के अनुसार सूचना नहीं दी गयी है क्योंकि कम्पनी की कोई अनुषंगी कम्पनियां नहीं हैं।

		31 मार्च 2013	31 मार्च 2012
(iii)	आयात किये गये सामान का मूल्य - पूंजीगत सामान	शून्य	शून्य
(iv)	रायल्टी, जानकारी, व्यावसायिक और परामर्श फीस, ब्याज और अन्य मामलों में विदेशी मुद्रा में किया गया व्यय	शून्य	शून्य
(v)	अप्रवासी शेयरहोल्डरों की कुल संख्या, उनके पास विद्यमान ऐसे शेयरों की कुल संख्या जिन पर लाभांश देय था और जिस वर्ष से वह लाभांश संबंधित था, का विशेष उल्लेख करते हुए लाभांशों की मद में विदेशी मुद्रा में जमा की गयी राशि	शून्य	शून्य
(vi)	विभिन्न शीर्षों अर्थात् फ्री आन बोर्ड के आधार पर परिकलित सामान का निर्यात, रायल्टी, जानकारी, व्यावसायिक और परामर्श शुल्क, ब्याज और लाभांश अन्य आय के अन्तर्गत वर्गीकृत विदेशी मुद्रा में आय	शून्य	शून्य

19. **संबंधित पार्टी द्वारा की गयी घोषणा**

संबंधित पक्षकारों का नाम एवं संबंध

संबंधित पक्षकारों जहाँ नियंत्रण विद्यमान है

इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन - धारक कम्पनी

कर्नाटक इण्डस्ट्रियल एरिया डेवलपमेन्ट बोर्ड - सह प्रवर्तक

वर्ष के दौरान जिन पार्टियों के साथ लेनदेन हुआ है वे संबंधित पार्टियां

इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन

कर्नाटक इण्डस्ट्रियल एरिया डेवलपमेंट बोर्ड

संबंधित पार्टी लेनदेन

(क) दिनांक 16.2.1999 के समझौता ज्ञापन के अनुसार लिया गया और वापस नहीं करने योग्य ब्याज मुक्त ऋण (कृपया देखें टिप्पणी संख्या 6)

(रुपये में)

	को समाप्त वर्ष	लिया गया ऋण	वापसी	प्रोद्भूत ब्याज	संबंधित पार्टी की ओर बकाया राशि
इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन-धारक कम्पनी	31 मार्च 2013		-	-	7,73,76,949.97
	31 मार्च 2012	26,91,862.00	-	-	7,73,76,949.97

(ख) संबंधित पक्ष को देय राशि (सेवाओं के संबंध में) कृपया देखें टिप्पणी संख्या 7

(रुपये में)

	को समाप्त वर्ष	सेवाओं के लिए	संबंधित पार्टी को देय राशि
i) इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन-धारक कम्पनी	31 मार्च 2013	2,67,498.00	61,27,731.72
	31 मार्च 2012	8,58,870.00	58,60,233.72
ii) कर्नाटक इण्डस्ट्रियल एरिया डेवलपमेंट बोर्ड-सह प्रवर्तक	31 मार्च 2013	5,00,000.00	31,92,000.00
	31 मार्च 2012	5,00,000.00	26,92,500.00

20. **वचनबद्धताएं**	**31 मार्च 2013 को (रुपये में)**	**31 मार्च 2012 को (रुपये में)**
एलटी पैनल बोर्डों को रिअरेंज करने और (ख) प्रदर्शनी केन्द्र की एक बार की मरम्मत और अनुरक्षण के लिए ठेके की अनुमानित राशि	1,11,35,660.00	-

21. संयुक्त उद्यम भागीदारों द्वारा पूंजी अंशदान

के टी पी ओ, आई टी पी ओ और के आई ए डी बी के माध्यम से कर्नाटक सरकार का एक संयुक्त उद्यम है जिसमें उनकी क्रमश: 51 प्रतिशत और 49 प्रतिशत शेयरधारिता है। सह प्रवर्तकों द्वारा हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के अनुसार आई टी पी ओ को एक प्रदर्शनी हाल का निर्माण करना था और कर्नाटक सरकार जो सहप्रवर्तक है, को प्रदर्शनी परिसर के लिये आधारभूत संरचना सहित 50 एकड़ विकसित भूमि देनी थी। वर्ष 2005-2006 के दौरान सह प्रवर्तकों के बीच इस बात पर सहमति हुई कि प्राधिकृत पूंजी वृद्धि को 2000 लाख तक सीमित रखा जाये।

31 मार्च 2013 को आई टी पी ओ ने इक्विटी और शेयर आवेदन राशि के अपने अंश के रूप में 10.20 करोड़ रूपये का अंशदान दे दिया है। इसी तारीख को कर्नाटक सरकार के आई ए डी बी ने 24.50 लाख रूपये नकद तथा पचास एकड़ विकसित भूमि के रूप में अपना अंशदान दे दिया है जिसका मूल्य 10 करोड़ रूपये की एक मुश्त राशि तथा बुनियादी ढांचे के आधार पर निर्धारित किया गया था। लेकिन भूमि और आधारभूत ढांचे के मूल्य को अभी खाते में दिखाया जाना है क्योंकि बी बी एम पी द्वारा सम्पत्ति कर निर्धारण न होने से खाते का अन्तरण के टी पी ओ के नाम में नहीं किया गया है।

निदेशक मंडल ने दिनांक 29.9.2006 की अपनी 15वीं बैठक में यह संकल्प किया था कि प्रत्येक 1000 रु. मूल्य के 99,450 इक्विटी शेयर आई टी पी ओ को उनके खाते में वर्तमान शेयर आवेदन राशि के आधार पर आबंटित कर दिये जायें। यह भी संकल्प किया गया कि आई टी पी ओ को शेयर सर्टिफिकेट जारी कर दिये जायें और आबंटन की रिटर्न कम्पनी रजिस्ट्रार के यहां दाखिल कर दी जाय। परन्तु आई टी पी ओ को शेयर आबंटित नहीं किये जा सके क्योंकि आई टी पी ओ और कर्नाटक सरकार के आई ए डी बी के बीच एक आन्तरिक करार है कि राशि का निवेश के टी पी ओ में क्रमश: 51 प्रतिशत और 49 प्रतिशत की दर से किया जाय। वर्तमान स्थिति में चूंकि के आई डी बी ए ने आधारभूत संरचना की कुल लागत का ब्यौरा नहीं दिया है। अत: भूमि और आधारभूत संरचना का पूंजीकरण लम्बित है और इसीलिए आई टी पी ओ और के आई ए डी बी (कर्नाटक सरकार) को शेयरों का आबंटन भी लम्बित है।

22. के टी पी ओ द्वारा पचास एकड़ विकसित भूमि का कब्जा

समस्त 50 एकड़ भूमि के टी पी ओ के कब्जे में है। के आई ए डी बी ने सम्पूर्ण भूमि के स्वामित्व का विलेख के टी पी ओ को जारी कर दिया है और यह विलेख दिनांक 15-12-2010 के विलेख द्वारा पंजीकृत है। कर्नाटक सरकार ने रजिस्ट्रेशन फीस और स्टाम्प ड्यूटी से पूरी छूट दे दी थी। सम्पत्ति कर का खाता अभी तक के टी पी ओ के नाम में अंतरित नहीं हुआ है। क्योंकि आधारभूत संरचना की कुल लागत का ब्यौरा के आई ए डी बी ने नहीं दिया है। इसलिए भूमि और आधारभूत संरचना लागत का पूंजीकरण लम्बित है।

के टी पी ओ के खाते में प्रदर्शनी परिसर का पूंजीकरण आई टी पी ओ के निर्देशों के आधार पर किया गया। कर्नाटक सरकार (के आई ए डी बी) की भूमि और बाहरी आधारभूत ढांचे की लागत का पूंजीकरण अभी किया जाना है क्योंकि यह खाता के टी पी ओ के नाम में अंतरित नहीं हुआ है।

23. आय कर

(क) संगठन ने आय कर नियम 1961 की धारा 10(23ग) (iv) के अन्तर्गत निर्धारण वर्ष 2008-09 तक के लिए छूट प्राप्त की थी। इस संगठन ने इस छूट को आगे निर्धारण वर्ष 2010-11 और 2011-12 के लिए आगे बढ़ाने का आवेदन किया था जो क्रमश: वित्त वर्ष 2009-10 और 2010-11 के लिए प्रासंगिक होता। इसके उत्तर में मुख्य आयकर आयुक्त ने आयकर अधिनियम 1961 की धारा 10 (23ग) (iv) के अन्तर्गत स्वीकृति का नवीकरण करने के आवेदन को रद्द कर दिया था। परन्तु मुख्य आयकर आयुक्त ने इसके लिए जो कारण बताये थे वे हैं: (क) निर्धारण वर्ष 2009-10 के लिए विलम्ब से आवेदन किया गया क्योंकि आवेदन 4.02.2010 को दिया गया था जो कि 31.3.2009 से पहले दिया जाना चाहिए था। (ख) निर्धारण वर्ष 2010-11 और 2011-12 के लिए आवेदन पत्रों को इस आधार पर अस्वीकृत कर दिया गया कि कम्पनी के कार्यकलाप आय कर अधिनियम की धारा 2(15) के संशोधित उपबंधों से प्रभावित होते हैं। संगठन ने माननीय कर्नाटक उच्च न्यायालय में एक रिट याचिका दायर की थी जिसमें मुख्य आयकर आयुक्त के अस्वीकृति आदेश को चुनौती दी गयी थी। माननीय कर्नाटक उच्च न्यायालय ने आदेश पारित करके आय कर अधिनियम की धारा 10(23ग) (iv) के अन्तर्गत मुख्य आयकर आयुक्त द्वारा पारित उन आदेशों को निरस्त कर दिया था और जिससे कम्पनी द्वारा स्वीकृति के पुनर्नवीकरण

को अस्वीकृत कर दिया गया था उसके साथ ही विभाग को यह निर्देश दिया गया था कि वह भविष्य में ऐसा अवसर आने पर पंजीकरण वापस लेने अथवा अन्यथा निर्णय करने का कार्य करें।

वर्ष के दौरान आयकर उपनिदेशक (छूट) बंगलौर ने कर निर्धारण कार्यवाही पूरी कर ली थी और निर्धारण वर्ष 2010-11 के संबंध में निर्धारण आदेश पारित कर दिये थे। दिनांक 25.2.2013 के निर्धारण आदेश में (जो कम्पनी को 12.3.2013 को प्राप्त हुआ था।) निर्धारण अधिकारी ने कहा था कि केटीपीओ कम्पनी अधिनियम की धारा 2 (15) के उपबंध के अन्तर्गत आता है और परिणामत: धारा 11 के अन्तर्गत कम्पनी द्वारा क्लेम की गयी छूट से इन्कार कर दिया था। निर्धारण वर्ष 2010-11 के लिए कोई कर देयता नहीं है क्योंकि आय कर उपनिदेशक (छूट) बंगलौर द्वारा पारित निर्धारण आदेश के अनुसार वर्ष के दौरान व्यय से अधिक कोई आय नहीं है। इसके उत्तर में कम्पनी ने 09.04.2013 को बंगलौर में माननीय आय कर आयुक्त (अपील) - v के समक्ष एक अपील दायर करके कहा कि (क) यह कम्पनी कम्पनी अधिनियम की धारा 2(15) के संशोधित उपबंधों से प्रभावित नहीं होती और (ख) कम्पनी अधिनियम की धारा 10(23ग) (iv) के अन्तर्गत छूट का दावा करने की हकदार है।

संगठन को 26.02.2013 को आय कर के अपर आयुक्त (टैक.) - i से एक नोटिस प्राप्त हुआ था जिसमें निर्धारण वर्ष 2003-4 से 2008-9 तक के लिए अधिनियम की धारा 10 (23ग) (iv) के अन्तर्गत प्रदत्त स्वीकृति को 1.4.2009 से अर्थात धारा 2(15) के संशोधन की तारीख से और उसके बाद के लिए वापस ले लिये जाने का प्रस्ताव किया था। कम्पनी ने 16.4.2013 और 10.5.2013 को इस वापिस प्रस्ताव पर पुनर्विचार करने के लिए लिखित आवेदन किया था।

(ख) संगठन ने दिनांक 25.3.2003 के प्रमाण पत्र संख्या डी आई टी (ई)/12ए/वौल्यूम-1/डब्ल्यु 1/के-680/02-03 के द्वारा आयकर अधिनियम 1961 की धारा 12 (क) के अन्तर्गत 6-12-2000 के भूतलक्षी प्रभाव से छूट प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया था। संगठन को आयकर नियम 1961 की धारा 12 क क के अन्तर्गत रजिस्ट्रेशन को रद्द किये जाने के लिए कारण बताओ नोटिस प्राप्त हुआ है। इसके उत्तर में संगठन ने दिनांक 27.4.2011 और 17.10.2011 को औचित्य पत्र दाखिल किये थे और इसके अस्वीकृत प्रस्ताव पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया है और इस संबंध में विभाग से और आगे कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई।

(ग) उपर्युक्त को देखते हुए आयकर देयता के लिए खाते में कोई प्रावधान नहीं किया गया।

24. सेवा कर

सेवा कर विभाग द्वारा 2005-6 से लेकर 2007-8 तक के संबंध में की गयी लेखा-परीक्षा के पश्चात् कम्पनी को वर्ष के दौरान अपर आयुक्त, सेवाकर, आयुक्त कार्यालय बंगलौर-27 द्वारा पारित मूल आदेश प्राप्त हुआ था जिसमें वित्त अधिनियम 1994 की धारा 73 (2) के अन्तर्गत ब्याज सहित (जिसकी राशि निर्धारित नहीं की गयी थी) और धारा 75-76 और 78 के अन्तर्गत इसकी राशि (जो निर्धारित नहीं की गयी थी) के सहित 5,86,430 रुपये के सेवा कर की मांग की गयी थी।

सेवा कर कानून परामर्शदाता की सुनिश्चित राय के आधार पर कम्पनी की राय में जन सेवाओं के बारे में कर की मांग की गयी है वे सेवा कर के दायरे के अन्तर्गत आने वाली सेवाओं में शामिल नहीं हैं। तद्नुसार 11,77,008 की राशि (जिसमें सेवा कर की 5,86,430 रुपये की राशि और 4,43,970 रुपये की ब्याज की राशि और 1,46,608 रुपये की शास्ति की राशि शामिल है) जमा की गयी थी और अन्य अग्रिम (अनारक्षित और अच्छे समझे गये) शीर्ष के अन्तर्गत दिखायी गयी थी। इसलिए कम्पनी ने सेवा कर आयुक्त (अपील) के समक्ष इस मांग को चुनौती दी है और खातों में कोई प्रावधान नहीं किया गया है। यह मुद्दा सेवा कर आयुक्त (अपील) के समक्ष लंबित है।

कर्नाटक ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन

25. सम्पत्ति कर

कम्पनी को 7.12.2010 को सहायक राजस्व कार्यालय, हुडी, बंगलौर से एक नोटिस प्राप्त हुआा था जिसमें वर्ष 2008-09 से 2010-11 तक की अवधि के लिए परिसर के सम्पत्ति कर का भुगतान करने के लिए कहा गया था। सम्पत्ति कर की अदायगी का मामला कर्नाटक सरकार के सी ऐण्ड आई विभाग की जानकारी में लाया गया था और सरकार से के टी पी ओ को आई टी पी ओ - भारत सरकार और कर्नाटक सरकार के बीच 16.2.1999 को हुए समझौता ज्ञापन के अनुसार सम्पत्ति कर से छूट देने का अनुरोध किया गया था जिसमें बताया गया था कि राजस्व और अन्य करों से सभी कर रियायतें कर्नाटक सरकार द्वारा दी जायेंगी। तद्नुसार सी ऐण्ड आई विभाग के प्रधान सचिव ने 22.1.2011 को यह मामला शहरी विकास विभाग के साथ उठाया था और कहा गया था कि के टी पी ओ को सम्पत्ति कर के भुगतान से छूट दी जाय और बी बी एम पी द्वारा के टी पी ओ को जारी किया गया नोटिस रोक लिया जाय। कम्पनी कर्नाटक सरकार के शहरी विकास विभाग के साथ अनुवर्ती कार्यवाही कर रही है और इस संबंध में अनुकूल निर्णय की आशा करती है।

5.3.2012 को संगठन को 15.2.2012 के पत्र द्वारा सहायक राजस्व अधिकारी हुडी बंगलौर से एक सूचना प्राप्त हुई थी जिसमें यह बताया गया था कि के एम सी अधिनियम 1796 की धारा 110 के अनुसार ई पी आई पी इण्डस्ट्रियल एरिया में स्थित के टी पी ओ को सम्पत्ति कर से छूट देने का कोई प्रावधान नहीं है। इस पत्र को देखते हुए आगे कार्यवाही करने और सरकार, सी ऐण्ड आई विभाग और के टी पी ओ के बोर्ड को भुगतान के बारे में निर्णय करने की सूचना देने के लिए बी बी एम पी के वर्तमान दावों का सत्यापन किया गया है। उपलब्ध गणनाओं और बी बी एम पी से प्राप्त नोटिस का सत्यापन करने पर यह पाया गया है कि निर्मित क्षेत्र के लिए 8 रुपये प्रति वर्ग फुट की दर औद्योगिक बिल्डिंगों के अधीन वर्तमान परिसरों पर लागू की गयी है जबकि यह संगठन पब्लिक सेक्टर इण्डस्ट्रियल बिल्डिंग (राज्य सरकार अथवा केन्द्रीय सरकार या संयुक्त उद्यम) की श्रेणी xiv के अंतर्गत आती है। जिसके लिए सैल्फ एसेसमेंट स्कीम के अन्तर्गत बी बी एम पी द्वारा उपलब्ध करायी गयी पुस्तिका के अनुसार उद्योग का आकार कुछ भी होने पर 3 रुपये प्रति वर्ग फीट की दर लागू होती है। इसलिए कम्पनी ने बी बी एम पी के संयुक्त आयुक्त को लिखा था और 17.11.2012 को यह अनुरोध किया था कि इस मामले में और आगे कार्यवाही करने के लिए सम्पति कर की संशोधित मांग जारी की जाये। 17.11.2012 को संयुक्त आयुक्त बीबीएमपी ने एक पत्र जारी किया था जिसमें पहली बार शास्ति सहित 2012-13 तक के लिए सम्पत्ति कर की मांग की गयी थी। केटीपीओ के निदेशक मण्डल ने उपर्युक्त तथ्यों पर विचार किया था और निदेशक मण्डल के निर्णय के अनुसार कम्पनी ने कर्नाटक सरकार के सी ऐण्ड आई विभाग एआरओ/बीबीएमपी/हुडी द्वारा जारी किये गये उस पृष्ठाकंन के बारे में लिखा था और जिसमें यह बताया गया था कि केटीपीओ के भवनों को सम्पत्ति कर से छूट देने का कोई प्रावधान नहीं है और संयुक्त आयुक्त बीबीएमपी महादेवपुरा से 17.11.2012 को क्लेम प्राप्त हुआ था। कम्पनी ने यह भी बताया कि कर्नाटक सरकार के सीएण्डआई विभाग के प्रधान सचिव और आईटीपीओ/भारत सरकार के चेयरमैन के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन को देखते हुए उसकी शर्तों और निबंधनों की बाध्यता को पूरा करने के लिए छूट प्रदान किये जाने हेतु सीएण्डआई विभाग की सिफारिश के उत्तर में स्वीकृति अथवा अस्वीकृति के संबंध में यूडीडी/कर्नाटक सरकार से कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

कम्पनी ने बी बी एम पी की मांगों के अनुरूप वर्ष 2007-8 से वर्ष 2012-13 तक की अवधि के लिए सम्पत्ति कर की मद में 1,47,39,722 रुपये की राशि का प्रावधान किया है। खातों में वर्षवार किये गये प्रावधान का ब्यौरा इस प्रकार है:-

2007-08	28,78,787/-
2008-09	23,72,187/-
2009-10	23,72,187/-
2010-11	23,72,187/-
2011-12	23,72,187/-
2012-13	23,72,187/-
योग	**1,47,39,722/-**

इसके अतिरिक्त यह सम्पत्ति 15.12.2010 को के टी पी ओ के नाम में पंजीकृत की गयी। के टी पी ओ को सम्पत्ति कर का भुगतान किस तारीख से करना है, उस प्रभावी तारीख का निर्धारण करने के लिए उक्त तारीख को ध्यान में रखना पड़ेगा। इसके अतिरिक्त प्रोपर्टी टैक्स के सम्पत्ति कर की मद में 2012-13 तक के लिए उपलब्ध करायी गयी राशि वर्तमान दावों पर आधारित है और उसमें संशोधन होने की संभावना है तथा बी बी एम पी से उत्तर प्राप्त होने की आशा है और संशोधित दावे की राशि पहले किये गये प्रावधान से अधिक नहीं होगी।

उपर्युक्त को देखते हुए और इस बात के मद्देनजर कि सम्पत्ति कर की सही देनदारी का निर्धारण अभी होना है, दांडिक ब्याज का प्रावधान खातों में नहीं किया गया है क्योंकि छूट दिये जाने का मुद्दा सीऐण्डआई/कर्नाटक सरकार के यूडीडी विभाग के पास लंबित है। इस संबंध में कार्यवाही उपयुक्त विभागों द्वारा दी गयी निर्णय की सूचना के आधार पर, निदेशकमंडल की स्वीकृति से की जाएगी।

26. पार्टियों के खाते में शेष राशि सत्यापन और पुनर्मिलान के अधीन है।

27. विविध ऋणदाताओं में लघु उद्योग की ओर शून्य रुपये की बकाया सम्मिलित है जो 30 दिन से अधिक और प्रति पार्टी एक लाख रुपये से अधिक से बकाया है, (पिछले वर्ष - शून्य रुपये)।

28. सेगमेंट रिपोर्टिंग

कम्पनी केवल एक सेगमेंट - प्रदर्शनियों के लिए परिसर किराये पर देने के कार्य में लगी है। अत: अलग से किसी रिपोर्टिंग की आवश्यकता नहीं है।

कृते और निदेशक मण्डल की ओर से

हमारी समतिथि की रिपोर्ट
कृते एम.के. भंसाली ऐण्ड कम्पनी
चार्टर्ड लेखाकार
(रजि. नं. 000446 एस)

ह./-	ह./-	ह./-
(सी. वीरभद्रैय्या)	**(एम. महेश्वर राव, आई ए एस)**	**(महेन्द्र कुमार)**
प्रबंध निदेशक	निदेशक	साझेदार
		सदस्यता संख्या - 027218

स्थान: बंगलौर
दिनांक: 18.7.2013

31.03.2013 dk lekIr o"k dk d'k ¶yk fooj.k

(jkf'k & :i; e)

	31.03.2013 dk lekIr o"k d fy,	31.03.2012 dk lekIr o"k d fy,
d- lpkyu dk;dykik l d'k ¶yk		
चालू संचालनों से कर पूर्व व्यय से अधिक आय	5,73,62,602.36	2,84,12,426.69
गैर नकदी समायोजन – मूल्यह्रास	98,57,930.00	1,09,86,998.00
ब्याज से आय (फिक्स्ड डिपोजिट से)	(1,99,25,940.93)	(1,41,83,731.84)
कार्यशील पूंजी परिवर्तनों से पूर्व परिचालन व्यय से अधिक आय	4,72,94,591.43	2,52,15,692.85
कार्यशील पूंजी में परिवर्तन		
अन्य चालू देयताओं में वृद्धि	39,90,932.10	52,03,004.90
अल्पावधि प्रावधान में वृद्धि	2,14,551.00	53,480.00
अल्पावधि ऋणों और अग्रिमों में कमी/वृद्धि	(1,26,13,536.56)	77,75,972.05
अन्य चालू परिसम्पतियों में वृद्धि	(17,47,942.00)	(44,45,765.73)
ifjpkyu dk;dykik l fuoy d'k ¶yk	**3,71,38,595.97**	**3,38,02,384.07**
[k- fuo'k dk;dykik l d'k ¶yk		
स्थायी परिसम्पतियों (मूर्त) की खरीद	(41,743.00)	(31,49,140.00)
बैंक जमाओं में निवेश		
(तीन महीने से अधिक की मूल परिपक्वता वाली)	(5,68,55,596.00)	(4,58,33,670.00)
फिक्स्ड डिपाजिट से प्राप्त ब्याज	1,99,25,940.93	1,41,83,731.84
fuo'k dk;dykik l fuoy d'k&¶yk	**(3,69,71,398.07)**	**(3,47,99,078.16)**
x- foÙkh; dk;dykik l fuoy d'k&¶yk		
दीर्घावधि ऋणों में वृद्धि	---	26,91,862.00
foÙkh; dk;dykik l fuoy d'k&¶yk	**---**	**26,91,862.00**
01- udnh vkj udnh lEkrY; e fuoy of) ¼deh½	**1,67,197.90**	**16,95,167.91**
02- o"k d vkjEHk e udnh vkj udnh lEkrY;	**(3,24,385.64)**	**(20,19,553.55)**
03- o"k dh lekIr ij udnh vkj udnh lEkrY;	**(1,57,187.74)**	**(3,24,385.64)**
udnh lEkrY;k d l?kVd & 'k"k jkf'k		
अपने पास नकदी	7,578.75	13,192.00
cpr cd@pkyw [kkrk e 'k"k	(1,64,766.49)	(3,37,577.64)
dy udnh lerY; & fVIi.kh l[;k 10	**(1,57,187.74)**	**(3,24,385.64)**

Ñr ,o fun'kd e.My dh vkj l

हमारी समतिथि की रिपोर्ट के अनुसार
कृते एम.के. भंसाली ऐण्ड कम्पनी
चार्टर्ड लेखाकार
(पंजीकरण संख्या 000446एस)

ह./–	ह./–	ह./–
(सी. वीरभद्रैय्या)	(एम. महेश्वर राव, आई ए.एस)	(महेन्द्र कुमार)
प्रबंध निदेशक	निदेशक	मालिक
		सदस्यता संख्या 027218

स्थानः बंगलौर
दिनांक: 18/7/2013

स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट

1. वित्तीय विवरणों पर रिपोर्ट

हमने मैसर्स कर्नाटक ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन के 31 मार्च 2013 को यथास्थिति संलग्न वित्तीय विवरण जिनमें तुलन-पत्र, उसी तारीख को समाप्त वर्ष के लिए कम्पनी के आय एवं व्यय लेखे और उसके साथ संलग्न कैश-फ्लो विवरण तथा कम्पनी अधिनियम 1956 की संशोधित अनुसूची VI के अनुसार उस पर की गयी टिप्पणियां और महत्त्वपूर्ण लेखा गणना नीतियों और व्याख्यात्मक जानकारी सम्मिलित हैं, की लेखा परीक्षा की है।

2. वित्तीय विवरणों के लिए प्रबंधन की जिम्मेदारी

ये वित्तीय विवरण जो कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 211 की उपधारा 3(ग) में निर्दिष्ट लेखा गणना मानकों के अनुसार कम्पनी की वित्तीय स्थिति, वित्तीय कार्य निष्पादन और कैश-फ्लो की सही और स्पष्ट स्थिति प्रस्तुत करते हैं, को तैयार करना प्रबंधन की जिम्मेदारी है। इस जिम्मेदारी में इन वित्तीय विवरणों को तैयार करने की दृष्टि से प्रासंगिक ऐसे आंतरिक नियंत्रणों को लागू करना और उन्हें लागू रखना शामिल है जो सारभूत गलतबयानी से रहित हों चाहे वह धोखा-धड़ी के कारण हुई हो या किसी त्रुटि के कारण।

3. लेखा परीक्षकों की जिम्मेदारी

हमारी जिम्मेदारी लेखा परीक्षा के आधार पर इन वित्तीय विवरणों के बारे में अपना मत व्यक्त करने की है।

हमने यह लेखा परीक्षा भारत में सामान्यत: स्वीकृत उन लेखा परीक्षा मानकों के अनुसार की है जो इंस्टीट्यूट ऑफ एकाउन्टैंट्स ऑफ इण्डिया द्वारा जारी किये गये हैं। इन मानकों में यह अपेक्षा की जाती है कि हम इस बारे में इस आशय का तर्कसंगत आश्वासन प्राप्त करने की योजना बनाएं और उसके अनुसार लेखा परीक्षा करें कि इन वित्तीय विवरणों में कोई गलत कथन नहीं किया गया है।

लेखा परीक्षा में ऐसी प्रक्रियाओं का निष्पादन होता है जिनसे वित्तीय विवरणों में दी गयी राशियों और प्रकटीकरण के बारे में लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त हो सकें। चुनी गयी प्रक्रियाएं वित्तीय विवरणों में की गयी मेटीरियल गलत बयानी, चाहे वह धोखा-धड़ी के कारण हुई हो या त्रुटि से, के जोखिमों के मूल्यांकन सहित लेखा परीक्षकों के निर्णय पर निर्भर करती है। इन जोखिमों का निर्धारण व मूल्यांकन करते समय लेखा परीक्षक ऐसे आंतरिक नियंत्रण पर विचार करता है जो कम्पनी के वित्तीय विवरण तैयार करने और उन्हें समुचित रूप से प्रस्तुत करने की दृष्टि से प्रासंगिक हो जिससे ऐसी लेखा परीक्षाएं डिजाइन की जायें जो विद्यमान परिस्थिति में उपयुक्त हों। लेखा परीक्षा के अन्तर्गत उपर्युक्त लेखा नीतियों की समुचितता और प्रबंधन द्वारा लगाये गए लेखा अनुमानों की उपयुक्तता का मूल्यांकन करने के साथ-साथ वित्तीय विवरणों की समग्र प्रस्तुतीकरण का मूल्यांकन भी किया जाता है। हमारा ये विश्वास है कि हमने जो लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त किये हैं वे पर्याप्त हैं और लेखा परीक्षा संबंधी हमारी राय के लिए आधार प्रदान करने की दृष्टि से समुचित हैं।

4. विशेषीकृत राय आधार

(क) सम्पत्ति कर की गैर-अदायगी पर शास्ति (ब्याज) का प्रावधान नहीं किया जाना।

आपका ध्यान सम्पत्ति कर के मुद्दे पर वित्तीय विवरणों सम्बंधी टिप्पणियों की टिप्पणी 25 की ओर दिलाया जाता है। कम्पनी के ए आर ओ, बी बी एम पी और जे सी, बी सी एम पी महादेवपुर से प्राप्त मांगों के आधार पर वर्ष 2007-8 से 2012-13 तक के वर्षों के लिए देय सम्पत्ति कर के बारे में 1,47,39,722 रुपये का प्रावधान किया था हालांकि कम्पनी ने सम्पत्ति कर की संगणना और मांगे गये कर की राशि पर आपत्ति की है। कम्पनी के अनुसार वर्ष 2008-9 से 2012-13 तक के वर्षों के लिए कम्पनी द्वारा देय सम्पत्ति कर की राशि

कर्नाटक ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन

82,32,965 रुपये बैठती है और तद्नुसार कम्पनी ने भी बी बी एम पी से अपनी मांग को सरकारी संगठन पर लागू होने के अनुसार संशोधित करने का अनुरोध किया था और मामला अभी बी बी एम पी के समक्ष लम्बित है। चूंकि कम्पनी ने बी बी एम पी से प्राप्त डिमाण्ड नोटिसों के अनुसार सम्पत्ति कर के संबंध में पर्याप्त प्रावधान कर लिया है जो बी बी एम पी द्वारा विलंबित भुगतान के लिए लगाये जाने वाले ब्याज के हिस्से को पूरा करने के लिए पर्याप्त होगा। सम्पत्ति कर की वर्तमान मांग के अनुसार ब्याज की अनुमानित राशि 96,98,312 रुपये बैठती है जिसके परिणामस्वरूप वर्ष 2012-13 में 31,78,333 रुपये के अधिशेष (व्यय के मुकाबले अधिक आय) और उससे पहले की अवधियों के लिए अधिशेष की यह राशि 65,19,979 रुपये अधिक दिखायी गयी है और देनदारियों के विवरण के अन्तर्गत 96,98,312 रुपये दिखाये गये हैं।

कम्पनी को संपत्ति कर की अदायगी से छूट देने के लिये कम्पनी की दिनांक 12.12.2012 की कर्नाटक सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग विभाग को भेजी गयी याचिका, कर्नाटक सरकार और भारत सरकार के बीच हुए समझौता ज्ञापन को देखते हुए कर्नाटक सरकार के पास लंबित है।

(ख) के आई ए डी बी को अन्तरित विकसित भूमि का गैर पूंजीकरण - 10 करोड़ रुपये।

(i) आपका ध्यान विकसित भूमि के मुद्दे पर वित्तीय विवरणों संबंधी टिप्पणियों की टिप्पणी संख्या 22 की ओर आकर्षित किया जाता है।

(ii) कर्नाटक सरकार के के.आई. ए. डी. बी. और आई टी पी ओ (संयुक्त प्रमोटरों) के बीच हुए दिनाँक 16.02.1999 के समझौता ज्ञापन के खण्ड 8 (iii) के अनुसार के आई ए डी बी प्रदर्शनी परिसर के लिए के आई ए डी बी द्वारा चुनी गयी और आई टी पी ओ द्वारा अभिज्ञात स्थान में आधारभूत ढांचे के साथ 50 एकड़ विकसित भूमि संयुक्त उद्यम कम्पनी को हस्तांतरित करेगा और उसके अतिरिक्त उक्त भूमि पर आधारभूत ढांचे के विकास हेतु बाउन्ड्री वाल, सड़कों, परिवहन, जल, विद्युत, टेलीफोन और दूर-संचार आदि का परियोजना की अपेक्षानुसार निर्माण करने की व्यवस्था भी करेगा।

(iii) विनिर्दिष्ट समझौता ज्ञापन के खण्ड 8 (iv) के अनुसार 50 एकड़ विकसित भूमि का मूल्य 10 करोड़ रुपये निश्चित किया गया है जिसे कर्नाटक सरकार के के आई ए डी बी से प्राप्त पूँजी अंशदान माना जाना चाहिए। विकसित भूमि का मूल्य जो 10 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है, के बारे में कोई अस्पष्टता नहीं है।

(iv) यद्यपि कम्पनी के पास 50 एकड़ भूमि का कब्जा 4/11/1999 से है और कम्पनी ने उस भूमि पर आई टी पी ओ के माध्यम से प्रदर्शनी परिसर का निर्माण कर लिया था और उक्त प्रदर्शनी परिसर को 2005-06 के दस्तावेजों में दिखाया गया था और कम्पनी तभी से उस प्रदर्शनी परिसर से राजस्व प्राप्त कर रही है तथा यद्यपि विकसित भूमि के आई ए डी बी द्वारा कम्पनी के पक्ष में निष्पादित दिनॉक 15/02/2010 के विक्रय-विलेख (सेल-डीड) द्वारा कम्पनी के पक्ष में पंजीकृत था और इस तथ्य के बावजूद कि इस भूमि के बिक्री प्रतिफल का भुगतान के टी पी ओ द्वारा के आई ए डी बी को कर दिया गया है और उसका स्पष्टत: उल्लेख उक्त बिक्री नामे में कर दिया गया है। कम्पनी ने 50 एकड़ विकसित भूमि अपने खाते में नहीं दिखायी। इसके परिणामस्वरूप स्थाई परिसम्पत्तियां कम दिखायी गयी और के.आई.ए.डी.बी., जो कर्नाटक सरकार का प्रतिनिधित्व करता है, की ओर से प्राप्त होने वाली इक्विटी/ देनदारी की राशि 10 करोड़ रुपये कम दिखायी गयी है।

(ग) बाहरी बुनियादी ढांचे के विकास के लिए कर्नाटक सरकार द्वारा के आई ए डी बी को जारी की गयी 585 लाख रुपये की राशि दर्ज न किया जाना।

(i) आपका ध्यान विकसित भूमि के मुद्दे और बुनियादी ढांचे की लागत के ब्यौरे के मुददे के बारे में वित्तीय विवरणों संबंधी टिप्पणियों की टिप्पणी संख्या 22 की ओर आकर्षित किया जाता है।

(ii) कर्नाटक सरकार- के आई ए डी बी तथा आई टी पी ओ को (संयुक्त प्रमोटरों) के बीच 16.2.1999 को हुए समझौता ज्ञापन के खण्ड 8 (iii) के अनुसार के आई ए डी बी व्हाइट फील्ड एरिया में प्रदर्शनी परिसर के लिये 50 एकड़ विकसित भूमि तथा आधारभूत ढांचे को संयुक्त उद्यम कम्पनी को के. आई. ए. डी. बी. द्वारा चुनी गयी तथा आई. टी. पी. ओ. द्वारा अभिज्ञात स्थल में अन्तरित करेगा और इसके अतिरिक्त उक्त भूमि में बाउण्ड्री वाल, सड़कें, परिवहन, जल, बिजली, टेलीफोन और दूर संचार आदि आधारभूत ढांचे का निर्माण-विकास परियोजना की अपेक्षा के अनुसार करेगा।

(iii) आपका ध्यान इस मुद्दे पर कम्पनी द्वारा के आई ए डी बी को दिनांक 30.3.2012 को लिखित पत्र की ओर आकर्षित किया जाता है। उस पत्र में यह स्वीकार किया गया है कि उपर्युक्त उप-पैरा (ii) में उल्लिखित रूप में कर्नाटक सरकार ने बाहरी ढांचे की व्यवस्था करने के अपने दायित्व के अनुरूप के. आई. ए. डी. बी. को 585 लाख रुपये जारी कर दिये थे और उपर्युक्त कार्य, के आई ए डी बी द्वारा किये जाने के लिए सौंप दिया था। इसके परिणामस्वरूप कर्नाटक सरकार से इक्विटी/अधीनस्थ ऋण की राशि कम दिखायी गयी और के आई ए डी बी को दिये गये अग्रिम की राशि भी कम दिखायी गयी थी। इसके अतिरिक्त कम्पनी ने बुनियादी ढांचे की लागत का ब्यौरा भी प्राप्त नहीं किया था और उसके परिणामस्वरूप स्थायी परिसम्पत्तियों और चालू पूँजीगत निर्माण कार्य कम दिखाया गया जिसका उतना ही प्रभाव के आई ए डी बी को दिये गये अग्रिम पर भी पड़ा। यदि कर्नाटक सरकार, द्वारा जारी की गई राशि पूर्व उल्लिखित रूप में दर्ज की जाती तो पूर्ण की गयी परिसम्पत्तियों के संबंध में मूल्यह्रास के कारण अधिशेष (व्यय से अधिक आय) पर उसका परिणामी प्रभाव होता।

(घ) वित्त वर्ष 2008-9 से 2012-13 तक के लिए आय कर का प्रावधान न किया जाना।

(i) आपका ध्यान आय कर प्रावधान के मुद्दे पर टिप्पणी संख्या 23 की ओर आकर्षित किया जाता है। मुख्य आयकर आयुक्त ने निर्धारण वर्ष 2009-10 के लिये आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 10 (23ग) (iv) के अन्तर्गत, स्वीकृति के नवीकरण के लिये दिये गये आवेदन को अस्वीकृत कर दिया था और निर्धारण वर्ष 2010-11 तथा 2011-12 के लिये दिये गये आवेदन आयकर अधिनियम की धारा 2(15) के संशोधित उपबंध से प्रभावित हुए हैं। कम्पनी ने अपनी रिटयाचिका में आय कर आयुक्त के उक्त आदेश को चुनौती दी थी और माननीय कर्नाटक उच्च न्यायालय ने, आयकर अधिनियम की धारा 10(23ग) (iv) के अन्तर्गत, कम्पनी द्वारा मांगे गये तथा उसी समय विभाग को निदेश दिया था कि वह भविष्य में ऐसा अवसर उत्पन्न होने पर रजिस्ट्रेशन की वापसी या अन्यथा निर्णय करे।

(ii) कम्पनी को वित्त वर्ष के दौरान निर्धारण वर्ष 2010-11 के लिए उस वर्ष के निर्धारण पूरा हो जाने के बाद एक निर्धारण आदेश प्राप्त हुआ और धारा 12 क के अन्तर्गत कम्पनी के रजिस्ट्रेशन के दावे को अस्वीकृत कर दिया गया है। यह कहा गया है कि कम्पनी की आय आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 11 के अन्तर्गत छूट के लिये पात्र नहीं है। कम्पनी ने आयकर उपनिदेशक (छूट), बंगलौर के ऊपर उल्लिखित आदेश के विरुद्ध 9.4.2013 को माननीय आयकर आयुक्त (अपील) के समक्ष एक अपील दायर की है और वह लंबित है।

(iii) कम्पनी ने दिनांक 25.3.2003 के प्रमाण पत्र द्वारा धारा 12 क के अन्तर्गत छूट प्रमाण पत्र भी प्राप्त कर लिया था। कम्पनी को दिनांक 11.4.2011 को आय कर निदेशालय (छूट) से कारण बताओ नोटिस प्राप्त हुआ था जिसमें आय कर अधिनियम 1961 की धारा 12 क क(3) के अन्तर्गत प्रदत्त पंजीकरण को रद्द करने का प्रस्ताव किया गया था। कम्पनी ने दिनांक 27.4.2011 और 17.10.2011 के अपने पत्रों द्वारा आयकर निदेशालय को इस आशय का अभ्यावेदन किया था कि पंजीकरण रद्द करने का प्रस्ताव छोड़ दिया जाय क्योंकि इस मुद्दे पर निर्धारण के समय ही कार्यवाही की जानी चाहिए थी। इस संबंध में अभी निर्णय की प्रतीक्षा है।

(iv) जैसा कि ऊपर बताया गया है निर्धारण वर्ष 2010-11 को छोड़ कर निर्धारण वर्ष 2008-9 से 2012-13 तक के लिए कम्पनी द्वारा दाखिल की गयी आयकर विवरणियां निर्धारण के लिए लम्बित हैं। इसके अतिरिक्त वर्ष के दौरान कम्पनी को 26.2.2013 को निर्धारण वर्ष 2003 से 2008-09 के लिये प्रदत्त मूल स्वीकृति को 1.4.2009 से रद्द करने का और धारा 10(23ग) (iv) के अन्तर्गत रजिस्ट्रेशन कराने का एक प्रस्ताव अतिरिक्त आयकर आयुक्त से टैक -1 प्राप्त हुआ था जिससे कम्पनी को पहले प्रदत्त शाश्वत रजिस्ट्रेशन का स्टेंड प्रभावित होता। कम्पनी ने उक्त अतिरिक्त आयकर आयुक्त टैक-1 द्वारा भेजे गये रजिस्ट्रेशन रद्द किये जाने के प्रस्ताव के विरुद्ध 16.4.2013 और 10.5.2013 को लिखित निवेदन किया है। उपर्युक्त तथ्यों को देखते हुए कम्पनी को दूरदर्शिता की अवधारणा के आधार पर कर संबंधी देनदारी का हिसाब-किताब लगा लेना चाहिए था और अपने खातों में उसकी व्यवस्था कर लेनी चाहिए थी। इससे अधिशेष (व्यय से अधिक आय) पर और कम्पनी की देनदारी पर प्रभाव पड़ता है। पर्याप्त आंकड़े/सूचना न होने के कारण रद्द कर की राशि निर्धारित नहीं की गयी और हम इसके परिणाम स्वरूप उत्पन्न होने वाली देनदारी की राशि के बारे में टिप्पणी करने में असमर्थ हैं।

5. राय

हमारी राय में हमारी सर्वोत्तम जानकारी एवं हमें दिये गये स्पष्टीकरणों के अनुसार विशेषीकृत राय संबंधी पैरा में वर्णित मामलों के प्रभाव को छोड़ कर, लेखा नीतियों और उनसे संबंधित टिप्पणियों के साथ पठित वित्तीय विवरणों से कम्पनी अधिनियम 1956 द्वारा अपेक्षित जानकारी अपेक्षित रूप में मिलती है और ये विवरण भारत में सामान्यत: स्वीकृत लेखा सिद्धातों के अनुरूप निम्न के संबंध में वास्तविक और सही स्थिति प्रस्तुत करते हैं:-

(i) 31 मार्च 2013 को कम्पनी के कार्य विवरण के वास्तविक तुलन-पत्र के मामले में

(ii) उसी तारीख को समाप्त वर्ष के लिए कम्पनी के आय-व्यय लेखे और व्यय से अधिक आय के मामले में

(iii) उसी तारीख को समाप्त वर्ष के लिए कैश-फ्लो संबंधी कैश-फ्लो विवरण के मामले में

6. मामले पर बल

आई टी पी ओ को 994.50 लाख रुपये के शेयरों का आवंटन न किया जाना।

आपका ध्यान इस मुद्दे के बारे में वित्तीय विवरणों संबंधी टिप्पणियों की टिप्पणी संख्या 21 की ओर आकर्षित किया जाता है। के आई ए डी बी से खरीदी गयी भूमि के स्वामित्व दस्तावेज का अंतरण होने के बावजूद बोर्ड द्वारा क्रमश: 29.09.2006 और 6.01.2007 को हुई बोर्ड की पंद्रहवीं व सोलहवीं बैठकों में लिये गये निर्णय के अनुसार उनसे प्राप्त 994.50 लाख रुपये के बारे में आई टी पी ओ को शेयरों का आबंटन नहीं किया गया। जैसाकि उक्त टिप्पणी में बताया गया है कि यह आबंटन न किये जाने का कारण यह था कि भूमि और बुनियादी ढांचे की कुल लागत का ब्यौरा न होने की वजह से भूमि

और बुनियादी ढांचे का पूंजीकरण नहीं किया गया। यदि 31.3.2013 से पहले ऐसा कर लिया गया होता, जैसा कि बोर्ड के निर्णय में उल्लेख किया गया है, तो कम्पनी अधिनियम 1956 की संशोधित अनुसूची-vi के अनुसार शेयर धारकों के फंड की प्रस्तुति बेहतर ढंग से हुई होती। इस मामले के बारे में हमारी राय विशेषीकृत नहीं है।

7. अन्य कानूनी और विनियामक अपेक्षाओं के संबंध में रिपोर्ट

(i) कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 227 (4क) के अनुसार केन्द्र सरकार द्वारा जारी कम्पनी (लेखा परीक्षक रिपोर्ट)(संशोधन) आदेश 2004 द्वारा यथासंशोधित कम्पनी (लेखा परीक्षक रिपोर्ट) आदेश 2003 के उपबंध इस कम्पनी पर लागू नहीं होते क्योंकि इस कम्पनी को कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 25 के अन्तर्गत कार्य करने के लिए लाइसेंस प्राप्त है।

(ii) कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 227 (3) के उपबंधों के अन्तर्गत, अपेक्षानुसार हम यह रिपोर्ट करते हैं कि-

(क) हमने वह सभी जानकारी और स्पष्टीकरण प्राप्त कर लिए हैं जो हमारी सर्वोत्तम जानकारी व विश्वास के अनुसार हमारी लेखा परीक्षा के प्रयोजन के लिए आवश्यक है।

(ख) हमारी राय में जहां तक कम्पनी के बहीखातों की हमारी जांच का संबंध है, से प्रतीत होता है कि कम्पनी के समुचित बहीखाते, कम्पनी द्वारा कानून की अपेक्षानुसार रखे गये हैं।

(ग) इस रिपोर्ट में शामिल तुलन-पत्र, आय-व्यय लेखा और कैश-फ्लो विवरण कम्पनी के बहीखातों से मेल खाते हैं।

(घ) हमारी राय में इस रिपोर्ट में शामिल तुलन-पत्र, आय-व्यय लेखा और कैश-फ्लो विवरण, कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 211 की उपधारा (3ग) में यथानिर्दिष्ट अनिवार्य लेखा मानकों के अनुरूप हैं।

(ङ) कम्पनी ने बताया है कि कम्पनी कार्य विभाग ने अपनी 21 अक्तूबर 2003 की अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 829 (ङ) द्वारा यह अधिसूचित किया था कि कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 274(1) (छ) सरकारी कम्पनियों पर लागू नहीं होती, इसलिए निदेशकों की निर्हता संबंधी खण्ड लागू नहीं होता।

(च) चूंकि सरकार ने कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 441क के अन्तर्गत दिये जाने वाले उपकर की दर के बारे में न तो कोई अधिसूचना जारी की है और न ही दिये जाने वाले उपकर के भुगतान की रीति निर्धारित करने के लिए उक्त धारा के अन्तर्गत कोई नियम भी जारी किये हैं। अत: कम्पनी द्वारा और उसकी तरफ कोई उपकर देय नहीं है।

कृते एम.के. भंसाली ऐण्ड कम्पनी
चार्टर्ड लेखाकार

ह./-
(महेन्द्र कुमार)
साझीदार
एम नं. 027218
एफ आर एन 000446 एस

स्थान: बंगलौर
दिनांक: 25.07.2013

कर्नाटक ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन

कर्नाटक ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन, बंगलौर के 31 मार्च 2013 को समाप्त वर्ष के लेखाओं पर कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 619(4) के अन्तर्गत भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियां

कम्पनी अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत निर्धारित वित्तीय रिपोर्टिंग फ्रेमवर्क के अनुसार **कर्नाटक ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन, बंगलौर** के 31 मार्च, 2013 को समाप्त वर्ष के वित्तीय विवरण तैयार करने की जिम्मेदारी कम्पनी प्रबन्धन की है। कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 619 (2) के अन्तर्गत भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा नियुक्त सांविधिक लेखा परीक्षक की जिम्मेदारी भारत के चार्टरित लेखापालों के संस्थान के व्यावसायिक निकाय द्वारा निर्धारित लेखा परीक्षा एवं आश्वासन मानकों के अनुसार स्वतंत्र लेखा परीक्षा के आधार पर कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 227 के अन्तर्गत इन वित्तीय विवरणों पर मत व्यक्त करना है। ऐसा दिनांक 25 जुलाई, 2013 की उनकी लेखा परीक्षा रिपोर्ट द्वारा किया गया बताया गया है।

भारत के नियंत्रक एवं महा लेखापरीक्षक की ओर से मैंने मैसर्स कर्नाटक ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन, बंगलौर के 31 मार्च, 2013 को समाप्त वर्ष के लेखाओं पर सांविधिक लेखा परीक्षक की रिपोर्ट की समीक्षा न करने का निर्णय लिया है तथा इस लिये मुझे कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 619(4) के अन्तर्गत कोई टिप्पणी नहीं करनी है।

कृते एवं भारत के नियंत्रक एवं
महालेखा परीक्षक की ओर से

ह./-
(एन. करुणाकरण)
प्रधान निदेशक, वाणिज्यिक लेखा परीक्षा
तथा भूतपूर्व पदेन सदस्य, लेखा परीक्षा बोर्ड, हैदराबाद

स्थान: हैदराबाद
दिनांक: 13 अगस्त, 2013

टिप्पणी

टिप्पणी

इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन
प्रगति भवन, प्रगति मैदान, नई दिल्ली - 110001